खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 23°C

हल्द्वानी, शनिवार 27 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 32 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





एआई की मदद से छात्रवृत्ति प्रक्रिया सरल बनाई जाएगी: योगी पेज 2





हारिस रऊफ पर गिरी आईसीसी की गाज खेल टाइम्स

प्रकृति, संस्कृति और समाज को जोड़ता सतत पर्यटन सम्पादकीय





तुर्की के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया पेज 12


## पेपर लीक करवा रही भाजपा का दूसरा नाम 'पेपर चोर पार्टी' : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तराखंड में पेपर लीक की ताजा घटना को लेकर भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए शुक्रवार को कहा कि बार-बार पेपरलीक होने की घटनाओं से युवाओं का सपना तबाह करने वाली भाजपा सरकार 'पेपर चोर' सरकार बन गई है। श्री गांधी ने कहा कि अब तक भाजपा वोट चोरी करवाकर सत्ता में आने के षड्यंत्र में लिप्त रही है, लेकिन अब इससे भी आगे निकल कर देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी के हाल में हुए पेपर लीक का हवाला दिया और कहा कि पेपर चोर हो चुकी भाजपा युवाओं की मेहनत पर पानी फेर रही है।

## हाईकोर्ट ने खारिज की राहुल गांधी की याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सिख समुदाय से जुड़े विवादित बयान को लेकर दायर निगरानी याचिका के खिलाफ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश समीर जैन की अदालत ने इस मामले में सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद तीन सितम्बर को अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था,जिस पर शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। राहुल गांधी ने वाराणसी के स्पेशल जज एमपी/एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उन्होंने वाराणसी एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा निगरानी याचिका स्वीकार किए जाने को दी थी। याचिका को खारिज कर दिया।

## डा. मनमोहन सिंह के नाम पर पुस्तकालय का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के नाम पर अनुसंधान केंद्र और पुस्तकालय का उद्घाटन किया। डा. सिंह के नाम पर स्थापित इस एक का नाम डा. मनमोहन सिंह अनुसंधान केंद्र और पुस्तकालय रखा गया है। यह केंद्र कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में स्थापित किया गया है। इस केंद्र पर डा. सिंह की पुस्तकें, उनके लेख और भाषणों के संकलन रखे गए हैं। इस मौके पर डा. सिंह की पत्नी गुरशरण कौर, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

## यूसीसी वक्त की जरूरत: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की वकालत की। कोर्ट ने कहा कि पर्सनल लॉ बाल विवाह की परमिशन देता है, जबकि पोक्सो एक्ट, बीएनएस में यही अपराध है। इन कानूनों के बीच बार-बार होने वाले टकराव को देखते हुए इसकी कानूनी रूप से स्पष्ट व्याख्या जरूरी है।

# ट्रम्प ने अब ब्रांडेड दवाओं पर लगाया 100 प्रतिशत टैरिफ

वाशिंगटन, वार्ता



- एक अक्टूबर से लागू होगा नया फरमान, अमेरिका को 30 प्रतिशत दवाएं एक्सपोर्ट करता है भारत
- जेनेरिक दवाओं पर भी बैन लगा सकते हैं ट्रम्प
- जेनेरिक दवाओं का विश्व में सबसे बड़ा निर्यातक है भारत

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ये टैरिफ एक अक्टूबर 2025 से लागू होगा।

यह टैक्स उन कंपनियों पर नहीं लगेगा, जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले ही 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ये टैरिफ 27 अगस्त से लागू हो चुका है। कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट इससे महंगा हो गया है। हालांकि दवाओं को इस टैरिफ से बाहर रखा गया था। ट्रम्प ने कहा कि एक अक्टूबर से हम ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगा देंगे, सिवाय उन कंपनियों के जो अमेरिका में अपना दवा बनाने वाला प्लांट लगा रही हैं। लगा रही हैं का मतलब होगा कंस्ट्रक्शन चल रहा है। इसलिए, अगर कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है, तो उन दवाइयों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। जियोजित इनवेस्टमेंट्स लिमिटेड के चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट -शेष पृष्ठ दो पर

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हुई रचनात्मक बातचीत: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल की वहां के अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में रचनात्मक बातचीत हुई और दोनों पक्षों ने निर्णय तक शीघ्र पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने का फैसला किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 22-24 सितम्बर तक अपने दौरे में वहां अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और भारत के लिए नामित अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ बैठकें कीं। बयान में कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल ने समझौते के विभिन्न पहलुओं पर अमेरिकी सरकार के साथ रचनात्मक बैठकें कीं। दोनों पक्षों ने समझौते की संभावित रूपरेखा पर विचारों का आदान-प्रदान किया और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष निकालने के उद्देश्य से बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया गया।

## वांगचुक एनएसए के तहत गिरफ्तार

**लेह।** लद्दाख में राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई उस घटना के एक दिन बाद हुई, जब लेह में बंद और विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई भीषण झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई थी। वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद लेह में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

# आई लव मुहम्मद के बैनर को लेकर बरेली में बवाल

## सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोग, तोड़फोड़-हंगामा, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो





**बरेली।** बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। शहर के अलग-अलग इलाकों में आई लव मुहम्मद लिखे पोस्टर बैनर लेकर सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे। इस दौरान खलील स्कूल के पास कुछ शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की। पुलिस ने स्थिति पर काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया। साथ ही मौलाना तौकीर रजा को नजरबंद कर लिया गया है।

डीआईजी रेंज बरेली अजय कुमार साहनी ने कहा कि नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। कुछ शरारती तत्व माहौल खराब करना चाहते थे, उन्हें खदेड़ दिया गया है। श्यामगंज में पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान एसपी क्राइम से नोकझोंक भी हुई, लेकिन जुलूस के रूप से भीड़ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ती गई। स्थिति को देखते हुए श्यामगंज में पुलिस ने दुकानें भी बंद करा दी। नौमहला मस्जिद के बाहर भी सैकड़ों लोग जुटे। लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं, खलील स्कूल के पास प्रदर्शनकारियों ने अचानक वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। प्रदर्शनकारियों को शांत कराने के लिए पुलिस ने लाठियां पटकीं, तो भगदड़ मच गई। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के ऐलान के बाद से शहर में गहमागहमी का माहौल है। मौलाना ने आई लव मुहम्मद मामले में डीएम के जरिये राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने की बात कही है। ज्ञापन में लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से शामिल होने की अपील की। इसके मद्देनजर गुरुवार शाम से ही शहर में चौकसी बढ़ा दी गई थी। शुक्रवार को सुबह से ही इस्लामिया मैदान और बिहारीपुर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। श्यामगंज मंडी वाले रोड पर बैरिकेडिंग करने के साथ भारी फोर्स तैनात की गई। सैलानी इलाका बंद रहा। दोपहर होते-होते लोग घरों से निकलने लगे। जुमे की नमाज के बाद लोग जुलूस -शेष पृष्ठ दो पर

- मौलाना तौकीर रजा नजरबंद जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न

### पोस्टर को गाड़ियों पर लगाकर न घूमें

**बरेली।** दरगाह की तरफ से युवाओं से यह अपील की गई कि वह पोस्टर को गाड़ियों पर लगाकर न घूमें, घरों पर पोस्टर न चिपकाएं और पोस्टर लेकर जुलूस में शामिल न हों, क्योंकि यदि पोस्टर फटेंगे तो जमीन पर गिरेंगे और लोगों के पैरो तले आएंगे इससे इस्लाम की तोहीन होगी।

### सहारनपुर में जुमे की नमाज के बाद लहराया 'आई लव मुहम्मद' का पोस्टर

**सहारनपुर ब्यूरो।** महानगर में जुमे की नमाज के दौरान एक युवक ने 'आई लव मुहम्मद' के नाम का पोस्टर लहराया। इसके बाद पुलिस ने तुरंत उसे पकड़ लिया। काफी जद्दोजहद के बाद उससे पोस्टर छीन लिया और अपने साथ ले गई। महानगर की जामा मस्जिद में शुक्रवार दोपहर एक बजे नमाज शुरू हुई। नमाज अदा होने के बाद नमाजी अपने-अपने घर की ओर जाने लगे, तभी उनमें से एक व्यक्ति ने अपनी जेब में से आई लव मुहम्मद लिखा पोस्टर निकालकर लहराना शुरू कर दिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उस व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे वहां से ले गए। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़े बंदोबस्त किए थे। मौके पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल एवं अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि पुलिस उक्त व्यक्ति से पूछताछ कर रही है।

# दिल्ली-NCR में पटाखे बनाने की इजाजत, बिक्री पर रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुप्रीम कोर्ट बोला- सिर्फ ग्रीन पटाखे बना सकेंगे, बैन का आदेश लागू नहीं हो सका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बनाने की इजाजत दे दी। कोर्ट ने कहा कि जिन मैन्युफैक्चरर्स के पास ग्रीन पटाखा बनाने के लिए एनईईआरआई और पीईएसओ का परमिट हैं, सिर्फ वे ही पटाखा बना सकते हैं।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मैन्युफैक्चरर्स के लिए एक शर्त भी रखी। बेंच ने कहा कि वे कोर्ट के अगले आदेश तक एनसीआर में कोई भी पटाखा नहीं बेचेंगे। अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर पूरी तरह बैन न तो संभव है, न ही यह सही है। हम केंद्र से आग्रह करते हैं कि दिल्ली सरकार, पटाखा बनाने और बेचने वालों सहित सभी हितधारकों से बातचीत करके पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध को संशोधित करने का प्रस्ताव लेकर आएं। एक व्यावहारिक समाधान लेकर आएं, जिसे सभी स्वीकार करें। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल 2025 को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन सिर्फ सर्दियों के मौसम के बजाय पूरे साल तक बढ़ाने का आदेश दिया था। इस फैसले को कोर्ट में चुनौती दी गई है, जिस पर अभी सुनवाई चल रही है।

# उत्तराखंड राज्य चुनाव आयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया दो लाख का हर्जाना

- एसईसी की हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तराखंड राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) की उस चुनौती को खारिज कर दिया, जो उसने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर की थी। हाईकोर्ट ने आयोग के उस स्पष्टीकरण वाले सर्कुलर पर रोक लगाई थी, जिसमें कहा गया था कि जिन उम्मीदवारों के नाम कई मतदाता सूचियों में दर्ज हैं, वे पंचायत चुनाव लड़ सकते हैं।

जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश पारित किया और एसईसी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। जस्टिस नाथ ने आयोग के वकील से सवाल किया कि आप कैसे वैधानिक प्रावधान के विपरीत निर्णय ले सकते हैं? हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में बताया गया था कि कई मामलों में ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी जा रही थी, जिनके नाम एक से अधिक मतदाता सूचियों में शामिल थे। एसईसी के स्पष्टीकरण में कहा गया था कि किसी उम्मीदवार का नाम एक से अधिक ग्राम पंचायत/क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र/नगर निकाय की मतदाता सूची में दर्ज होने के आधार पर उसका नामांकन पत्र निरस्त नहीं किया जाएगा। हाईकोर्ट ने उपलब्ध सामग्री का अध्ययन करने के बाद यह पाया कि यह स्पष्टीकरण उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम, 2016 का उल्लंघन प्रतीत होता -शेष पृष्ठ दो पर

# मिग-21 ने भरी आखिरी उड़ान, 62 साल बाद हुआ रिटायर

चंडीगढ़, वार्ता

- मिग-21 की अंतिम उड़ान में एयरफोर्स चीफ हुए सवार
- 1965, 1971 और कारगिल जंग में शामिल रहा चर्चित एयरक्राफ्ट



**भारतीय वायुसेना** की रीढ़ कहा जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट शुक्रवार को रिटायर हो गया। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी गई। शुक्रवार से विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो गई हैं।

विदाई समारोह में एयरफोर्स चीफ एपी सिंह ने 23 स्क्वाड्रन के 6 जेट के साथ आखिरी उड़ान भरी। स्क्वाड्रन लीडर प्रिया शर्मा ने भी फ्लाईपास्ट में हिस्सा लिया। 1963 में एयरक्राफ्ट चंडीगढ़ में ही वायुसेना में शामिल हुआ था। 62 साल की सर्विस के दौरान सुपरसोनिक मिग-21 ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम, 1999 के कारगिल युद्ध और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकंड) से तेज उड़ सकता है। अब इसकी जगह तेजस एलसीए मार्क 1ए को शामिल किया जाएगा। मिग-21 के रिटायरमेंट समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख समेत रक्षा मंत्रालय के कई अधिकारी शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लंबे समय से मिग-21 अनेक वीरतापूर्ण कार्यों का साक्षी रहा है। इसका योगदान किसी एक घटना या किसी एक युद्ध तक सीमित नहीं रहा है। 1971 के युद्ध से लेकर कारगिल संघर्ष तक, या बालाकोट हवाई हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, ऐसा कोई क्षण नहीं रहा जब मिग-21 ने हमारे सशस्त्र बलों को जबरदस्त ताकत प्रदान न की हो। आपकी वीरता की जो यह यात्रा रही है इसमें मिग-21 का भी योगदान रहा है। आज हम सब इसको विदाई दे रहे हैं। मेरे मन में गौरव और कृतज्ञता की भावना भी है। हम एक ऐसे अध्याय को विदाई दे रहे हैं, जिससे काफी यादें जुड़ी हैं। यह एक मशीन भर नहीं है बल्कि भारत रूस की मित्रता की मिसाल है। मिग ने कई गौरव के पल जोड़े हैं। भारत में 850 मिग रहे हैं। अभी आप लोगों ने देखा कि फाइनल फ्लाई पास्ट को खुद लीड किया। यह उसके प्रति सम्मान दर्शाता है। सूर्यकिरण टीम भारतीय वायुसेना की एरोबेटिक डिस्प्ले टीम है। इसे दुनिया की चुनिंदा और सबसे बेहतरीन सैन्य एरोबेटिक टीमों में गिना जाता है।


Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### दवाओं पर ट्रम्प के टैरिफ का सबसे ज्यादा असर होगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंट प्राप्त दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा का सबसे अधिक भारतीय कंपनियों के प्रभावित होने की आशंका है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात 21.09 प्रतिशत बढ़कर 978.39 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया था। खासकर भारतीय कंपनियां अमेरिका को जेनरिक दवाओं का बड़े पैमाने पर निर्यात करती हैं, जो वहां सस्ती दवाओं का प्रमुख स्रोत है। उद्योग मंडल फिक्की की पिछले साल प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की जेनरिक दवाओं की 40 प्रतिशत मांग की पूर्ति भारतीय कंपनियों द्वारा की जाती है।

### मुख्तार पर शिकंजा कसने वाले आईपीएस के घर में चोरी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विकासनगर क्षेत्र में तैनाती के दौरान माफिया मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसने वाले आईपीएस अधिकारी यमुना प्रसाद के घर में बीते बुधवार को चोरी की वारदात हुई है। चोरों ने घर से नकदी, घड़ियों, चांदी के बर्तन और टोटियां समेत कई सामान पार कर दिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार यमुना प्रसाद वर्तमान में नोएडा में डीसीपी पद पर तैनात हैं और परिवार के साथ वही रहते हैं। लखनऊ के आवास पर रिश्तेदार असित सिद्धार्थ रहते थे, जिन्होंने चोरी की जानकारी पुलिस को दी। घटना का खुलासा 23 सितम्बर को तब हुआ, जब बिजली विभाग के कर्मचारी घर पहुंचे। घर खोलने पर भीतर का सामान अस्त-व्यस्त मिला।

# हाईकोर्ट की यूपीपीएससी की मुख्य परीक्षा नहीं कराने के आदेश पर रोक

**प्रयागराज, वार्ता**



■ परीक्षा कराएं, मगर परिणाम नहीं होगा जारी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की संयुक्त राज्य इंजीनियरिंग सेवा (मुख्य परीक्षा) पर रोक लगाने के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि आयोग मुख्य परीक्षा का आयोजन करे, मगर इसका परिणाम जारी नहीं किया जाएगा।

इससे पूर्व एकल पीठ ने मुख्य परीक्षा के आयोजन पर रोक लगाते हुए प्रारंभिक परीक्षा-2024 के परिणाम को संशोधित करने का आदेश दिया था। एकल पीठ ने कहा है कि आयोग पहले प्रारंभिक परीक्षा का संशोधित परिणाम जारी करे और उसके आधार पर ही मुख्य परीक्षा आयोजित करे। इस आदेश के खिलाफ आयोग ने विशेष अपील दाखिल की। न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अनीस कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने अपील पर सुनवाई का अनुरोध किया, जिसे स्वीकार करते हुए खंडपीठ ने एकल न्याय पीठ के आदेश पर आंशिक रोक लगा दी है और मुख्य परीक्षा के आयोजन की छूट दे दी है। प्रतियोगी राजत मौर्या व 41 अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर कहा गया कि यूपीपीएससी ने प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम तैयार करते समय आरक्षण के माइग्रेशन (प्रवासन) के सिद्धांत का पालन नहीं किया। इसके तहत आरक्षित वर्ग के जिन उम्मीदवारों ने योग्यता के आधार पर अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के बराबर या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें अनारक्षित सूची में शामिल किया जाना अनिवार्य है।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाना होगा: राष्ट्रपति

## रेयर अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन पर बोलीं द्रौपदी मुर्मू, रिसर्च की अपील

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं की रिसर्च करे वैज्ञानिक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए भारत को रेयर अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। मुर्मू ने यहां राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 में बोलते हुए कहा कि इससे भारत को विकसित राष्ट्र बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी और देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह बहुत जरूरी है कि भारत दुर्लभ अर्थ एलिमेंट के प्रोडक्शन में आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि ये एलिमेंट दुर्लभ इसलिए नहीं हैं क्योंकि इनकी उपलब्धता कम है, बल्कि इन एलिमेंट की पहचान करने की प्रक्रिया बहुत जटिल है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा कि स्वदेशी तकनीक के विकास से इस जटिल प्रक्रिया को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडेक्टर और क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी का दौर है। स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और रेन्युबल एनर्जी टेक्नोलॉजी में रेयर अर्थ एलिमेंट आवश्यक हैं। बता दें कि रेयर अर्थ एलिमेंट 17 रासायनिक रूप से समान धात्विक तत्वों का एक समूह है जो स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और वाइंड टर्बाइन सहित एडवांस टेक्नोलॉजी के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि माइन्स मंत्रालय स्थिरता और इनोवेशन के लिए प्रतिबद्ध है। खनन क्षेत्र एआई मशीन लर्निंग और ड्रोन-बेस्ड सर्वे को बढ़ावा दे रहा है। खदानों के अवशेषों से मूल्यवान तत्वों की प्राप्ति पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस साल देश के कई हिस्सों में बादल फटने और भूस्खलन के कारण लोगों को काफी नुकसान हुआ है और ऐसी प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी समय पर प्राप्त करना बेहद जरूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूवैज्ञानिक समुदाय से मेरी अपील है कि वे बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं की रिसर्च पर अधिक ध्यान दें।

## चार लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित करते हुए बोले सीएम योगी

# एआई की मदद से छात्रवृत्ति प्रक्रिया होगी सरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को चार लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित करते हुए कहा कि कई बार विद्यालयों से छात्रवृत्ति के लिए डाटा फीड करने में त्रुटि हो जाती है। ऐसे में छात्र अपने अधिकार से वंचित रह जाता है। इसके लिए हम एआई के माध्यम से प्रक्रिया को सरल बना रहे हैं।

योगी ने कहा कि इस प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम रहेगा और जैसे ही छात्र का पंजीकरण हो जाए, उसके फोन पर पूरी डिटेल उपलब्ध हो और समय पर छात्रवृत्ति पहुंच जाएगी। इसकी व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए यह बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने



■ 2017 के पहले उप्र में छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था

कहा कि 2017 के पहले छात्रों को छात्रवृत्ति देने में भेदभाव किया जाता था। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो हमने 2016-17 और 17-18 की छात्रवृत्ति एक साथ दी। उन्होंने कहा कि दरअसल फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितम्बर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति सितम्बर के महीने में मिल रही है। इसकी सभी विद्यार्थियों को बधाई। पहले जो छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च में मिलती थी अब सितम्बर में मिला करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रतीकात्मक तौर पर कई विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक प्रदान किया। इस बार फरवरी-मार्च में मिलने वाली छात्रवृत्ति इस बार सितम्बर में नवरात्र के अवसर पर छात्रों को दी जा रही है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और सरदार पटेल ने अपनी शिक्षा से, अपनी योग्यता से हमारे देश को और समाज को दिशा दी थी। सरकार का प्रयास है कि हर छात्र को सहायता मिले जिससे कि वो अपनी शिक्षा से समाज के विकास में योगदान दे सके।

### यूपी के 240 गांवों में बीएसएनएल के 4-जी नेटवर्क पर होगी बात

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उड़ीसा से भारत संचार निगम लिमिटेड की 4-जी सेवा का शुभारंभ करेंगे।

देश मे बीएसएसनल की 4-जी सेवा के शुरू होने के बाद उत्तरप्रदेश के उन 240 गांवों में संचार नेटवर्क आसानी से उपलब्ध होंगे, जहां पर अभी तक मोबाइल पर लोगों का बात करना सपने के समान था। इन गांवों में अभी तक किसी भी दूरसंचार कम्पनी की कनेक्टिविटी नहीं है। बीएसएसनल की 4-जी सेवाओं के शुभारंभ से एक दिन पूर्व शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बीएसएसनल (पूर्वी परिमंडल) के चीफ जनरल मैनेजर एके गर्ग ने बताया कि पहली बार बीएसएसनल की 4-जी स्वदेशी सेवा की कल से शुरुआत हो रही है। इसके लिए पूरे देश मे 97500 साइट्स स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा बीपीएन नेटवर्क के तहत 18900 साइट्स को कवर किया जा रहा है। एके गर्ग ने बताया कि अभी तक हमारे पास 4-जी टेक्नोलॉजी नही थी। इस टेक्नोलॉजी को 22 माह के अंदर डेवलप किया गया है। टेक्नोलॉजी के डेवलप होने के बाद भारत विश्व के उन पांच देशों मे शामिल हो गया है, जिनके पास यह टेक्नोलॉजी डेवलप करने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि कल इस सेवा के शुरू होने के मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व वित्त राज्यमंत्री भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन आईजीपी में किया गया है। उन्होंने बताया कि हम 5-जी सेवा पर भी काम कर रहे हैं।

# कच्चे माल पर कर बढ़ाना भाजपा का गोलमोल सच

**लखनऊ, वार्ता**



■ अखिलेश ने बीजेपी पर बोला तीखा हमला

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि दिखाने के लिए तैयार माल पर घटाने के साथ ही कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ाना 'जीएसटी गोलमाल' का सच है।

यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- भाजपा ने दिखाने के लिए तैयार सामान पर जीएसटी घटा दी, लेकिन वो सामान जिससे बनता है, उसके कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ा दी। यही है भाजपा के 'जीएसटी गोलमाल' का सच। उन्होंने कहा ष्भाजपा कारोबारियों को संकट में डाल रही है, क्योंकि भाजपाई तो सड़कों पर नारे लगाकर, 50 प्रतिशत का भाषण देकर निकल गए। जब जनता बाज़ार जा रही है और सस्ता माल नहीं पा रही है, तो दुकानदारों से झगड़ रही है। भाजपा सुधार नहीं, ग्राहक-दुकानदार के संबंधों को बर्बाद कर रही है। भाजपा किसी की सगी नहीं है। एक अन्य पोस्ट में सपा सुप्रीमो ने रिहायशी इलाकों में वन्य जीवों के बढ़ते हमलों को लेकर कहा कि कहीं भेड़िया, कहीं तेंदुआ, कहीं अजगर, कहीं सांड उप्र में दहशत का जो वातावरण बना हुआ है, उसके लिए भाजपा सरकार कुछ करेगी या ये कहकर पल्ला झाड़ लेगी कि जानवर के पदचिह्न नहीं मिले हैं। जिन पर हमले हो रहे हैं, क्या उनके घायल शरीर के निशान काफ़ी नहीं हैं या फिर उनके जख्म जिनके बच्चे जानवर उठा ले जा रहे हैं। भाजपा अब क्या सीसीटीवी के खिलाफ़ एफ़आइआर कराएगी।



**सेंसेक्स** 80956.01
**निफ्टी** 24782.70



**सोना रु.** 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 137467
प्रति किलो



# बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स लुढ़का

## सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल शेयरों में ज्यादा गिरावट रही

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार छठे दिन गिरावट देखी गई और शुरुआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 450 अंक लुढ़क गया। बाजार में शुक्रवार को शुरू से ही बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स 203.67 अंक की गिरावट के साथ 80,956.01 अंक पर खुला।

फार्मा, आईटी, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस और एफएमसीजी समेत लगभग सभी सेक्टरों में निवेशकों ने बिकवाली की। खबर लिखे जाते समय सेंसेक्स 378.57 अंक (0.47 प्रतिशत) की गिरावट में 80,781.11 अंक पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक भी 72.5 अंक गिरकर 24,818.55 अंक पर खुला। खबर लिखे जाते समय यह भी 108.15 अंक यानी 0.43 प्रतिशत नीचे 24,782.70 अंक पर रहा।



सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और टीसीएस के शेयरों में ज्यादा गिरावट रही। एलएंडटी, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी और आईटीसी के शेयर ऊपर चल रहे थे।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 702.57 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितम्बर को समाप्त हुए सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पहले लगातार तीसरी साप्ताहिक तेजी के साथ 12 सितम्बर को यह अब तक के दूसरे उच्चतम स्तर 702.966 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि 19 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 86.4 करोड़ डॉलर घटकर 586.15 अरब डॉलर रह गया। हालांकि स्वर्ण भंडार 36 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 92.779 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार 10.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.879 करोड़ डॉलर पर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर की वृद्धि के साथ 4.762 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### सोने और चांदी के दाम में फिर आया उछाल

**नई दिल्ली।** लगातार दो दिन से गिरावट के बाद सोने में शुक्रवार को उछाल देखा गया। हालांकि ये तेजी इतनी अधिक नहीं है। वहीं चांदी की रफ्तार ने भी तेजी पकड़ ली। सुबह 9.30 बजे एमसीएक्स पर सोने में 174 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी देखी गई है। देश की राजधानी दिल्ली और मुंबई में 10 ग्राम गोल्ड खरीदने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड के भाव देश की राजधानी दिल्ली में 250 रुपये प्रति 10 बढ़कर 113,080 रुपये पर आ गए है। मुंबई में सोने के दाम 450 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गए हैं। सोने की कीमत 113,470 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। गोल्ड के भाव आज 0.400 फीसदी बढ़ गए हैं। पटना और रायपुर में आज सोना सबसे सस्ता मिल रहा है। यहां 24 कैरेट सोने की कीमत 113,200 रुपये प्रति 10 ग्राम है। आईबीजेए के अनुसार चांदी का भाव 2911 रुपये बढ़ा है। हालांकि एमसीएक्स में दोपहर 3.42 बजे चांदी की कीमत में 864 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी देखी गई है। शुक्रवार को 1 किलो चांदी का भाव 137,467 रुपये दर्ज किया गया है। इस हिसाब से देखें तो आज चांदी में 2911 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी आई है।

# यूपी स्वास्थ्य विभाग में एक और फर्जीवाड़ा

## 14 अलग-अलग पिता के नाम पर 35 को मिली नौकरी, जांच में खुलासा

**लखनऊ।** यूपी स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियन पद पर भर्ती मामले में अब नया खुलासा हुआ है। खाद्य एवं रसद विभाग की जांच रिपोर्ट में चयनित अभ्यर्थियों की सूची में ऐसे कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जो सीधे-सीधे धांधली की ओर इशारा करते हैं। विभाग ने पूरे मामले की जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को सौंप दी है।

खाद्य एवं रसद विभाग 2008 और 2016 में हुई नियुक्तियों की जांच कर रहा है। 2007 में एक्स-रे टेक्नीशियन के 572 पदों पर हुई नियुक्ति में भी फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जांच रिपोर्ट से पता चला है कि 14 अलग-अलग पिता के नाम पर 35 अभ्यर्थियों की नियुक्तियां की गई है। उदाहरण के तौर पर एक ही पिता गुलाब सिंह के चार बच्चों जनार्दन सिंह, नेम सिंह, अजय सिंह व अतुल कुमार सिंह की नियुक्ति हुई है, जबकि पता सभी का अलग-अलग है। स्वास्थ्य विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियनों की भर्ती मामले में फर्जीवाड़े के खुलासे से सवालिया निशान खड़ा हो गया है। यह भी पता चला है कि कई अभ्यर्थियों के नाम एक जैसे तो हैं, लेकिन उनकी जाति अलग-अलग दर्ज



की गई है। दस्तावेजों में इस स्तर की हेराफेरी से साफ जाहिर है कि भर्ती में पारदर्शिता को दरकिनार कर सुनियोजित फर्जीवाड़ा किया गया। कई अभ्यर्थियों के पते भी गलत पाए गए हैं। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि नियुक्तियां असल अभ्यर्थियों के बजाय अपने चहेते अभ्यर्थियों की हुई है। यह खुलासा 2016 और 2008 में हुई भर्तियों की जांच के दौरान हुआ है। अब 2007 की भर्ती उजागर होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की पूरी भर्ती प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित घोष ने कहा कि एक्स-रे टेक्नीशियन की भर्ती मामले की जांच रिपोर्ट से संबंधित फाइलें देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प ने...**

वीके विजयकुमार ने कहा कि भारत, जो जेनेरिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा। लेकिन हो सकता है कि राष्ट्रपति का अगला निशाना जेनेरिक दवाएं हों। इस फैसले का फार्मास्यूटिकल स्टॉक्स पर भावनात्मक असर पड़ सकता है। भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला सबसे बड़ा देश है। 2024 में भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर (करीब 77 हजार करोड़ रुपये) की दवाइयां भेजीं, जो भारत के कुल दवा एक्सपोर्ट का करीब 31 फीसदी था। अमेरिका में डाक्टर जो प्रिस्क्रिप्शन लिखते हैं, उनमें से हर 10 में से लगभग 4 दवाइयां भारतीय कंपनियों की बनाई होती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में अमेरिका के हेल्थकेयर सिस्टम के 219 अरब डॉलर बचे थे। 2013 से 2022 के बीच यह बचत 1.3 ट्रिलियन थी। भारत की बड़ी फार्मा कंपनियां, जैसे डा. रेड्डीज, सन फार्मा, ल्यूपिन सिर्फ जेनेरिक दवाएं ही नहीं बेचती, बल्कि कुछ पेटेंट वाली दवाएं भी बेचती हैं।

**आई लव मुहम्मद...**

के रूप से नारेबाजी करते हुए सड़कों पर निकले। इस दौरान कुछ लोगों ने हंगामा और तोड़फोड़ शुरू कर दी। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार सुबह एक वीडियो जारी कर कहा था कि मीडिया जो खबरें चल रही हैं, वह सरासर गलत हैं। पुलिस प्रशासन के साथ कुछ मुखबिरों ने मिलकर साजिश रचकर यह काम किया है। मौलाना ने कहा कि उन्होंने जो ऐलान किया था। उसके मुताबिक अमल किया जाएगा। जुमे की नमाज नौमहला मस्जिद में पढ़ेंगे। उसके बाद बहुत ही जिम्मेदारी और अमन के साथ हम अपनी तकलीफों और परेशानियों के लिए डीएम के जरिये राष्ट्रपति को ज्ञापन देना चाहते हैं। इसमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। अगर जिला प्रशासन लोगों को रोक-टोक करेगा या उनके साथ बदतमीजी की जाएगी। ज्यादती की जाएगी, तो उसकी जवाबदेही जिला प्रशासन की खुद होगी। हमारा कार्यक्रम पूरी तरह अमन का है।

**उत्तराखंड राज्य...**

है। अदालत ने कहा कि यह अधिनियम की धारा 9(6) और 9(7) के विपरीत है। हाईकोर्ट का कहना था कि जब कानून स्पष्ट रूप से यह रोक लगाता है कि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों या मतदाता सूचियों में दर्ज नहीं हो सकता और यह वैधानिक प्रतिबंध है, तो राज्य चुनाव आयोग द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण इस प्रतिबंध के बिल्कुल विपरीत प्रतीत होता है। इसलिए हाईकोर्ट ने उस परिपत्र पर रोक लगाई और निर्देश दिया कि उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। इसी आदेश के खिलाफ एसईसी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया।

# लद्दाख में पार्टी को बदनाम करने वालों के विरुद्ध होगी कानूनी कार्रवाई: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता, न्यूज चैनलों के एंकर तथा सोशल मीडिया के कई लोग हिंसा में शामिल किसी व्यक्ति की तस्वीर गलत तरीके से पेश कर उसे कांग्रेस का पार्षद बता कर पार्टी को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।

पार्टी ने इसे सोची समझी रणनीति का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह राजनीतिक लाभ अर्जित करने के लिए कांग्रेस के खिलाफ चलाए जा रहे दुष्प्रचार का हिस्सा है और ऐसा करने वाले लागों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा के कई नेता और कुछ एंकर या सोशल



■ यह एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा

मीडिया इन्फ्लुएंसर किसी व्यक्ति की तस्वीर और फुटेज दिखाकर उसे कांग्रेस के निर्वाचित पार्षद फुंटसोग स्टैनजिन त्सेपाग बताकर उसे गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। हम उन सभी लोगों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई कर रहे हैं, जिन्होंने न केवल हमारी पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की है, बल्कि अशांति पैदा कर विरोध को हवा देते हुए मतभेद और फैलाने का प्रयास किया है। खेड़ा ने कहा कि भाजपा और उसके लिए प्रचार में लगे मीडिया तथा सोशल मीडिया के उसके लोग लद्दाख के लोगों के साथ संवेदनशीलता दिखाने की बजाय अपनी आदत के अनुसार कीचड़ उछाल रहे हैं और लद्दाख में फैले आक्रोश का फायदा उठाकर राजनीतिक विरोधियों से हिसाब बराबर करने का मौका तलाश रहे हैं।

### डा. मनमोहन सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को जयंती पर नमन करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# राज्य चुनाव आयोग से हाईकोर्ट तक गरमाया रहा मामला

## आयोग ने कानून की अवहेलना की, हाईकोर्ट के निर्देश को नजरअंदाज किया



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड पंचायत चुनावों में फर्जी वोटिंग और दोहरी वोटर लिस्टिंग के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए शुक्रवार को राज्य चुनाव आयोग पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि आयोग ने न सिर्फ कानून की अवहेलना की बल्कि हाईकोर्ट के निर्देश को भी नजरअंदाज किया। शुक्रवार को आए सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को लेकर उत्तराखंड की सियासत में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। क्योंकि पंचायत चुनावों में दोहरी वोटिंग को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग से लेकर नैनीताल हाईकोर्ट तक माहौल गरमाया रहा।

### दोहरी वोटिंग और कांग्रेस हमलावर

इस मामले में कांग्रेस सरकार पर हमलावर हो गई है, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा जनवरी में हुए नगर निकाय चुनाव में भाजपा ने कथित तौर पर अपने समर्थकों के नाम गांव से शहर की वोटर लिस्ट में शिफ्ट करवाए। इसका मकसद था शहरी निकाय चुनावों में फर्जी वोटिंग कर राजनीतिक लाभ उठाना। चुनाव खत्म होते ही उन्हीं लोगों के नाम वापस ग्रामीण इलाकों की वोटर लिस्ट में जोड़े जाने लगे ताकि मई-जून के पंचायत चुनाव में भी फायदा मिल सके। कांग्रेस ने इसका विरोध किया, क्योंकि वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए कम से कम 6 महीने तक उसी पते पर निवास का नियम लागू है। इसलिए शहर की वोटर लिस्ट में मौजूद कई वोटरों ने अपने नाम गांव में भी दर्ज करा लिए। ऐसे कई लोगों को भाजपा ने पंचायत चुनाव में टिकट दिया।

### हाईकोर्ट का हस्तक्षेप

इस मामले को युवा पत्रकार शक्ति सिंह बर्त्वाल पंचायत चुनावों से ठीक पहले उत्तराखंड हाई कोर्ट लेकर पहुंचे थे। अदालत ने चुनाव आयोग को सख्त निर्देश दिया कि उत्तराखण्ड पंचायत राज एक्ट 2016 की धारा 9(6) और 9(7) के अनुसार दोहरी वोटर लिस्ट वाले उम्मीदवारों का नामांकन रद्द किया जाए, मगर चुनाव आयोग ने हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना की और ऐसे प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी। जिसमें कई भाजपा प्रत्याशी थे।

### सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो सुनवाई में अदालत ने पाया कि आयोग ने न सिर्फ अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने में लापरवाही की बल्कि हाईकोर्ट के आदेश की भी अवमानना की। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग पर 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और कहा कि ऐसी लापरवाही लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सीधा प्रहार है।

# जीएसटी बचत उत्सव के तहत पटेल नगर के दुकानदारों से मिले सीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देहरादून के पटेलनगर में 'जीएसटी बचत उत्सव' के उपलक्ष्य में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान व्यापारियों एवं आम लोगों से भेंट कर जी.एस.टी. की घटी दरों के लाभ के बारे में फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आर्थिक सुधारों का नया दौर शुरू हुआ है और जीएसटी की दरों में कमी से समाज में सभी वर्गों के जीवन को खुशहाल बनाने की ऐतिहासिक पहल हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी की नई दरों से उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती होने से आम लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने व्यापारियों से जीएसटी की घटी दरों के बारे में ग्राहकों को पूरी जानकारी देने का आग्रह भी किया। इस दौरान स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर प्रदेश एवं देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का भी आह्वान किया। जीएसटी का यह उत्सव आगामी दीपावली के पर्व के दौरान आम लोगों के जीवन और कारोबार में उल्लास भरेगा। इस दौरान विधायक विनोद चमोली, राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिला, भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# युवाओं के आंदोलन में अपनी वैतरिणी पार करने की जुगत में है कांग्रेस : चौहान



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि कांग्रेस सेवा और समर्पण के साथ ही जनता से दूर हो चुकी है और अब सत्ता तक पहुँचने के लिए शॉर्ट कट अपना रही है। इसके लिए वह बेरोजगारों के आंदोलन का सहारा ले रही है, लेकिन जनता उसकी मंशा को जानती है।

### युवाओं से किया आग्रह, एसआईटी कर रही जांच, धैर्य बनाएं रखें

चौहान ने कहा कि हरिद्वार के सेंटर मे नकल की शिकायत के बाद जिस तरह कार्यवाही चल रही है वह स्वाभाविक है, क्योंकि किसी भी माफिया को बखश्शा नही जायेगा। उन्होंने कहा कि मात्र 3 वर्ष में रिकॉर्ड 25 हजार नियुक्तियां होना, सिर्फ पारदर्शी और ईमानदार प्रक्रिया से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि दुर्भाग्य से जो एक घटना सामने आई है, उस पर पर एसआईटी गठित कर न्यायिक जांच की जा रही है। लिहाजा थोड़ा समय जांच के लिए दिया जाना स्वाभाविक है, शुरुआत में ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। मुख्यमंत्री युवाओं के भविष्य के लिए कृत संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं।

कांग्रेस के धरने को नौटंकी बताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य गठन से अब तक जितनी गैर कांग्रेसी सरकारें रही वह सवालों के घेरे मे रही और घपले तथा घोटाले सामने आते रहे। उन्होंने कहा कि विपक्ष पर्दे के पीछे से युवाओं को बरगलाकर, अपना राजनैतिक उल्लू सीधा करना चाहता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में हुए पटवारी और दरोगा भर्ती घोटाले सरकारी सरंक्षण मे हुए।

भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में कांग्रेस का गांधी पार्क पर प्रदर्शन

# कांग्रेस अध्यक्ष का सरकार पर पेपर चोरों को संरक्षण का आरोप

- जिला मुख्यालयों पर धरना देकर डीएम को माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** पेपर लीक कांड पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार की घेरा. बंदी तेज कर दी है। राजधानी देहरादून के गांधी पार्क में धरना देते हुए कांग्रेस ने साफ कहा कि अगर जांच हाई कोर्ट जज की निगरानी में सीबीआई से नहीं कराई गई तो 3 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आवास का घिराव किया जाएगा।

उत्तराखंड में विगत रविवार को हुई यूके ट्रिपल एससी परीक्षा पेपर लीक मामले पर भाजपा सरकार पर हमलावर प्रदेश कांग्रेस ने अपने आंदोलन को धार देते हुए शुक्रवार को पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर धरने आयोजित कर जिलाधिकारियों के माध्यम से राज्यपाल लेफ्टीनेंट जनरल गुरमीत सिंह को ज्ञापन भेजे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने सीधे मुख्यमंत्री धामी पर वार करते हुए कहा, भाजपा सरकार पेपर लीक माफिया को बचा रही है। नकल विरोधी कानून महज दिखावा है। या तो कानून वीक है, या सरकार वीक है, वरना पेपर लीक नहीं होता। माहरा ने युवाओं से आह्वान किया कि भाजपा की निकम्मी और भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना ही एकमात्र विकल्प बचा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा, अतिक्रमण को लैंड जिहाद, प्यार को लव जिहाद, और अब पेपर लीक को नकल जिहाद बताना भाजपा की ओछी चाल है। उन्होंने कहा कि भाजपा युवाओं के आंदोलन को तोड़ने और बदनाम करने के लिए सांप्रदायिक कार्ड खेल रही है, लेकिन अब युवा बेरोजगार धोखा बर्दाश्त नहीं करेंगे। कहा कि हाकम सिंह हो या संजय धारीवाल या फिर धर्मेंद्र सिंह चौहान सभी भाजपा के लोग हैं और उनको पूरा संरक्षण सरकार व सत्ताधारी दल का है। इस मौके पर पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, पूर्व मंत्री नवप्रभात, पूर्व विधायक ओम गोपाल रावत, अमरजीत सिंह, कर्नल राम रतन नेगी, दिनेश कौशल, डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, जगदीश धीमान, विकास नेगी, विशाल मौर्य, अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष मदन लाल, नवीन जोशी, मनीष नागपाल, सुजाता पॉल, डॉ. प्रतिमा सिंह, शिवानी थपलियाल, मंजू त्रिपाठी, वीरेंद्र पोखरियाल, इताअत खान, आयुष गुप्ता, सुशील राठी, विनोद चौहान, ओम प्रकाश सती, अभिषेक तिवारी, अनिल बस्नेत, विजय शाही, सुनील जायसवाल, ललित भद्री, मोहन काला, शीश पाल सिंह बिष्ट, राजेश पुंडीर, इकराम शाहिद व प्रमोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# युवा आंदोलन के पीछे कांग्रेसी षड्यंत्र की आशंका: चमोली

## देश विरोधी नारों का सैन्य भूमि से लगाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, विधायक और राज्य आंदोलनकारी विनोद चमोली ने युवा आंदोलन के पीछे कांग्रेसी षड्यंत्र का अंदेशा जताया है। उन्होंने कहा कि जो नारे वहां लगाए जा रहे हैं, उनसे मिलते जुलते नारे राहुल गांधी स्वयं लगाते आए हैं और उनके बड़े स्थानीय नेता तो स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि हम ही इन नारों के जनक हैं। उसमें भी सबसे दुर्भाग्यपूर्ण कश्मीर की घाटी से शुरू हुए देश विरोधी नारों का सैन्य भूमि से लगाया जाना है।

उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वर्तमान में इस पूरे प्रकरण पर न्यायिक जांच चल रही है और इसके नतीजों का सभी को इंतजार करना चाहिए। लेकिन जहां तक सवाल है सीबीआई जांच का तो हमारी पार्टी और सरकार को सीबीआई जांच या किसी भी अन्य जांच से कोई दिक्कत नहीं है। दअरसल हमारी असल चिंता, युवाओं के भविष्य से जुड़ी भर्ती परीक्षाओं की प्रक्रिया बाधित होने से है। क्योंकि सभी जानते हैं कि सीबीआई जांच के बाद तमाम भर्ती प्रक्रियाएं एक दो साल के लिए रुक जाएंगे। ऐसे में प्रदेश के युवाओं का भविष्य और उनका अमूल्य समय बेकार चल जाएगा। फिलहाल हम इसके तमाम तकनीकी पहलुओं और प्रभावों का विशेषण कर रहे हैं। ताकि ऐसे किसी भी निर्णय से युवाओं की प्रगति बाधित न हो।

उन्होंने युवाओं से भी आग्रह किया कि उन्हें सरकार पर भरोसा करना चाहिए। क्योंकि जैसे ही जानकारी प्राप्त हुई तत्काल कार्रवाई की गई, गिरफ्तारियां भी हुई है और न्यायिक जांच की घोषणा भी। अभी 1 महीने का समय दिया गया है सच सामने लाने का और जैसे ही सही तथ्य सामने आ जाएंगे दूसरों पर कठोर ऐक्शन लिया जाएगा। उन्होंने इस पूरे आंदोलन को लेकर चिंता जताई कि जिस तरह की नारेबाजी वहां की जा रही है वह कांग्रेस की भागीदारी को स्पष्ट करता है। वहां पेपर चोर गद्दी छोड़ के जो नारे लग रहे हैं वह पूरी तरह वही है जो कांग्रेस के राहुल गांधी लगातार अपनी सभा में प्रधानमंत्री पर लगाते रहे हैं। पहले वह चौकीदार चोर के नारे लगाते थे फिर वोट कर के नारे लगा रहे हैं और कांग्रेस के स्थानीय नेता हरक सिंह रावत का तो दावा है कि पेपर चोर गद्दी छोड़ का नारा तो उन्होंने स्वयं दिया है।

# भूकंप के प्रति जागरूकता के लिए मॉक ड्रिल कराने की जरूरत

- मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने वैज्ञानिक संस्थानों से एमओयू को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड भूकम्प जोखिम मूल्यांकन एवं शमन के सम्बन्ध में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में बैठक ली। बैठक में आईआईटी रूड़की और वाडिया हिमालयन भू-विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने कहा कि भूकम्प के प्रति संवेदनशीलता की दृष्टि से प्रदेश का एक बड़ा भू-भाग के जोन 5 में है, जिसके कारण यूईआरएएम के उद्देश्य, एक औपचारिक सुरक्षा-संचालित वातावरण तैयार करते हुए भूकंप से होने वाले मानवीय और आर्थिक नुकसान को कम करना पर विशेष फोकस किया जाना चाहिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के लोगों को भूकंप जैसी परिस्थितियों के लिए जागरूक किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को भूकंप के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए भूकंप की मॉक ड्रिल के लिए एक दिन निर्धारित करते हुए नियमित रूप से भूकंप जागरूकता दिवस मनाया जाना चाहिए।


उन्होंने कहा कि इससे भूकंप जैसी परिस्थिति में न्यूनतम मानवीय और आर्थिक नुकसान होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि यूएसडीएमए द्वारा विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों के साथ एक विस्तृत एमओयू किया जाए जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के लिए संस्थानों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि वाडिया संस्थान ग्लेशियर लेक पर काम कर रहा है तो आईआईटी रूड़की भूकम्प जोखिम मूल्यांकन और शमन पर कार्य कर सकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि भूकम्प के प्रति संवेदनशीलता की दृष्टि से भवन निर्माण के लिए कुछ मापदंड भी निर्धारित किए जाने चाहिए।

# पेपर लीक प्रकरण: एसआईटी ने जांच आगे बढ़ाई

## हरिद्वार और टिहरी में एसआईटी करेगी जन संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा 2025 पेपर लीक-नकल प्रकरण की एसआईटी ने जांच आगे बढ़ा दी है। इसके तहत एस.आई.टी द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के लिए विशेष जन संवाद आयोजित करने जा रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अंतर्गत आयोजित स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा 2025 में पेपर लीक अथवा नकल संबंधी आरोपों पर शासन, प्रशासन सख्ती से कार्यवाही कर रहा है, एवं नकल संबंधी आरोपों की गंभीरता से जांच हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिनांक 24 सितंबर को मुख्यमंत्री के निर्देशों पर विशेष अन्वेषण दल यानी एसआईटी का गठन किया गया है।




### एसआईटी द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के लिए विशेष जन संवाद

27 सितंबर 2025 को हरिद्वार जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे तक

29 सितंबर 2025 को टिहरी जिले के कलेक्टर सभागार में दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक

इन संवाद बैठकों में इच्छुक प्रतियोगी अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक प्रतिभाग कर स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा, 2025 से संबंधित अपनी शंकाओ एवं प्रश्नों सहित, यदि उनके पास कोई सूचना हो, तो उसे एसआईटी के समक्ष साझा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जन संवाद बैठकों में परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अनेक अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक, कोचिंग संस्थान व जनसरोकार से सम्बन्धित कोई भी व्यक्ति उपरोक्त प्रकरण से संबंधित प्रश्नों, शंकाओं एवं सूचनाओं के संबंध में स्पष्टता चाहने के साथ ही SIT से प्रत्यक्ष रूप से संवाद भी कर सकता है।



# पेपर लीक: बागेश्वर में सड़कों पर उतरे छात्र, रैली प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग द्वारा 21 सितंबर को आयोजित की गई परीक्षा रद्द करने व पेपर लीक होने सहित अन्य मामलों को लेकर बागेश्वर बेरोजगार संघ ने रैली व प्रदर्शन किया। इस दौरान पीपर लीक मामले में सीबीआई जांच बिठाने की बात कही। बेरोजगार संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश पांडे के नेतृत्व में दर्जनों युवा स्टेशन रोड स्थित गांधी पार्क में एकत्र हुए। जहां से युवाओं ने जन आक्रोश रैली निकाली। रैली गोमती पुल से होते हुए तहसील परिसर में पहुंची। इस दौरान युवाओं ने सीएम धामी को अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की। साथ ही 21 सितंबर को आयोजित पटवारी बीपीडीओ परीक्षा का पेपर में बड़े स्तर पर अनियमितता होने की बात कही।



उन्होंने मांग करते हुए उक्त पेपर को रद्द करने की बात कही। इस संबंध में छात्र छात्राओं ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से गृह सचिव उत्तराखंड के नाम ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में प्रतियोगी परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं की सीबीआई जांच करने की मांग। स्नातक स्तरीय परीक्षा को तत्काल निरस्त कर एक माह में पुनः परीक्षा करवाने, उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष का तत्काल इस्तीफा, आरक्षी भर्ती नियमावली में संशोधन, अक्टूबर 23 में गांधी पार्क में हुए छात्र आंदोलन के ऊपर लगाए गए मुकदमे वापस लेने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने यह यदि गरीब छात्रों के हितों की अनदेखी की गई तो आने वाले दिनों में प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर रवि पाल, रवि कोश्यारी, स्वाती नेगी, नेहा आर्या, पूजा चुनेरा, शैली चौधरी, सोनिया, गायत्री, बीरेंद्र सिंह, यशोदा, नैना, हरीश, मनीष लोबियाल सहित दर्जनों छात्र मौजूद थे। छात्रों कबीज आंदोलन को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, कवि जोशी, गोकुल परिहार, मुन्ना पांडे, अंकुर उपाध्याय, राजेंद्र टंगड़िया सहित अन्य ने समर्थन दिया।

# हत्या का मुकदमा दर्ज कर कोर्ट ने जांच के आदेश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** एक महिला की याचिका पर अदालत ने आईटीआई थाना पुलिस को उसके पति की हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए हैं। ज्ञात हो कि । फरवरी 2023 को रात केशव राठौर निवासी मध्य प्रदेश की जिंदल साउथ सिटी, काशीपुर में मौत हो गई थी, पुलिस द्वारा इस मामले को हत्या न मानते हुए यह मान लिया कि केशव बिल्डिंग में कार्य कर रहा था और ऊंचाई से गिरने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में केशव राठौर की पत्नी देवकी राठौर ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर भी दी, परन्तु पुलिस द्वारा इस मामले को केवल एक्सीडेंट ही माना गया। इसके बाद देवकी राठौर ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट, काशीपुर के यहां प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि उसका पति केशव राठौर मध्य प्रदेश निवासी मुन्नू खान व राशिद खान के साथ नौकरी करने काशीपुर आया था। छः महीने पहले मुन्नू व राशिद ने उसके पति को जिंदल साउथ सिटी में तीन मंजिला बिल्डिंग के कार्य हेतु लगाया था और यह दोनों लोग उसे धोखा देते रहे। देवकी ने बताया कि 24 जनवरी 2023 से 31 जनवरी 2023 तक इन लोगों ने केशव को बंधक बना लिया और पैसों की मांग की। जब घरवालों ने पैसे नहीं दिये तो इन दोनों ने केशव को हाथ-पैर बांधकर बिल्डिंग की तीन मंजिला छत से लिफ्ट के गड्ढे में पटक दिया जहां पानी भरा था, जिससे केशव की मौत हो गई। इस परिवार वालों ने मुन्नू खान व राशिद खान की पैसे मांगने की रिकार्डिंग भी पुलिस को दी पर कोई सुनवाई नहीं हुई। मामले में अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव विश्नोई एवं भारत भूषण को सुनने के पश्चात अधिवक्ताओं की बहस व तर्कों से संतुष्ट होकर न्यायिक मजिस्ट्रेट, काशीपुर ने थानाध्यक्ष, थाना आईटीआई को मुन्नू खान व राशिद खान निवासी मध्य प्रदेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

## एक नजर...

### आईबीएस ने नॉलेज शेयरिंग कार्यशालाओं का आयोजन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शिक्षण गुणवत्ता को नई दिशा देने के उद्देश्य से इकाई बिज़नेस स्कूल (आईबीएस) द्वारा किच्छा, नानकमत्ता, सितारगंज, रुद्रपुर और काशीपुर में तीन दिवसीय नॉलेज शेयरिंग कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में प्रमुख कॉलेजों के शिक्षक और छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम में केस स्टडी आधारित शिक्षण, आधुनिक तकनीकों और संसाधनों के जरिए शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। मुख्य वक्ता डा. राहुल बैरी और डा. शैलेश चमोला (आईबीएस देहरादून) ने शिक्षकों को निरंतर ज्ञान वृद्धि और शिक्षण गुणवत्ता सुधार की सलाह दी। उन्होंने बताया कि केस स्टडी न सिर्फ व्यावहारिक अनुभव देती है, बल्कि छात्रों को जीवन की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करती है। इस अवसर पर आईबीएस हल्द्वानी शाखा के प्रबंधक डेनियल मसीह ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताया।

### विभिन्न योजनाओं को लेकर हुई चर्चा

**अल्मोड़ा।** जिला पंचायत कार्यालय अल्मोड़ा में शुक्रवार को नव नियुक्त जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा की अध्यक्षता में बोर्ड की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्यों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। मौजूद जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को पटल के समक्ष रखा। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। बताया योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए समितियों का गठन किया गया है।

### जीएसटी दरें कम होने पर लिया फीडबैक

**अल्मोड़ा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने शुक्रवार को अल्मोड़ा में बाजार का भ्रमण कर व्यापारियों से मुलाकात की। दुकानदारों को उपहार स्वरुप गुलाब भेंट कर जीएसटी घटने पर व्यापारियों की प्रतिक्रिया ली। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों को कम करने का सीधा लाभ उपभोक्ताओं को मिल रहा है। कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों को आम जरूरत की वस्तुएं कम दामों पर मिलेगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी दरों में छूट देकर देश की आम जनता को राहत दी है।

### अग्निकांड में त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**अल्मोड़ा।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेंद्र सिंह कुंवर द्वारा शुक्रवार को फायर स्टेशन अल्मोड़ा का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों से लैडर ड्रिल, बीए सेट, फोम टेंडर द्वारा फोम का निर्माण कराया गया। निरीक्षण के दौरान सीएफओ द्वारा समस्त कर्मचारियों को क्षेत्र अंतर्गत अग्निकांड व जीव रक्षा की घटनाओं में उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए त्वरित कार्यवाही करने एवं घटनास्थल पर अग्निशमन एवं रेस्क्यू कार्य के दौरान सर्वप्रथम स्वयं की सुरक्षा के लिए पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया।

### चार खाद्य पदार्थों के लिए सैंपल

**अल्मोड़ा।** नवरात्र त्यौहार के मद्देनजर उपायुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजेंद्र सिंह कठायत के नेतृत्व में शुक्रवार को अल्मोड़ा बाजार स्थिति खाद्य प्रतिष्ठानों एवं मॉलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा नवरात्रि में व्रत के दौरान उपभोग किए जाने वाले खाद्य पदार्थों के संबंध में प्रतिष्ठान स्वामियों को एतिहात बरतने, स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों के विक्रय करने, कुटटू का पैक्ड आटा ही विक्रय करने के निर्देश दिए। संदेह के आधार पर सेंधा नमक, सिंघाड़े का आटा, सरसों का तेल एवं चना सत्तु का एक-एक नमूना जांच के लिए मौके पर सील मोहर बन्द किया गया। टीम द्वारा कुल चार नमूनों का संग्रहण किया गया।

### योजनाओं में शिथिलता बर्दाश्त नहीं: डीएम

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला, राज्य व केंद्र प्रायोजित योजनाओं एवं बाह्य सहायता प्राप्त योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तार से जानकारी लेते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचे। कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### गोलनाकरड़िया में पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

**अल्मोड़ा।** नगर के गोलनाकरड़िया में आतंक का पर्याय बना तीसरा गुलदार भी पिंजरे में कैद हो गया है। गुलदार के पिंजरे में कैद होने से लोगों और वन विभाग के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। दरअसल, लंबे समय से गोलनाकड़रिया समेत कई इलाकों में गुलदार की धमक से लोगों में दहशत थी। शाम होते ही एक से ज्यादा गुलदार की चहलकदमी दिखाई देने लगी थी। दहशत में आए लोगों ने वन विभाग से गश्त करने और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की थी। कुछ दिन पूर्व ही यहां पिंजरा लगाया गया था। शुक्रवार सुबह गुलदार पिंजरे में फंस गया। वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था, पिंजरे में कैद हुए गुलदार को रेस्क्यू सेंटर पहुंचा दिया गया है।

## दरोगा से मारपीट का आई लव मोहम्मद मार्च से कोई संबंध नहीं: नदीम उद्दीन

**काशीपुर।** अधिवक्ता नदीम उद्दीन ने कहा कि दरोगा से हुई मारपीट को आई लव मोहम्मद मार्च से गलत तरीके से जोड़ा जा रहा है, जबकि दोनों घटनाओं का कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर की रात कुछ बच्चे अल्लीखां चौक पर पोस्टर लेकर निकले थे, लेकिन उन्होंने स्थानीय पुलिस द्वारा समझाने के बाद मार्च वहीं समाप्त कर दिया था। बाद में दरोगा से मारपीट की घटना बाल्मीकि बस्ती के पास हुई, जो मार्च स्थल से काफी दूर है। वायरल वीडियो में दिख रहे बच्चे भी मार्च में शामिल नहीं थे। नदीम उद्दीन ने आरोप लगाया कि इस घटना को आधार बनाकर पूरे अल्लीखां क्षेत्र को टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने दरोगा से मारपीट की निंदा करते हुए वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई और बेकसूर लोगों के उत्पीड़न को रोकने की मांग डीएम, मुख्य सचिव, हाईकोर्ट और मानवाधिकार आयोग से की है।

## कांग्रेसियों ने की एसपी से मुलाकात

**काशीपुर।** नगर के मौहल्ला अल्ली खां में हुई घटना के संबंध में कांग्रेसजनों ने एसपी अभय सिंह से मुलाकात कर घटना की निंदा करते हुए निर्दोष व मासूमों को प्रताड़ित न किये जाने की मांग की। कहा कि काशीपुर सभी धर्म जातियों से मिलकर बना शानदार गुलदस्ता है, जिसे कुछ लोगों ने तोड़ने का कार्य किया है। एसपी ने आश्वस्त किया कि किसी भी व्यक्ति के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। पूर्ण निष्पक्षता के साथ कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान मनोज जोशी, उमेश जोशी, शफीक अहमद अंसारी, संदीप सहगल, अब्दुल सलीम एडवोकेट, पूजा सिंह व तरुण लोहनी आदि मुख्यत: उपस्थित रहे।

## अग्रसेन जयंती पर प्रतियोगिताएं

**काशीपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा काशीपुर द्वारा अग्रवाल सभा भवन में अग्रसेन जयंती का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें सीनियर डांस में प्रथम रेविका, द्वितीय काव्य मान्या, जूनियर डांस में प्रथम नविका, द्वितीय अहाना, जूनियर फैंसी ड्रेस में प्रथम वैष्णव, द्वितीय वैष्णवी, सीनियर फैंसी में प्रथम अदिति, द्वितीय अनति, बंदनवार में प्रथम अंजलि, राधिका, द्वितीय पारिषा, सिनियर रंगोली में प्रथम मलिक. ।ओम, जूनियर रंगोली में परिधि, अवनी आदि रही। इस मौके पर प्रियंका अग्रवाल, निधि अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, भावना अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, मल्लिका अग्रवाल बबीता गुप्ता, तन्ना अग्रवाल रहीं।

# छात्रसंघ चुनाव: एसपी ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** शनिवार को बीडी पांडे कैंपस में होने वाले छात्र संघ चुनाव के मध्यनजर पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा दृष्टि से



पुलिस के अधिकारियों व जवानों की बैठक ली। बैठक में कप्तान ने कड़े निर्देश देते हुए शांति बनाने में पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने को कहा। जनपद के महाविद्यालयों बागेश्वर, कपकोट, गरुड़, काण्डा में मतदान/मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, बागेश्वर चन्द्रशेखर घोड़के ने समस्त थाना प्रभारियों की बैठक ली गई। बैठक में कहा कि सभी मतदान मतगणना स्थलो में ड्यूटी पर लगे पुलिस बल का ड्यूटी चार्ट बनाकर ड्यूटी पर नियुक्त करेंगे, सभी अधिक. ारी कर्मचारीगण अनुशासित रहते हुए पूर्ण निष्पक्षता से शांतिपूर्वक मतदान मतगणना ड्यूटी करेंगे। केन्द्र के अन्दर मतदाता को मोबाइल फोन अन्य इलैक्ट्रानिक डिवाइस आदि पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहेगे। कॉलेज प्रशासन द्वारा जारी किये गये प्रमाण पत्र, आईडी कार्ड या अन्य दस्तावेज चौक करने के बाद ही मतदान स्थल में मतदान करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा। इसके साथ ही सभी लिंगदोह समिति की सिफारिशों का पुर्ण पालन करवाया जाए। किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था संबंधी समस्याओं की संभावना के दृष्टिगत समय पर उच्चाधिकारियों को सूचित करेंगे। ड्यूटी के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि सोशल मीडिया में भ्रामक झूठी खबरे अफवाह फैलानों वालो के विरुध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक बागेश्वर अजय साह, पुलिस उपाधीक्षक कपकोट मनीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

## कवियों ने किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** तीर्थ द्रोणासागर में काशीपुर डेवलपमेंट फोरम के तत्वावधान में चल रहे नवरात्रि महोत्सव में आयोजित कवि सम्मेलन में साहित्य दर्पण संस्था के ओज, हास्य, व्यंग, तथा गीतकार कवियों ने अपने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। काव्य पाठ का संचालन कर रहे डॉ. प्रतोष मिश्रा ने अपनी रचना के साथ काव्य पाठ का शुभारंभ किया। काव्य की इस बेला पर कवि कुमार विवेक 'मानस', विजयप्रकाश कुशवाहा, डॉ. यशपाल सिंह रावत 'पथिक', गीतकार सुरेन्द्र भारद्वाज, वरिष्ठ हास्य व्यंग कवि डॉ. सुरेन्द्र मधुर, ओज और गीतकार कवि शेष कुमार सितारा, युवा ओज कवि शुभम लोहनी, पूर्व प्रधानाचार्य जेपी अग्रवाल ने अपनी-अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर खूब बाहवाही लूटी। काव्य पाठ के उपरांत मुख्य अतिथि एसपीएनजी चेयरमैन योगेश कुमार जिंदल तथा केडीएफ पदा. धिकारियों द्वारा कवियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# गांधी उत्सव 'सम्मान 2025' का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय में 2 अक्टूबर 2025 को मनाये जाने वाली महात्मा गांधी की 156वीं जयंती के अवसर पर गांधी भवन छात्रावास में गांधी उत्सव सम्मान 2025 का उद्घाटन सद्भावना दौड़ के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह में गांधी भवन की सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में गाँधी भवन की वार्डन डा. विनीता राठौर, मुख्य छात्रावास अभिरक्षक एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. सुभाष चंद्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. एएस जीना, निदेशक संचार डा. जेपी जायसवाल, प्रभारी शारीरिक शिक्षा अनुभाग डा. एनके सिंह तथा सह-प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आयोजन सहायक वार्डन विनिता कश्यप, एजीएस



प्रियंका बिष्ट के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सद्भावना दौड़ में निहारिका, अंजलि, रेनू एवं प्राची ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किये। समिति के सदस्य तनु, पायल, ऋतु, सोनी, हिमानी एवं गर्विता तथा हॉस्टल प्रबंधक कमलेश प्रधान एवं सहायक हॉस्टल प्रबंधक नंदा बल्लभ चन्दोला भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के आदर्शों को आत्मसात करने, सौहार्द एवं सहयोग की भावना को जीवन में उतारने तथा छात्राओं को समाज व राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय योगदान हेतु प्रेरित किया।

# शांतिपुरी में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कर भव्य कलश यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** भगवती मंदिर शांतिपुरी नव 3 में शुक्रवार को शिव परिवार, मां दुर्गा एवं हनुमान जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा तथा अखंड रामायण पाठ के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से



प्रारंभ होकर गांव के एड़ी मंदिर होते हुए शांतिपुरी नंबर-2 स्थित प्राचीन मां मनसा देवी मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में कुछ समय विश्राम एवं भजन-कीर्तन के उपरांत कलश यात्रा पुनः भगवती मंदिर कार्यक्रम स्थल लौटी। मंदिर परिसर में पंडित चंद्रशेखर जोशी एवं प्रधान पुजारी दयाल सिंह बिष्ट के मार्गदर्शन में विधिवत श्रीगणेश पूजन, मूर्ति स्नान एवं प्राण प्रतिष्ठा की समस्त धार्मिक औपचारिकताएं संपन्न कराई गईं। प्रधान पुजारी दयाल सिंह बिष्ट ने बताया कि शनिवार प्रात: 8 बजे से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हो कर रविवार अपराह्न तक चलेगा। इसके उपरांत रविवार को पूणाहुति कन्या पूजन महा आरती के साथ ही सायं 4 बजे से भंडारा होगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बचुली देवी, पूर्व प्रधान जगदीश सिंह बिष्ट, प्रकाश सिंह बोरा, रेखा बिष्ट, रेनू बिष्ट, मंजू बिष्ट, मुन्नी बिष्ट, हरेंद्र सिंह रावत, मुन्ना रावत, ममता बिष्ट, संध्या बिष्ट, ईश्वर सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह बिष्ट, विनोद बिष्ट रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम फुलसुंगा तहसील रुद्रपुर जिला उधमसिंह नगर खसरा नं.-73 मि0 रकबा-101 वर्ग मी. भूमि के बैनामे/प्रापर्टी सम्बंधित मूल रजिस्ट्रीयां कहीं गुम हो गयी हैं। इसका विवरण इस प्रकार है-

विक्रेता-श्री दिनेश अग्रवाल पुत्र श्री राम अवतार पता माडल कालोनी, आवास विकास रुद्रपुर (उधमसिंह नगर) क्रेता-श्री चरनजीत लाल पुत्र श्री मोहन लाल पता मेन रोड गदरपुर (उधमसिंह नगर), जो उपनिबन्धक कार्यालय किच्छा में बही नं. 01 जिल्द नं. 380 पृष्ठ सं. 137/148 दिनांक 04.10.2010 पंजीकृत है। इसके अलावा एक अन्य रजिस्ट्री जिसका विवरण निम्न है-

विक्रेता-दिनेश अग्रवाल पुत्र श्री राम अवतार व चरनजीत लाल पुत्र श्री मोहन लाल क्रेता-श्री इन्द्रजीत कौर गिल पत्नी श्री गुरमीत सिंह पता सिंह कालोनी रुद्रपुर (उधमसिंह नगर), जो उपनिबन्धक कार्यालय किच्छा के बही-1 जिल्द नं. 551 पृष्ठ 315/334 व क्रमांक 3016 दिनांक 19.04.2011 को पंजीकृत है, जिसका खसरा सं.-73 मिन रकबा 195.93 वर्ग मी0 है।

इन दोनों रजिस्ट्रीयों के मिलने पर निम्न पते पर सूचित करें। इसका उपयोग किसी भी बैंक अथवा संस्था द्वारा पूर्णतय: अवैध माना जाएगा। उक्त प्रापर्टी यूको बैंक, शांतिपुरी में ऋण विरुद्ध साम्यमूलक बंधक की जा रही है। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो शाखा यूको बैंक शांतिपुरी अथवा संजय कुमार शुक्ला पुत्र श्री अमरनाथ शुक्ला जवाहरनगर किच्छा से 14 दिन में लिखित सम्पर्क करें।

# दशरथ-कैकेई संवाद का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर के विभिन्न स्थानों पर रामलीला की धूम मची है। रामलीला के चौथे दिन दशरथ-कैकई संवाद, राम कैकेई संवाद से लेकर राम वनवास तक की लीला का मंचन किया गया। नगर के एनटीडी, नंदादेवी, खत्याड़ी, हुक्का



क्लब, कर्नाटक खोला, राजपुरा, सरकार की आली, धारानौला आदि स्थानों पर रामलीला का मंचन हो रहा है। गुरुवार को रामलीला में मंथरा कैकई संवाद, दशरथ-कैकई संवाद, कौशल्या राम संवाद, राम वनवास आदि दृश्यों का मंचन किया गया। इस दौरान कैकई का नहीं मानुंगी तोरी बात, चाहे राजा कैसे कहो..., दशरथ का प्रिये तुम काहे होत मलीन..., कैसे पड़ी हो पलंग के ऊपर.., समेत विशुद्ध रागों पर आधारित संवादों ने दर्शकों को बांधे रखा। इधर, नंदादेवी में रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि राघव पंत, मनी नमन, वरिष्ठ पत्रकार अनिल सनवाल ने भगवान राम के चित्र पर दीप जलाकर किया। इस मौके पर यहां परितोष जोशी, कुलदीप मेर, मनोज वर्मा, तारा चंद्र जोशी, प्रकाश पांडे, अनूप साह, सुभाष अग्रवाल, राजेंद्र रौतेला, शशि मोहन पांडे, दया कृष्ण परगाई, अमित उप्रेती, संगीता पांडे, पूनम पाठक, भावना पांडे, मीनाक्षी हरबोला, सारांश मुंगोली, संजय जोशी, संदेश नेगी, पार्थ पांडे आदि मौजूद रहे।

## देवी मंदिर गूंजायमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** शारदीय नवरात्र पर शहर में दुर्गा पूजा महोत्सव और भजन-कीर्तनों की धूम मची हुई है। मंदिरों और पूजा पंडालों में दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ ही भजन मंडलियों ने माहौल को भक्तिमय बनाया है। देवी मंदिर वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजायमान हैं। शुक्रवार को मां कूष्माण्डा का विशेष पूजन किया गया। गंगोला मोहल्ला, ढुंगाधारा, लाला बाजार, राजपुरा, लक्ष्मेश्वर, चौघानपाटा, न्यू इंदिरा खत्याड़ी, धारानौला, ढुंगाधारा, ऑफिसर कालोनी आदि स्थानों में पूजा पंडाल सजे हैं। इधर, गंगोला मोहल्ला में यजनामों ने विधि-विधान से मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना की। समिति के भैरव गोस्वामी, सुशील साह, सूरज वाणी, आनंद सिंह, मनीष, कमल साह, दर्शन रावत समेत कई लोग मौजूद रहे।

# खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**द्वाराहाट।** संकुल संसाधन केंद्र द्वारसों के विद्यालयों की संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इण्टर कालेज द्वारसों में किया गया। क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता से हुआ जिसमें 50 मी. दौड़ में निर्मल राणा, प्राथमिक विद्यालय मनबजूना, 100 मी. दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ दोनों में प्रतीक कुमार टम्टा प्राथमिक विद्यालय मनबजूना, 200 मी. दौड़ में निर्भय कुमार प्राथमिक विद्यालय भैंसोली विजेता बने। प्राथमिक विद्यालय बालिका वर्ग दौड़ में 50 मी. दौड़ एवं 200 मी. दौड़ दोनों में अंकिता राणा, प्राथमिक विद्यालय मनबजूना, 100 मी. दौड़ में चित्रा प्राथमिक विद्यालय कारखेत, एवं 400 मी. दौड़ में बरखा



प्राथमिक विद्यालय मनबजूना विजेता बने। लम्बी कूद में प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग में निर्मल राणा प्राथमिक विद्यालय मनबजूना तथा बालिका वर्ग में अंकिता राणा प्राथमिक विद्यालय मनबजूना विजेता बने। खो खो में प्राथमिक विद्यालय मनबजूना की टीम विजेता रही। जूनियर स्तरीय बालक वर्ग में राजकीय जूनियर हाईस्कूल उरोली के ऋत्विक राणा 100 मी., 200 मी. व 600 मी. दौड़ में प्रथम स्थान पर तथा 400 मी. दौड़ में नमन राणा प्रथम पर रहे। जूनियर बालिका वर्ग में राजकीय जूनियर हाईस्कूल उरोली की कंचन 100 मी. दौड़ व 600 मी. दौड़ में प्रथम, 200 मी. दौड़ में पूनम, 400मीटर दौड़ में आकांक्षा प्रथम स्थान पर रहीं। जूनियर स्तर लम्बी कूद में जूनियर हाईस्कूल उरोली के नमन राणा तथा ऊंची कूद में ऋत्विक राणा ने बाजी मारी। जूनियर स्तर पर आयोजित बालक वर्ग गोला फेंक व चक्का फेंक दोनों प्रतियोगिता में जूनियर हाईस्कूल उरोली के छात्र प्रियांशु कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर हाईस्कूल उरोली की आकांक्षा जूनियर स्तर बालिका वर्ग में गोला फेंक व लम्बी कूद तथा ऊंची कूद तीनों प्रतियोगिताओं में विजेता बनी। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों में संकुल प्रभारी द्वारसों गजेन्द्र किरौला, बची बिष्ट, कमला पुजारी, सविता साह, पूजा साह, नीलम टम्टा, रमेश चंद्र पुजारी, मुमताज खान, विनीता उपाध्याय, देवेन्द्र परिहार, गीता आर्या, गोविन्द लाल, राजेन्द्र कुमार, दिनेश चंद्र, खुशबू वर्मा, प्रतिभा फर्त्याल, वीर सिंह, सुरेश कुमार, पूजा अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# पर्यावरण व पाठ्यक्रम पर चर्चा

## राजकीय हाई स्कूल छीनीगोठ में कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राजकीय हाईस्कूल छीनीगोठ चंपावत में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित प्लांट फॉर द प्लैनेट संस्था द्वारा कार्शाला आयोजित की। इस कार्यशाला में कक्षा 6 से 8 के लगभग 60 उत्साही विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को गहराई से समझा। धरती को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। इस दौरान बच्चों से सामूहिक गतिविधियां करवाई गईं। बच्चों के पर्यावरण संदेश प्रदर्शित करने वाली टी शर्ट वितरित की गई। बच्चों को प्रमाण पत्र दिए गए। स्कूल के 15, बच्चों का मेंटरशिप के लिए चयन किया गया जिनको अपने प्रोजेक्ट बनाने के लिए 2000 रुपए प्रतिमाह मिलेगा। इसके साथ ही



शिवालिक चिल्ड्रन साइंस फाउंडेशन की ओर से विद्यार्थियों के साथ उनके पाठ्यक्रम पर भी चर्चा की गई तथा आगामी परीक्षाओं के लिए उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विद्यालय के शिक्षक और कार्यक्रम संयोजक त्रिलोचन जोशी ने बच्चों से अपनी धरती के पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्लांट फॉर द प्लैनेट से धर्मेंद्र कापड़ी एवं रो. हित बिष्ट, प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी, शिवालिक चिल्ड्रन साइंस फाउंडेशन से विज्ञान मित्र विनय जोशी, शिक्षक संजय भारद्वाज, त्रिला. ेचन जोशी, पल्लव जोशी, रचित वल्दिया, पवन कुमार और ओम प्रकाश की उपस्थिति रही। प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

## शिक्षकों ने प्रधानमंत्री को भेजे खून से लिखे पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पदोन्नति देने और माध्यमिक विद्यालयों में सीधी भर्ती के खिलाफ शिक्षकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिका. रियों ने खून से पत्र लिखकर प्रधानमंत्री को भेजा और जल्द समस्याओं का समाधान करने की मांग उठाई। दरअसल, राजकीय शिक्षक संघ लंबे समय से प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती पर रोक लगाने, शत-प्रतिशत पदोन्नति व क्रमवार स्थानांतरण की मांग को लेकर आंदोलनरत है। संघ की ओर से अलग-अलग चरणों में आंदोलन चलाया जा रहा है। राजकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष भूपाल सिंह चिलवाल ने खून से लिखे पत्र को प्रधानमंत्री को भेजा। कहा कि सरकार की ओर से शिक्षा की स्पष्ट नीति नहीं बनाई जा रही है। इस कारण शिक्षकों के हितों के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

# कांग्रेस ने मांगा सीएम का इस्तीफा

## पेपर लीक प्रकरण में कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** यूकेएसएसएससी की स्नातक स्तरीय परीक्षा को लेकर उत्तराखंड में व्यापक स्तर पर प्रदर्शन हो रहे है। अल्मोड़ा में शुक्रवार को कांग्रेस ने चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

सरकार से जल्द मामले में दोषियों को सजा दिलाने और पेपर को निरस्त करने की मांग उठाई। धरना स्थल पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि आज भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा कोई पीड़ित है तो वो युवा वर्ग है। कहा कि प्रदेश की धामी सरकार में सबसे ज्यादा युवाओ का उत्पीड़न हो रहा हैं। पेपर लिक मामले में भाजपा के जुड़े हुए लोगों की संलिप्ता पाई जा रही हैं। उससे साफ स्पष्ट है कि भाजपा पेपर लिक करने



वालों को सरक्षण देने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष को अपने पद से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। यहां धरना प्रदर्शन में नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पूरन रौतेला, आनंद सिंह बिष्ट, प्रकाश चंद्र जोशी, तारा चंद्र साह, पीताम्बर पांडे, दीपक कुमार, अरविन्द रौतेला, गोविन्द मेहरा, अम्बिराम आर्य, दीप डांगी, कुंदन रौतेला, नारायण पाण्डेय, बलवंत बिष्ट, हेम चंद्र तिवारी, नवाज खान, नरेंद्र बनोला, भैरव गोस्वामी, दानिश कुरैसी, रमेश भाकुनी, दीपक, इसरार अहमद, बृजेश पाण्डेय, राधा बिष्ट, जया जोशी, विपुल कार्की, हर्ष कनवाल, देव कनवाल, अजित कार्की, जगदीश तिवारी, सुशील साह, दीवान सिंह, विनोद वैष्णव, परितोष जोशी, धीरज गैलाकोटी, शशांक माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

# पेपर रद्द कर सीबीआई जांच हो

## तिकोनिया बुद्ध पार्क में दूसरे दिन भी डटे रहे छात्र, युवा, कोरंगा का आमरण अनशन जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी पेपर लीक प्रकरण को लेकर कुमाऊं के छात्र-युवा और प्रभावित अभिभावक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गए हैं। देहरादून में शुरू हुए आंदोलन के बाद शुक्रवार को हल्द्वानी में लगातार दूसरे दिन भी युवाओं का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने उत्तराखंड सरकार से सीबीआई जांच, स्नातक-स्तरीय परीक्षा के तत्काल रद्दीकरण तथा आयोग के पुनर्गठन की मांग की है। शुक्रवार को तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र कोरंगा का आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन की शुरुआत हनुमान चालीसा के पाठ से हुई। दोपहर करीब तीन बजे सैकड़ों



युवाओं ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा।

पीएम को भेजे गए ज्ञापन में परीक्षा में पारदर्शिता, सीबीआई जांच, परीक्षा रद्द करने और आयोग भंग कर पुनर्गठन की मांग रखी गई। प्रदर्शनकारियों ने सरकार, आयोग और परीक्षा व्यवस्था को एम-सील (डैमन्स) का पैकेट भेजकर व्यंग्यपूर्ण विरोध किया। परीक्षा में लीक को बंद करने के लिए इस प्रतीकात्मक कदम का उद्देश्य भ्रष्ट तंत्र पर 'सील' लगाने का था। परीक्षार्थी धीरज कुमार ने बताया कि 'एम-सील' सरकार की कार्यप्रणाली पर व्यंग्य है, जो लीक के स्तर को दर्शाता है। उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के भूपेंद्र कोरंगा ने कहा, जब सरकार और आयोग लीकेज रोकने में नाकाम हैं, तो उन्हें एम-सील भेजकर यह याद दिलाना जरूरी है कि लीक कैसे बंद होती है। युवा एकता मंच के संयोजक पीयूष जोशी ने कहा कि हर बार सवालपत्र लीक होने की वजह से अब 'एम-सील' ही अंतिम उपाय बचता है। धरना स्थल पर छात्रों ने नारे लगाए जैसे पेपर हो या पाइपलाइन, सब जगह लीकेज! सरकार ले लो एम-सील का पैकेज! नौकरी चाहिए पारदर्शी, आयोग को चाहिए एम-सील भारी। युवाओं ने इस आंदोलन को सोशल मीडिया पर भी जोरदार समर्थन दिया। छात्रा उपाध्यक्ष ज्योति दानू ने कहा कि यह कोई मजाक नहीं, बल्कि व्यवस्था पर गंभीर व्यंग्य है। युवा पार्षद शैलेंद्र दानू ने सरकार से अपील की कि वह केवल धरनों पर पुलिस न भेजे, बल्कि लीक कराने वालों पर सख्त कार्रवाई करे। किसान मंच के प्रदेश अध्यक्ष कार्तिक उपाध्याय ने चेताया कि अगर मांगों को अनदेखा किया गया तो आंदोलन और तेज होगा। प्रदर्शन के अंत में युवाओं ने स्पष्ट कहा जब तक सीबीआई जांच, स्नातक परीक्षा का रद्दीकरण, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई तथा आयोग के पुनर्गठन नहीं होता आंदोलन समाप्त नहीं होगा। के बाद ही धरना समाप्त करेंगे। धरने में पूर्व विधायक नारायण पाल, युवा नेता विशाल सिंह भोजक, खीमेश पनेरु, प्रियंका भट्ट, गिरीश चंद्र आर्य, आयुषी बिष्ट, कविता दानू, पायल बिष्ट, पूजा बिष्ट, सूरज रावत, नीरज गंगोला, गोकुल मेंलकनी सहित कई युवा मौजूद रहे।

## अधेड़ कैदी की मौत

**हल्द्वानी।** हत्या के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे एक 52 वर्षीय अधेड़ की गंभीर बीमारी के बाद सुशीला तिवारी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक राम आसरे मूलरूप से खटीमा के निवासी था और पिछले 24 वर्षों से सितारगंज सेंट्रल जेल में बंद थे। बताया जा रहा कि राम आसरे ने 24 साल पहले जमीनी विवाद में अपने ही परिवार के एक सदस्य की हत्या कर दी थी, जिसके बाद 302 धारा के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया। हाल ही में अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी। पिछले कुछ वर्षों से वह टीबी जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित था और उनका इलाज ऋषिकेश एम्स, सितारगंज अस्पताल व सुशीला तिवारी में चल रहा था। बताया जा रहा कि बीते गुरूवार की रात्रि उसे जेल में अचानक खून की दो बार उल्टियां होने पर सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया, जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि मजिस्ट्रेट की निगरानी में पोस्टमार्टम किया गया, जिसमें कारागार और स्थानीय पुलिस भी मौजूद थी।

## छकाता वन रेंज में पौधारोपण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सेवा पर्व के अवसर पर हल्द्वानी वन प्रभाग के छकाता वन क्षेत्र में शुक्रवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण




कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभागीय वनाधिकारी कुन्दन कुमार ने की। इस अभियान की शुरुआत कालीचौड़ मंदिर परिसर से हुई, जहां जनप्रतिनिधियों ने अपनी माताओं के नाम पर पौधे रोपे और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य यह था कि आस्था के इस स्थल पर पौधों को नुकसान न पहुंचे और श्रद्धालु भी प्रेरित होकर वृक्षारोपण करें। पौधों के साथ जनप्रतिनिधियों के नाम की पट्टिकाएं भी लगाई गईं। वृक्षारोपण में जिला पंचायत सदस्य लीला बिष्ट, ग्राम प्रधान योगिता सनवाल, अमर सिंह बिष्ट, बालम सिंह नौला, तारा सिंह बिष्ट, राजू आर्या, क्षेत्र पंचायत सदस्य जीवन आर्या, गंगा देवी और अनिता आर्या शामिल रहे। इसके बाद छकाता वन क्षेत्र में सुल्ताननगरी ब्लॉक में भी पौधरोपण किया गया। इस दौरान उप प्रभागीय वनाधिकारी गणेश दत्त जोशी, वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार पंत, वन दरोगा हुकम राम, राम सिंह रावत, पान सिंह गौनिया, संगीता कोहली, वन आरक्षी प्रमोद जोशी, ओम प्रकाश, नरेश सिंह, मनिषा गड़िया, राजीव कुमार सहित कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# तरुण बसंल के स्वागत की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल के स्वागत-अभिनंदन कार्यक्रम को लेकर कुमाऊं क्षेत्र में जोरदार तैयारी चल रही है। आगामी 29 सितंबर को कोटाबाग, कालाढूंगी, लामाचौड़, बिठौरिया और मुखानी मंडलों में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के बाद भाजपा कार्यकर्ता एक विशाल रैली निकालेंगे, जो भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय पहुंचेगी और वहां सभा के साथ समारोह का समापन होगा। कार्यक्रम को लेकर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के आवास पर स्वागत समारोह की योजना को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में लामाचौड़, कालाढूंगी, कोटाबाग, बिठौरिया एवं मुखानी मंडलों के



प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे। विधायक भगत ने स्वागत समारोह की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल का यह स्वागत पार्टी की एकजुटता का प्रतीक होगा और कुमाऊं क्षेत्र में संगठन को और मजबूती प्रदान करेगा। विधायक भगत ने यह भी कहा कि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता तरुण बंसल को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी मिलने से कुमाऊं मंडल में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी और भाजपा को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। बैठक में प्रताप बोहरा, कमल नयन जोशी, संदीप सनवाल, प्रकाश पटवाल, कंचन उप्रेती, दीपक सनवाल, दिगंबर भोजक, हरीश मेहरा, महेश शर्मा, माया तिवारी, ललित नेगी, महेंद्र दिगारी, दीपक बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## चरस की तस्करी में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसओजी व मुखानी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक चरस तस्कर को गिरफ्तार किया है। चरस तस्कर के पास से 353 ग्राम चरस बरामद हुई। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी प्रभारी राजेश कुमार को मुखबिर की सूचना मिली की एक चरस तस्कर चरस लेकर आ रहा है। सटीक सूचना पर एसओजी ने मुखानी पुलिस की संयुक्त टीम के साथ अतिथि रेस्टोरेंट के सामने, सड़क किनारे, नंदपुर लामाचौड़ के पास चौकिंग शुरू कर दी। तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 353 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए चरस तस्कर ने अपना नाम नीरज कुमार पुत्र फिरोज राम निवासी फतेहपुर गुजरोड़ा मुखानी बताया।

## बीएलओ ड्यूटी से मुक्त रखे जाएं शिक्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी में लगाए जाने पर उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने विरोध जताया है। संगठन का कहना है कि इससे पहले से ही शिक्षकों की कमी से जूझ रही प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा। जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और सरकारें शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने के आदेश दे चुकी हैं, बावजूद इसके उन्हें बीएलओ बनाया जा रहा है। रामनगर विकासखंड में शिक्षकों को ड्यूटी पर लगाए जाने से भ्रम की स्थिति है। इस पर संगठन की रामनगर शाखा ने अध्यक्ष दिनेश मनराल के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी और तहसीलदार से मुलाकात कर आपत्ति दर्ज कर ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने मांगों पर संभव कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मनीता कटारिया, संजय कुमार, मनोज मोहन, नंदराम, सौरभ कुमार समेत कई शिक्षक शामिल रहे।

## स्कूलों की टाइमिंग न बदलने की मांग

**हल्द्वानी।** मैदानी क्षेत्रों में लगातार जारी भीषण गर्मी को देखते हुए वर्तमान समय सुबह पौने नौ बजे से दोपहर एक बजे तक 15 अक्टूबर तक जारी रखे जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षा संगठन के पूर्व जिलामंत्री डिकर सिंह पडियार ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शनिवार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि अक्टूबर से विद्यालयों का समय सुबह सवा नौ बजे से दोपहर साढ़े तीन तक निर्धारित है। लेकिन मौजूदा गर्मी को देखते हुए बच्चों की सेहत और सुरक्षा के लिहाज से इस बदलाव को टालने की मांग की गई है। डिकर सिंह पडियार ने ज्ञापन के माध्यम से डीएम से अनुरोध किया कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए ताकि स्कूलों का संचालन समय 15 अक्टूबर तक पुराने समय अनुसार ही रखा जाए।

# एमबीपीजी में 'महामुकाबला' आज

## छात्रसंघ: 13978 छात्र करेंगे 58 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कालेज में आज शनिवार को होने वाले छात्रसंघ चुनाव को लेकर कालेज प्रशासन सहित जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। छात्रसंघ चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद से लेकर 11 पदों के 58 प्रत्याशियों का फैसला 13978 छात्र-छात्राएं करेंगे। इस बार भी छात्रसंघ चुनाव में छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है। जिसमें छात्राओं की संख्या 8072 हैं तो वहीं छात्रों की संख्या 5906 है। छात्रसंघ चुनाव को लेकर शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन भी सर्तक हो गया। जिसके चलते प्रशासन ने महाविद्यालय के दो मीटर की परिधि पर धारा 144 भी लागू कर दी है। सभी प्रत्याशियों ने अपनी जीत को लेकर ऐड़ीचोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। इधर पुलिस प्रशासन ने साफ कह दिया हैं कि अराजकता फैलाने वाले छात्रों को किसी भी हाल में बख्शा नही जायेगा। शुक्रवार को मुख्य चुनाव अधिकारी डा. संजय खत्री ने बताया कि कल आज शनिवार को एमबीपीजी कालेज में होने वाले चुनाव को लेकर काजेज प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव में कुल 58 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। उन्होंने बताया कि सुबह नौ बजे से मतदान शुरू किया जायेगा जो दोपहर दो बजे तक चलेगा। जिसके बाद दोपहर तीन बजे से मतगणना की गिनती शुरू कर दी जायेगी। रात्रि दस बजे तक विजय प्रत्याशियों को सूची भी घोषित कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि इसबार मतदान के लिए छात्र-छात्राओं के लिए 16 बूथ बनाए हैं। जिसमें आठ बूथ छात्राओं के लिए जबकि आठ बूथ छात्र के होंगे। सभी बूथों व कालेज परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

### आईकार्ड के आधार पर होगा मतदान

मुख्य चुनाव अधिकारी डा. संजय खत्री ने बताया कि सभी छात्र-छात्राओं को आईकार्ड जारी किया गया है। इसके आधार पर ही वह अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि कालेज में बिना आईकार्ड और रसीद लाना जरूरी है। बिना उसके कालेज में और वोट नही डाल पायेंगे।

### छात्र द्वितीय व छात्राएं तृतीय गेट से जाएंगे

मतदान के दिन मुख्य गेट बंद रहेगा। जबकि कालेज का द्वितीय गेट से छात्र प्रवेश करेंगे, और कालेज के पीछे वाला तृतीय गेट से छात्राएं प्रवेश करेंगी। कालेज परिसर में सभी छात्र-छात्राओं के लिए कालेज परिसर में मोबाइल लाने पर प्रतिबंध रहेगा, और कोई भी छात्र-छात्राएं कालेज में मोबाइल लेकर प्रवेश ना करें।

### 50 कैमरों की नजर में रहेगा हर बूथ

एमबीपीजी महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव को लेकर कालेज प्रशासन ने पूरे कालेज कैंपस को सीसीटीवी से लैस किया गया है। इस बार मतदान के दौरान 50 कैमरे लोगों की गतिविधियों पर नजर रखेगा। मतदान के लिए बनाए गए सभी 16 बूथों में सीसीटीवी कैमरे लगया गए है। इसके साथ ही मतगणना को लेकर कालेज प्रशासन ने प्रत्येक मतगणना टेबल में भी सीसीटीवी कैमरे लगाये गए है। इसके अलावा दस टेबिलों में मतगणना की जायेगी।

छात्रसंघ चुनाव को शांतिपूर्वर्क संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। छात्रसंघ चुनाव के दौरान अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जायेगी। कालेज परिसर के 200 मीटर की परिधि तक तथा उक्त परिणाम आने तक धारा 144 लागू कर दी गई है।

गोपाल सिंह चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट

## औपचारिकता बनकर रह गई गैदरिंग




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के सबसे बड़े एमबीपीजी महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव मतदान से एक दिन पूर्व शुक्रवार को कालेज परिसर में छात्रनेताओं की एक आमसभा आयोजित की गई। छात्रनेताओं की यह आम सभा एक फ्लाप शो साबित रही। 13978 से अधिक छात्र-छात्राओं वाला एमबीपीजी कालेज में आज छात्रनेताओं की आमसभा में करीब 15 से 20 छात्र-छात्राओं ने ही हिस्सा लिया। आमसभा में ना तो छात्रों को दिलचस्पी थी, न ही प्रत्याशियों ने रुचि दिखाई। 58 प्रत्याशियों में से केवल छात्रसंघ अध्यक्ष कमल बोरा व सांस्कृतिक सचिव जतीन तिवारी ही आम सभा में पहुंचे। आपको बता दें कि कुछ बीते सालों से एमबीपीजी कालेज छात्रसंघ चुनाव में होने वाली गैदरिंग भी लुप्त होती जा रही है, और गैदरिंग से अच्छा छात्रनेता लोगों से रूबरू होकर मिलना प्रसंद कर रहे है। जिस कारण अब छात्रसंघ चुनाव में होने वाली गैदरिंग अब मात्र औपचारिकता बनकर रह गई। इसी आमसभा में प्रत्याशियों के भाषणों पर जीत हार तय होती थी। इसमें कालेज प्रशासन एवं सरकार की मंशा पर सवाल उठने तो लाजिमी है। चूंकि आम सभा के नाम पर बजट तो खर्च होगा ही इसका आटपुट पूरी तरह से शून्य से आगे नहीं बढ़ सका। जबकि बेहद कम छात्रों की मौजूदगी में छात्रसंघ अध्यक्ष कमल बोरा व सांस्कृतिक सचिव जतीन तिवारी ने आरोप प्रत्यारोप के बीच कई-कई आश्वासन भी दिए। प्रत्याशियों ने कहा कि आज छात्र राजनीति का स्तर गिरता जा रहा है। कुछ लोग केवल राजनीति के लिए छात्र हितों की अनदेखी कर रहे है। उन्होंने छात्रों को भरोसा दिलाया कि वह छात्रों की समस्याओं के निराकरण के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे की बात कहते हुए अपने पक्ष में मतदन करने की अपील की गई। इधर, महिला महाविद्यालय में भी प्रत्याशी अपने अपनी बातों के जरिये छात्राओं से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

## लालकुआं कोतवाल का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** नवनियुक्त लालकुआं कोतवाल ब्रजमोहन सिंह राणा का शिवसेना पदाधिकारियों ने लालकुआं पहुंचकर उनका स्वागत किया। शुक्रवार को जिला सुरक्षा प्रमुख खीमानंद बलसूनी के नेतृत्व में उन्हें शॉल ओढ़ाकर शुभकामनाएं दी गई और पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। शिवसेना प्रदेश उपप्रमुख रूपेंद्र नागर ने कोतवाल राणा से जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की बात को प्राथमिकता देने और अपराधियों पर सख्त रवैया अपनाने की अपेक्षा जताई। इस मौके पर शिवसेना महानगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, लालकुआं विधानसभा प्रभारी चंदन सिंह राणा, नगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्या, मोहन राम, ललित भट्ट समेत अन्य शिव सैनिक मौजूद रहे।

## पहाड़ी आर्मी का विस्तार, महिलाओं को जिम्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पहाड़ी आर्मी की जिला कमेटी की बैठक नवाबी रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित हुई, जिसमें संगठन का विस्तार किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र कांडपाल ने की। इस दौरान नई जिम्मेदारियों के साथ कई पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें दीपा पांडे को महिला जिला प्रभारी नैनीताल और सुमित सिंह बिष्ट को नगर प्रभारी हल्द्वानी बनाया गया। महिला जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी अंजू पांडे, बबीता जोशी और कंचन रौतेला को सौंपी गई, वहीं अंजू पांडे को जिला मीडिया प्रभारी का अतिरिक्त दायित्व भी मिला। नगर महिला कमेटी में गीता बिष्ट और दीपा मिश्रा को उपाध्यक्ष, हेमा रैकूनी



और बिना भट्ट को सचिव, जबकि कंचन रौतेला को नगर मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा, हरेंद्र राणा, लोक कलाकार पुष्कर महर, मदन फर्त्याल और महेश भट्ट को जिला उपाध्यक्ष, दीपक गोस्वामी को जिला मीडिया प्रभारी और मोहन सिंह महरा को जिला सचिव बनाया गया। नगर उपाध्यक्ष के रूप में कैलाश डालाकोटी, मनोज रावत और जय रावत, जबकि नगर सचिव पद पर किशोर आर्य और बिशन सिंह बिष्ट को नियुक्त किया गया। कृष्णकांत कफलटिया को युवा जिला अध्यक्ष, पवन ज्याला, लोकेश सनवाल और विजय भंडारी को जिला उपाध्यक्ष तथा इंद्रजीत बिष्ट को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत ने कहा कि पहाड़ की अस्मिता, संस्कृति और संसाधनों को बचाने के लिए संगठन का विस्तार जारी है और लोग तेजी से इससे जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही जिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। साथ ही प्रदेश में हो रहे भर्ती घोटाले, पेपर लीक और महिला शोषण के मामलों पर बड़ा आंदोलन शुरू करने की भी घोषणा की गई। बैठक में सुजान सिंह दशौनी, अशोक पांडे, महेश भट्ट, ललित कांडपाल, दीपा आर्य, रमा बिष्ट, दीपा चौहान, बसंती मेहरा, सरोज बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## महेंद्र नेगी ने प्रदेश अध्यक्ष भट्ट से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा किसान मोर्चा




उत्तराखंड के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नेगी ने शुक्रवार को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर नेगी ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा ने एक साधारण किसान कार्यकर्ता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपकर समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान किया है। उन्होंने किसान हितों को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए मोर्चा को मजबूत करने का मार्गदर्शन भी दिया।

# सीता स्वयंवर, लक्ष्मण-परशुराम संवाद

## काठगोदाम नगर निगम इंटर कॉलेज में रामलीला मंचन का तीसरा दिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पशुराम अत्यंत क्रोध में भरकर वे कठोर वचन बोले-रे मूर्ख जनक! बता, धनुष किसने तोड़ा? उसे शीघ्र दिखा, नहीं तो अरे मूढ़! आज मैं जहाँ तक तेरा राज्य है, वहाँ तक की पृथ्वी उलट दूँगा। यह दृश्य देखकर लोग भाव विभोर हो गए। नगर निगम इंटर कालेज के प्रांगण में चल रही रामलीला मंचन के दौरान बेहद आकर्षक मंच पर महाराजा जनक ने जनकपुरी में सीता स्वयंवर का आयोजन किया। इसमें तमाम देशों के बलशाली राजा-महाराजा शामिल हुए। बड़े बड़े योद्धाओं ने शिव धनुष को उठाने का प्रयास किया लेकिन हिला भी न सके। रामलीला के मंचन कार्यक्रम में दर्शाया गया कि जनकपुरी में स्वयंवर में भाग लेने वाले राजा महाराजाओं में लंकापति




राजा रावण और वाणासुर भी पहुंचे। इस दौरान रावण व वाणासुर के बीच हुआ संवाद काफी प्रभावशाली रहा। महाराजाओं ने शिव धनुष उठाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। महाराजा जनक दुखी होकर कहने लगे कि लगता है धरती वीरों से खाली हो गई है। इस पर श्रीराम के साथ स्वयंवर में शामिल लक्ष्मण क्रोधित हो उठे। वह ललकारते हुए धनुष उठाने बढ़े। उन्हें गुरु ने रोका और श्रीराम को धनुष उठाने को कहा। श्रीराम ने भगवान शिव धनुष को उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते ही धनुष टूट गया। इस दृश्य के मंचन के साथ ही जमकर आतिशबाजी शुरू हो जाती है, और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ पूरा मैदान भक्तिमय हो जाता है। इसके बाद श्रीराम व सीता का विवाह संपन्न होता है। इसके बाद लक्ष्मण व परशुराम के जोशीले संवाद सुनकर दर्शकों की स्थिति भी विचित्र बन जाती है, जिसके बाद प्रभु राम भगवान परशुराम से बात करते हैं, जिसके बाद भगवान परशुराम को पता चलता है कि धरती पर स्वयं नारायण ने जन्म लिया है, जिसके बाद उनका गुस्सा शांत हो जाता है। मंचन का शुभारंभ मुख्यअतिथि डा. महेश शर्मा, कांग्रेस प्रवक्ता नीरज तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित किया। इस मौके पर हारमुनियम वादक शेखर कपिल, तबला वादक दूबे भाई, अध्यक्ष संदीप राणा, मोहन बिष्ट, कुंदन बिष्ट, भुवन तिवारी, जगत सिंह जग्गू, प्रतिक बिष्ट, कमल कुंवर, भीम बिष्ट, राजू रावत आदि मौजूद थे।

## हादसे में लगी गुमचोट से युवक की मौत

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे में घायल एक युवक की उपचार के दौरान बरेली के राममूर्ति अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गोरापड़ाव हल्द्वानी निवासी 30 वर्षीय प्रेम पाल पेशे से एक पेंटर है और करीब एक सप्ताह पूर्व एक अज्ञात वाहन वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था लेकिन उसने प्राथमिक उपचार के बाद घर चला गया और काम पर जाने लगा। लेकिन बीते बुधवार को उसकी अचानक तबियत फिर बिगड़ गई और उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर हालत नाजुक होने पर उसे बरेली राममूर्ति रेफर कर दिया। जहां उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों का कहना है कि सड़क हादसे में प्रेमपाल को गंभीर चोटे लगी थी जिससे उसने नजरअंदाज कर दिया था। जिसके चलते उसकी मौत हुई।

## जयंती पर मनमोहन सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की जयंती पर



शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कालू सिद्ध मंदिर के पास जरूरतमंदों को जूस के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान डा. मनमोहन सिंह के योगदान को याद करते हुए राजेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र सुयाल और जसविंदर भसीन ने कहा कि डा. सिंह न केवल एक ईमानदार और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व थे, बल्कि उन्होंने भारत को आर्थिक रूप से सशक्म्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को एक ऐसा प्रधानमंत्री दिया, जिसकी ईमानदारी और नीतियों को आज भी पूरा देश याद करता है। इस मौके पर जूस वितरण कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र सुयाल, जसविंदर भसीन, इसाक खान, चंद्र मोहन सिंह, जीवन सिंह, संभल करण आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ पर एसएसपी का बड़ा एक्शन

## रम्पुरा चौकी प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** डिग्री कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव नामांकन के दौरान हुए बवाल और फायरिंग प्रकरण में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बड़ा एक्शन लेते हुए रम्पुरा चौकी इंचार्ज प्रदीप कोहली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके अलावा अपर सब इंस्पेक्टर अमित कुमार और कांस्टेबल गणेश धानिक को भी निलंबित कर दिया है। बताया गया कि नामांकन के समय प्रत्याशियों के समर्थक आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते दोनों गुटों में मारपीट और फायरिंग शुरू हो गई। अचानक हुई इस घटना से राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरा-तफरी और जाम की स्थिति बन गई। जबकि उच्चाधिकारियों ने पहले ही चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिए थे।

आईजी कुमाऊं डा.रिद्धिम अग्रवाल ने स्पष्ट कहा था कि चुनाव के दौरान किसी प्रकार का बवाल हुआ तो संबंधित थाने और चौकी प्रभारी को जिम्मेदार माना जाएगा। इसके बावजूद रम्पुरा चौकी क्षेत्र में बवाल थम नहीं सका और हालात बिगड़ते चले गए। घटना के बाद एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सख्ती दिखाते हुए न केवल चौकी इंचार्ज प्रदीप कोहली बल्कि अपर सब इंस्पेक्टर




अमित कुमार और कांस्टेबल गणेश धानिक को भी निलंबित कर दिया। एसएसपी ने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कठोर कार्रवाई होगी और पुलिस की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि कॉलेज गेट के बाहर हुई फायरिंग की घटना में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि गोलीकांड के आरोपियों को हर हाल में पुलिस की गिरफ्त में लाया जाएगा। साथ ही, 27 सितंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव के लिए उन्होंने छात्रों से निडर होकर मतदान करने की अपील की। एसएसपी ने बताया कि चुनाव के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे, ताकि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित हो सके।

# बेकाबू कार ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

■ **पुलिस ने शव का कब्जे में लेकर कार चालक की तलाश शुरू की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गुरुवार की सायं गदरपुर के करतारपुर मोड़ पर कार की टक्कर से बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। जानकारी मिलने पर पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार ग्राम अमरपुरी गुमचौया निवासी 35 वर्षीय सुरजीत कौर पत्नी देवेन्द्र सिंह यहां ग्राम बागवाला में स्थित एक फैक्ट्री में काम करती थी। उसका पति भी मजदूरी करता है। बताया जाता है कि गुरुवार की सायं



सुरजीत कौर ड्यूटी समाप्त कर फैक्ट्री बाहर आई और फैक्ट्री के ही एक कर्मी रमेश से लिफ्ट मांगकर उसके साथ बाइक पर सवार होकर घर के लिए रवाना हुई।

मार्ग में करतारपुर मोड़ पर गुरूद्वारा के पास पीछे से तेज गति से आती कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे सुरजीत कौर व रमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन सुरजीत को उपचार के लिए गदरपुर सरकारी चिकित्सालय में ले गये जहां से उसे अन्यत्र रैफर कर दिया गया, लेकिन सुरजीत कौर ने दूसरे चिकित्सालय ले जाते मार्ग में ही दम तोड़ दिया।

मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि परि. जनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं घायल रमेश का चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

## एक नजर

# चुघ काशीपुर जिले के भाजपा सह प्रभारी नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** भाजपा प्रदेश संगठन ने विगत दिवस रुद्रपुर के वरिष्ठ युवा भाजपा नेता भारत भूषण चुघ की पार्टी में लंबे समय से सक्रिय भूमिका और निष्ठा को देखते हुए उन्हें भाजपा काशीपुर जिला क्षेत्र का सह प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन की ओर से जो दायित्व चुघ को सौंपा गया है उसके पीछे उनकी बेहतर छवि और कार्यकरने की लगन, कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल सहित उनके पिछले तमाम कार्यों को देखा जा रहा है, साथ ही आगामी चुनावों के मद्देनजर भी उनको यह दायित्व सौंपा गया है।

**राष्ट्रीय और प्रदेश पदाधिकारियों का चुघ ने जताया आभार**

बता दें कि वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ पूरे तराई में एक वरिष्ठ समाजसेवी के रूप में भी अपनी पहचान रखते हैं। पार्टी संगठन द्वारा सौंपी जिम्मेदारी के साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने भी काशीपुर क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को तेज करते हुए कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों का सिलसिला आरंभ कर दिया है। वहीं दूसरी ओर चुघ ने ताजपोशी पर उन्होंने दुष्यंत गौतम राष्ट्रीय महामंत्री व उत्तराखंड प्रभारी रेखा वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तराखंड सह प्रभारी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और प्रदेशमहामंत्री संगठन अजेय कुमार से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया।

# अपराध मुक्त अभियान के तहत एक वारंटी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिहंनगर द्वारा वारंटी/नशेड़ियों के खिलाफ चलाए गए अपराध मुक्त अभियान के क्रम में पुलिस ने फरार एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। ज्ञात हो कि उधम सिंह नगर के तेज तर्रार कर्मठ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के आदेशानुसार वारंटियों की धरपकड़/गिरफ्तारी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में कोतवाली जसपुर पुलिस टीम द्वारा न्यायालय पोक्सो कोर्ट रुद्रपुर से जारी वारण्ट के अनुपालन में एक वारण्टी जितिन कुमार पुत्र रामकुमार निवासी फथे उल्लाहगंज थाना ठाकुरद्वारा उत्तरप्रदेश को उसके घर फतेह उल्ला गंज ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) से गिरफ्तार किया गया, जो की काफी लम्बे समय से फरार चल रहा था। जिसे जांच उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा । पकड़ने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संतोष देवरानी, हे.का. देशराज,आरक्षी प्रणय राठी, आरक्षी अशोक कुमार आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# पुलिस पाठशाला में विद्यार्थियों को दी कानून की जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रा.उ.मा.वि. महेशपुरा में आयोजित पुलिस पाठशाला में बाजपुर सीओ विभव सैनी ने विद्यार्थियों को कानून, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति, साइबर क्राइम, कर्तव्य, दृदृढ़ इच्छाशक्ति एवं अनुशासन आदि के बारे में विस्तार से बताया।

इस मौके पर बीडीसी सदस्य सुरेश सैनी, विद्यालय प्रधानाचार्य एसएन सिंह, शिक्षक एसके सिंह ,एस.के.त्रिपाठी, सी.एम.पाण्डेय, पंकज वर्मा, मंजू कुमारी, राधेश्याम, हरिओम सिंह, लक्ष्मी, ललिता आदि उपस्थित रहे।

# सिक्स सिग्मा में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हर वर्ष की भांति बड़े उत्साह और उल्लास के साथ विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। विश्व फार्मासिस्ट डे का मुख्य विषय थिंक हेल्थ थिंक फार्मासिस्ट है।

विश्व फार्मासिस्ट दिवस के मुख्य अतिथि डा. सरिता श्रीवास्तव, डा. अंजू बिष्ट, बाल फार्मा एचआर हेड कामिनी, इंचार्ज आर एंड आरडी सुषीमा लैब अरुण कुमार रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर छात्रा द्वारा सरस्वती वंदना कर प्रारंभ किया गया। इस वर्ष वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति



हेतु संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया तथा साथ ही साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जैसे की पोस्टर प्रेजेंटेशन, रंगोली प्रतियोगिता, एक्टेंपोर, डिबेट कंपटीशन, क्विज कंपटीशन, रस्साकस्सी था। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया गया। फार्मेसी प्रधानाचार्य डा. प्रकाश पंत ने बताया कि सभी फार्मेसी पेशेवरों को भारत के हर कोने में स्वास्थ्य सुधार एवं स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली में फार्मासिस्टो की भूमिका को बढावा देने एंव समाज मे उनकी पहचान बनाने जैसी गतिविधियो को प्रोत्साहित करना है।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डाबर, उपाध्यक्ष प्रीत ग्रोवर, निर्देशिका डा. सीमा अरोरा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर वंश डाबर, शौर्य अरोरा, फार्मेसी प्रधानाचार्य डा. प्रकाश पंत, संस्थान प्रमुख ललित सिंह बिष्ट, नर्सिंग प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सीएओ अनुभव बाठला, टीएनपी हेड रजत धवन एवं संस्थान के सभी शिक्षक शिक्षकों ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस की सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की बधाई दी। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ सभी शिक्षक-शिक्षिका गण भी उपस्थित रहे इस कार्यक्रम का पूर्ण सञ्चालन आलिया नाज द्वारा किया गया ।

# रक्तदान शिविर का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पूरे देश में 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा दिवस मनाया जा रहा है। पं. दीन दयाल उपाध्याय के जयंती पर जिसके तहत आज अपनी जिंदगी अपना संसार फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं के सहयोग से पुराने जवाहरलाल नेहरू जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।



शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक व जिला सह प्रभारी काशीपुर भारत भूषण चुघ ने किया। श्री चुघ ने कहा कि आज राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में महिलाएं अपना अमूल्य योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिसमें पूरे देश की जनता बढ़-चढ़कर प्रतिभाग कर रही है, जिससे प्रतीत होता है कि देश की जनता आज पीएम मोदी पर अपना पूर्ण विश्वास रखती है। संस्था के अध्यक्ष सरिता ठाकुर ने बताया कि संगठन द्वारा पिछले कई वर्षों से रक्तदान शिविर के अलावा अनेक सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। जिसमें महिलाएं अपना योगदान दे रही हैं। इस दौरान गुंजन पवार, नरेंद्र सिंह, मनीष पवार, जितेंद्र शर्मा, रविंद्र शर्मा, गीता रौतेला, अभिजीत सिंह, समीर समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# महापौर ने किया निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी) द्वारा टाटा मोटर्स लिमिटेड, पंतनगर के सहयोग से आदर्श कालोनी घास मण्डी स्थित कम्युनिटी हॉल में तीन माह के निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर विकास शर्मा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों के लिए संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य उन्हें डिजिटल साक्षरता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है।

महापौर विकास शर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की और कहा कि यह दिन उन सभी युवाओं और महिलाओं के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है, जो अपने जीवन में कुछ नया सीखकर



आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं।

इस तरह के कार्यक्रम न केवल तकनीकी ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। महापौर ने कहा कि उत्तराखंड सरकार, विशेष रूप से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश भर में युवाओं एवं मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने बताया कि अब प्रदेश का युवा केवल सरकारी नौकरियों के पीछे नहीं भाग रहा, बल्कि स्वरोजगार की दिशा में भी तेजी से अग्रसर हो रहा है। टाटा मोटर्स के सहयोग से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। मंच का संचालन आईएसडी की परियोजना निदेशक बिन्दुवासिनी ने किया। इस अवसर पर टाटा मोटर्स के सीएमएस विभाग से डीजीएम हरिप्रसाद, मंजीत सिंह, मोतीलाल सहित लक्ष्मी, कनकलता, रचना, ममता, चमन कोली, नन्दी, विजय नेगी, ममता नेगी, मनीष कर्नाटक, ममता आर्या आदि उपस्थित रहे।

# आरएएन स्कूल में हुआ 'स्पिक मैक' कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आरएएन पब्लिक स्कूल, भूरारानी में 'स्पिक मैक' के अंतर्गत एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम रुद्रपुर के पीसीएस अधिकारी नरेश दुर्गापाल रहे। विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एचके राय तथा निद. ेशक मोहित राय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसे मुख्य अतिथि, विशेषअतिथि, कार्यक्रम संयोजक सार्थक अरोड़ा तथा प्रमुख कलाक. ार तारा पदाराजक ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य आकर्षण पुरुलिया छऊ नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति रही, जिसे तारा पदाराजक ने प्रस्तुत किया। उन्होंने 'महिषासुर मर्दिनी' की कथा को नृत्य के माध्यम से जीवंत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कक्षा 8, 9, 10 के विद्यार्थियों ने दर्शक के रूप में प्रस्तुति का आनंद लिया और



भारतीय संस्कृति के इस अनोखे स्वरूप से गहराई से जुड़े।

विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना भनोट ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे मन और हृदय को अनुशासन, समर्पण, सृजन शीलता और सामंजस्य का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल हमें कला और संस्कृति की सुंदरता से समृद्ध करता है बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की भी याद दिलाता है कि हम अपने सांस्कृतिक खजाने को सुरक्षित और संरक्षित रखें। विद्यालय के निदेशक मोहित राय ने विद्यार्थियों को 'महिषासुर मर्दिनी' की कथा का महत्व और उससे जुड़ी सीख बताई। उन्होंने कहा कि यह कथा हमें बुराई पर अच्छाई की विजय और साहस, शक्ति तथा सत्य की रक्षा का प्रेरक संदेश देती है।

मुख्य अतिथि नरेश दुर्गापाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और सादगी ही सफलता का सच्चा मार्ग है। इसके कोई शॉर्ट कट नहीं होते। विद्यार्थियों को इन गुणों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी रहा।

# प्रधान संघ अध्यक्ष को उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** उत्तरांचल पंजाबी महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सत्कार ढाबा के स्वामी व नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष प्रधान संघ जसपुर गुरमेज सिंह प्रधान को सम्मानित किया।



मीडिया से बातचीत करते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष व उत्तरांचल पंजाबी महासभा के महामंत्री हरिओम सिंह ने बताया कि समाजसेवी व सत्कार ढाबा के स्वामी गुरमेज सिंह ने ग्राम वासियों की मांग पर अपने जीवन का पहला चुनाव लड़ा और पहली बार में ही वह ससम्मान प्रधान चुन लिए गए। इसके पश्चात जसपुर ब्लॉक के प्रधानों ने सर्वसम्मति से उन्हें निर्विरोध प्रधान संघ का अध्यक्ष भी चुना। उनकी इस उपलब्धि पर समस्त पंजाबी समुदाय को गर्व है। इस अवसर पर पंजाबी महासभा के अध्यक्ष महेंद्र अरोड़ा ,महामंत्री हरिओम सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार अरोड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिलोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष सतीश नरूला, हरीश कुमार ग्रोवर, ललित कुमार शर्मा, विजय कुमार रहेजा, दीपक कुमार समेत दर्जनों पंजाबी समुदाय के लोग उपस्थित रहे ।

# नामांकन में दहशत फैलाने वाले तीन शातिर दबोचे

■ **अवैध तमंचा और कारतूस बरामद , जांच जारी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बीती 24 सितंबर को सरदार भगत सिंह डिग्री कॉलेज में छात्रसंघ अध्यक्ष पद के नामांकन के दौरान हुई हिंसक फायरिंग और झड़प मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए तीन कुख्यात अपराधियों को पकड़ लिया। इनमें से एक आरोपी के पास से अवैध तमंचा भी बरामद हुआ।

घटना के दौरान छात्र गुटों में गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और कई राउंड फायरिंग से अफरातफरी का माहौल बन गया था। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, गवाहों और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर तैनात टीमों को सक्रिय किया। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने ब्लॉक रोड, बंसल धर्मकांटा और किच्छा रोड क्षेत्र से आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रखवीर सिंह, दानिश और गुरपेज सिंह के रूप में हुई है। तीनों पर पहले से ही गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। दानिश के पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ, उस पर हत्या जैसी संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। गुरपेज सिंह का नाम कुख्यात फसियापुर गोलीकांड में भी सामने आ चुका हैं। रखवीर सिंह कई फायरिंग घटनाओं व गैंगस्टर एक्ट के मामलों में पहले भी जेल जा चुका है। इस संबंध में थाना रुद्रपुर में मुकदमा संख्या 478/2025 दर्ज किया गया है। इसमें भारतीय दंड संहिता की कई धाराएं जैसे 109, 125, 352, 190, 191 और 191(3) शामिल की गई हैं। आरोपियों को पनाह देने वाले अन्य लोगों के खिलाफ भी पुलिस विवेचना कर रही है।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि अपराधियों और अराजक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कॉलेज परिसर और सार्वजनिक स्थलों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस हर स्तर पर सख्त कदम उठा रही है और दोषियों को कठोरतम कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा प्रारम्भ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम बरहैनी में बुक्सार रोड पर स्थित मां बाल सुंदरी दुर्गा मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

कथा कथावाचक पंडित हरीश भट्ट के सानिध्य में चल रही है। कथा के मुख्य यजमान माधवानंद थुवाल सपत्नीक है। कलश यात्रा में महंत भगवान गिरी, महंत जमुना गिरी, महंत श्याम गिरी, महंत सावन पुरी, लकड़ बाबा, बुद्ध बाबा, भवानी थुवाल, बीना सेमवाल, पूनम सेमवाल, सरस्वती सेमवाल, गीता सेमवाल, आरती सेमवाल, पूनम नेगी, मंजू भट्ट, बबीता सेमवाल, तुलसी सेमवाल, ममता काण्डपाल, चन्द्रा काण्डपाल, पूनम काण्डपाल, ममता सागर, रीना, पार्वती देवी, तनुजा, चांदनी, रूचि आदि थे।

# छात्र संघ चुनाव को लेकर आम सभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में शनिवार को होने वाले छात्र संघ चुनाव के लिए शुक्रवार को आम सभा का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को लुभाने के लिए प्रत्याशियों ने विभिन्न वादे किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा.नरेश कुमार ने बताया कि आम सभा में अध्यक्ष पद के लिए कृष्ण कुमार, कंचन पाण्डे, दीपक सिंह रावत, नितेश कुमार शर्मा व समीर अहमद कुरैशी ने अपने विचार रखे। छात्र उपाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय, सचिव पद के लिए मनीष जोशी व विजय बिष्ट, संयुक्त सचिव पद के लिए अभिनव लटवाल व बिलाल जाफरी, सांस्कृतिक सचिव में कृतिका मैंदोलिया, कोषाध्यक्ष पद पर सक्रान्त सिह, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि हेतु रोहित नेगी ने अपने-अपने अंदाज में विचार रखे। आम सभा की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.एम.सी.पाण्डे ने की। मंच संचालन डॉ. डी.एन.जोशी ने किया। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्र संघ निर्वाचन के लिए तैयारियां पूरी कर ली है। शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा। दोपहर 3:00 बजे से मतगणना एवं परिणामों की घोषणा की जाएगी। परिणामों की घोषणा के तत्काल बाद प्राचार्य द्वारा विजयी छात्र संघ पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। महाविद्यालय में सात मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इस बार कुल 4228 छात्र-छात्राएं मतदान करेंगे, जिसमें 1429 छात्र व 2799 छात्राएं अपने मत का प्रयोग करेंगी।



# उत्तराखंड गन्ना पर्यवेक्षक संघ ने किया एग्रीस्टेक सर्वेक्षण का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** चीनी मिल नादेही में कार्यरत पर्यवेक्षक (राजकीय) व उत्तराखंड गन्ना पर्यवेक्षक संघ की उधम सिंह नगर कार्यकारिणी द्वारा सहायक गन्ना आयुक्त उधम सिंह नगर को ज्ञापन देकर एग्रीस्टेक डिजिटल क्रॉप सर्वे से गन्ना पर्यवेक्षकों को मुक्त रखने हेतु ज्ञापन सौंपा गया।

मीडिया से रूबरू होते हुए संघ द्वारा अवगत कराया कि गन्ना पर्यवेक्षकों द्वारा गन्ना सर्वे सूची प्रदर्शन, उपज बढ़ोतरी आवेदन, नवीन सदस्य पंजीकरण, शरद



कालीन गन्ना बुवाई, बीज की व्यवस्था, पौधशाला अधिष्ठापन आदि समस्त विभागीय कार्य किए जाते हैं। एग्रीस्टेक योजना में सर्वेक्षण कार्य करने से विभागीय कार्य प्रभावित होंगे तथा गन्ना पर्यवेक्षकों की योग्यता केवल इंटर स्तरीय (अतकनीकी) है, जबकि एग्रीस्टेक डिजिटल क्रॉप सर्वे एक तकनीकी कार्य है। जिस पर सहायक गन्ना आयुक्त उधम सिंह नगर द्वारा तत्काल आयुक्त गन्ना एवं चीनी महोदय को अग्रसारित कर जिलाधिकारी को प्रतिलिपि की गई। इसमें जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह, जिलामंत्री दुष्यंत राणा, प्रांतीय मंत्री भागीरथ, प्रांतीय संयुक्त मंत्री जितेंद्र कुमार, जिलाध्यक्ष राज्य संयुक्त परिषद पवन शर्मा, विनोद कुमार एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी अरविंद यादव जी उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने कुछ मांगो को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम को दिया। उन्होंने कहा कि कोर्ट के निर्देश और राज्य सरकार द्वारा जारी, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखे जाने के शासनादेश के पश्चात भी शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी में लगाए जाने से प्राथमिक शिक्षक संगठन ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। संगठन का कहना है कि इससे पूरी प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था चरमरा जाएगी, क्योंकि पूर्व से ही प्रारंभिक शिक्षा शिक्षकों की कमी से जूझ रही है। अधिकांश विद्यालय एकल शिक्षकों के भरोसे संचालित हैं।

# राम ने तोड़ा धनुष, माता सीता से हुआ विवाह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नवयुवक रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला मंचन में गुरुवार की रात धनुष यज्ञ की भव्य लीला का आयोजन हुआ। नगर के गांधी मैदान में आयोजित रामलीला मंचन देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक मैदान में जुटे। चारों ओर "जय श्रीराम" के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

मंच पर जैसे ही भगवान राम ने शिव धनुष को उठाया दर्शक खुशी से झूम उठे। इस दृश्य को देखने के लिए मैदान में मौजूद लोग मोबाइल कैमरों में क्षण को कैद करते नजर आए। धनुष यज्ञ की लीला के दौरान राम-सीता मिलन का भावनात्मक दृश्य भी प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों के मन को छू लिया। रामलीला कमेटी की ओर से मंचन की भव्य सजावट की गई थी। धनुष यज्ञ की लीला देखने के लिए न केवल बुजुर्ग बल्कि महिलाएं और बच्चे भी बड़ी संख्या में पहुंचे। बच्चों में श्रीराम के धनुष तोड़ने वाले दृश्य को देखने का उत्साह देखते ही बन रहा था। जैसे ही। प्रभु श्री राम के धनुष को तोड़ उसके बाद माता सीता ने प्रभु राम के गले में वरमाला डाल उन्हें अपना वर चुना। लोग परिवार सहित रामलीला का आनंद लेते रहे और बार-बार "जय श्रीराम" के जयकारों से माहौल गूं. जता रहा। इस दौरान इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, संरक्षक संजय अग्रवाल, संस्थापक विशाल अग्रवाल, नीरज सिंह, गौरव गुप्ता, सचिव मयंक पन्त, कोषाध्यक्ष अमित परवेज, मेला संचालक हरीश भट्ट, प्रतिभा अग्रवाल, पूनम कोहली, गीता गुप्ता, सुषमा गुप्ता, दीप्ति सिंह, दीपक राय, मौजूद रहे।

# कबाड़ की दुकान से नशे का जखीरा बरामद

■ **नशा तस्कर कबाड़ी को गिरफ्तार कर किया मुकदमा दर्ज**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** पुलिस ने कबाड़ की दुकान में छापामार कर भारी मात्रा में नशे का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने नशा तस्कर कबाड़ी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक कबाड़ की दुकान की आड़ में नशीली सामग्री बेची जा रही है। कोतवाल ने बताया कि उनके निर्देशन में एक टीम गठित कर पुलिस टीम का नेतृत्व वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद मौनियाल सौंपा गया। पुलिस टीम ने बीती सायं वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद मौनियाल की अगुवाई में रेलवे स्टेशन के सामने अखलाख कबाड़ की दुकान में छापामार कर चैकिंग की तो अखलाख पुत्र अब्दुल वहीद निवासी वार्ड नंबर 15 जनता इंटर कॉलेज के पास कुरैशी मोहल्ला किच्छा जिला उधम सिंह नगर के कब्जे से 300 अदद प्रतिबंधित नशीली गोलियां एवं 20 अदद डायजेपाम इंजेक्शन 10mg/2ml बरामद हुए। पुलिस टीम ने बरामद नशीले मादक पदार्थो के जखीरे को कब्जे में लेकर एवं नशा तस्कर अखलाख को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई।

पुलिस पूछताछ में तस्कर अखलाख ने बरामद नशे के इंजेक्शन एवं गोलियों के सम्बन्ध में जानकारी दी कि वह नशीले एंव मादक पदार्थ वाहिद नाम के व्यक्ति से लाया था, जो किच्छा नगर का ही निवासी है। पुलिस ने नशा तस्कर अखलाक के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेजा है। पुलिस टीम में प्रभारी निरी. धीरेन्द्र कुमार.वरिष्ठ उ. निरी. राजेंद्र प्रसाद, उ.नि. हेम चन्द्र तिवारी चौकी प्रभारी दरऊ,हे. का. कुलदीप आर्य, का. देवराज सिंह आदि थे।

## एक नजर

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** सेवा पर्व पखवाड़ा के अवसर पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत धारचूला ब्लॉक में स्वास्थ्य एवम बहुउद्देश्यीय वृहद शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष शशि थापा, ब्लॉक प्रमुख मंजुला बुदियाल, राज्य जनजाति आयोग के अध्यक्ष अशोक



नबियाल, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र बुदियाल, उपजिलाधिकारी जितेन्द्र वर्मा, डीपीआरओ हरीश आर्या द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से बाल रोग विशेषज्ञ, दंत रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक कान गला रोग, फिजिसियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ गए थे। जिनके द्वारा कुल 1183 मरीजों को देखा गया। जहा पर 203 लोगों का ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और शुगर जांच की गयी, कुल 50 अल्ट्रासाउंड, 34 एएनसी, 24 खून की जांच, 97 लोगों का एक्स रे, 8 लोगों की बलगम की जांच की गयी। 22 लोगों ने रक्तदान किया और 67 लोगों ने रक्तदान हेतु पंजीकरण करवाया। शिविर में कुल 13 लोगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र, 11 आयुष्मान कार्ड बनाये गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एस एस नबियाल, उप जिला चिकित्सालय धारचूला के चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेश गुंज्याल, ब्लॉक प्रोगाम मैनेजर प्रदीप रौतेला समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ताड़केश्वर, डिप्टेश्वर, मल्लाड़ेश्वर में खोलें लकड़ी टाल: आंदोलनकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** चाराल क्षेत्र के ताड़केश्वर, डिप्टेश्वर और मल्लाड़ेश्वर श्मशान घाटों में लकड़ी टाल खोलने की मांग मुखर हो गई है। दर्जा राज्यमंत्री श्याम नारायण पाण्डेय को ज्ञापन सौंपकर इसको अमलीजामा पहनाने का अनुरोध किया गया है।



इस संबंध में वंचित राज्य आंदोलनकारी संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र पांडेय ने बताया कि डिप्टेश्वर, ताड़केश्वर और मल्लाड़ेश्वर श्मशान घाटों में हर दिन अंतिम संस्कार होते रहते है, लेकिन शोकाकुल परिजनों नगर व गांववा. सियों को लकड़ी को लेकर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और मुख्यालय के लकड़ी टाल से काष्ठ लाने की मजबूरी होती है। जिसमें समय और वाहन आदि के ढुलान में अतिरिक्त धन लगता है। जबकि मल्लाड़ेश्वर में तो कच्ची लकड़ी में अंतिम संस्कार करना मजबूरी बना है। जिससे वहां छोटे बडे हरे पेड़ काटने की मजबूरी होती है। लिहाजा तीनों श्मशान घाटों पर टिन सैड के साथ लकड़ी टाल खोले जाएं। जिससे आम जनता को राहत मिलेगी और पर्यावरण संरक्षण होगा। इस मामले में दर्जा राज्यमंत्री श्याम नारायण पाण्डेय ने जरुरी कार्रवाही का भरोसा दिलाया है।

**अंतिम संस्कार में आ रही परेशानियां, 'दर्जा राज्यमंत्री पांडेय को सौंपा ज्ञापन**

# साइबर सुरक्षा और बाल विवाह के प्रति बच्चों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** राउमावि खूनाबोरा में यूथ एंड ईको क्लब प्रभारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय की अध्यक्षता और पीएलवी तारा सिंह के संचालन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।



विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम में तारा सिंह ने बच्चों को नशे से दूर रहने, बाल विवाह की रोकथाम, नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों व उनके रोकथाम, एससी एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, साइबर सुरक्षा, गुड टच बैड टच आदि के बारे में विस्तृत कानूनी जानकारी दी। इस दौरान शैलेश मटियानी राज्य उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने छात्र छात्राओं को विधिक जागरूकता शिविर के महत्व तथा विधायिका द्वारा दिए जाने वाले संरक्षण की विस्तृत जानकारी दी तथा आगंतुकों का आभार जताया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक खीमानंद पाण्डे, सुरेन्द्र लाल, कैलाश गहतोड़ी, नवीन जोशी, राजेश्वरी जुकरिया, कमला जोशी आदि उपस्थित रहे।

# पर्यावरण कार्यशाला का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राजकीय हाईस्कूल छीनीगोठ में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित प्लांट फॉर द प्लैनेट संस्था द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कक्षा 6 से 8 के उत्साही विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व को व्यापक रूप से समझा।




संस्था द्वारा धरती को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया गया। इस दौरान बच्चों से सामूहिक गतिविधियां कराते हुए बच्चों के पर्यावरण संदेश प्रदर्शित करने वाली टी शर्ट वितरित की गई। बच्चों को प्रमाण पत्र दिए गए। साथ ही स्कूल के 15,बच्चों का मेंटरशिप के लिए चयन किया गया जिनको अपने प्रोजेक्ट बनाने के लिए 2000 रुपये प्रतिमाह मिलेगा। इसके साथ ही शिवालिक चिल्ड्रन साइंस फाउंडेशन की ओर से विद्यार्थियों के साथ उनके पाठ्यक्रम पर भी चर्चा की गई तथा आगामी परीक्षाओं के लिए उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में लगभग 60 बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक कार्यक्रम संयोजक त्रिलोचन जोशी ने बच्चों से अपनी धरती के पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया।इस कार्यशाला के द्वारा बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के साथ साथ, उनकी शैक्षिक प्रगति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी सशक्त करने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर प्लांट फॉर द प्लैनेट से धर्मेंद्र कापड़ी, रोहित बिष्ट, प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी, शिवालिक चिल्ड्रन साइंस फाउंडेशन से विज्ञान मित्र विनय जोशी, शिक्षक संजय भारद्वाज, त्रिलोचन जोशी,पल्लव जोशी, रचित वल्दिया,पवन कुमार और ओम प्रकाश की उपस्थिति रही। प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

# पहाड़ी नृत्य वेशभूषा और मिसेज रामनगर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रेड रेना हिमालय रिसर्च डेवलपमेंट और भाजपा नेत्री आशा बिष्ट, संजय बिष्ट,तारा सती और उनकी पूरी टीम द्वारा पहाड़ी नृत्य वेशभूषा और मिसेज रामनगर का एक कार्यक्रम रामनगर के एक होटल में आयोजित किया गया।जिसमें बच्चों और महिलाओं ने पहाड़ी नृत्य वेशभूषा और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। आशा बिष्ट और उनकी टीम द्वारा अच्छा कार्यक्रम आयोजित किया गया। रामनगर प्रतियोगिता में नेहा बिष्ट प्रथम, गंगा राणा को द्वितीय पुरुस्कार दिया गया। एकल नृत्य बालिका प्रथम स्थान अर्पिता पपने,द्वितीय सभ्ययोगिता नैनवाल,तृतीय पाखी पाठक, ग्रुप डांस प्रथम किरण बिष्ट एंड ग्रुप द्वितीय अंजू ग्रुप, तीसरा स्थान लकी ग्रुप ,एकल महिला दीप्ति तिवारी प्रथम, कंचन बिष्ट द्वितीय,मंजू रावत तृतीया और दीपा कोटिया रन अप रही। इस दौरान मुख्य अतिथि नैनीताल विधायक सरिता आर्य, विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य स्वेता बिष्ट, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, मीना रावत, पुष्कर दुर्गापाल, दिनेश मेहरा, भावना भट्ट, कविता गंगोला, दीप्ति रावत बिमला, दिनेश्वरी धिडियाल आदि मौजूद रहे।

# डांडिया नाइट्स में जमकर थिरकीं महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में डांडिया नाइट्स प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्बेट वूमेन क्लब टीम, पुष्कर सोसाइटी टीम,इनर व्हीलर्स टीम के सहयोग से इस कार्यक्रम ने भव्य रूप ले लिया।

मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रामनगर मंजू नेगी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी महिलाओं ने गरबा, डांडिया, लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत शिव तांडव, इस्कॉन रामनगर की टीम ने इस्कॉन हरिनाम संकीर्तन से शुरूआत की। महिलाओं के रूप सज्जा, श्रृंगार,डांडिया नाइट्स के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रायोजित किए गएं सामाजिक जनहित महिलाओं के सशक्तिकरण,महिला उत्थान को प्रबल बनाने के लिए लोक संस्कृति को मजबूत बनाने के लिए हम सबका प्रयास रहा हैं महिलाओं ने बच्चों ने प्रतियोगिता के साथ-साथ सभी गानों पर जमकर डांडिया किया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए टॉयज शॉप, हैंडमेड कला, उत्तराखंड में वोकल फॉर लोकल पहल के तहत स्थानीय उत्पादों और शिल्पों को बढ़ावा दिया जाने, जिसमें हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र (जैसे हर्षिल की ऊनी शाल, स्थानीय कृषि उत्पाद (जैसे भंकोरा, झंगोरा और पहाड़ी मसाले शामिल,खाने पीने के सभी तरह के स्टॉल लगाए गए। सभी स्टाल ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्बेट वूमेंस क्लब व पुष्कर सोसाइटी को डांडिया नाइट्स कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन पूनम गुप्ता एवं अनुभा शर्मा ने किया। मंच का संचालन एंकर रिम्पी बिष्ट व आरती मेहरोत्रा के द्वारा किया गया। इस मौके पर ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, मदन जोशी, सलिल गुप्ता, पंकज अग्रवाल एडवोकेट, नेहा सिंघल, अनिता रावत, हेमा जोशी, कल्पना जोशी, दीप्ति गोयल, सुच्ची बंसल, निधि जिंदल, लवजीत कोर संधू,भावना कांडपाल, लता भंडारी, बेबी,यशोदा, आरती,नेहा,शिवांगी, अनिता आदि मौजूद रहे।

# जीवों के प्रति दया भाव को लेकर हुई कार्यशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विजडम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में "कुत्तों के प्रति दया भाव रखते हुए सुरक्षित कैसे रहें" विषय पर एक शैक्षिक व रोचक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का संचालन सुचित्रा रावत द्वारा किया गया, जिसमें कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर बच्चों को कुत्तों के व्यवहार और उनके शारीरिक हाव-भाव को समझने की उपयोगी जानकारी दी गई। चर्चा के माध्यम से यह बताया गया कि किस प्रकार कुत्तों की भाषा को समझकर हम उनसे सुरक्षित रह सकते हैं और उनके प्रति संवेदनशीलता विकसित कर सकते हैं। कार्यक्रम में विदेश अतिथि फैब्रीस (फ्रांस), सिरगी (यूक्रेन) तथा जुजार (यूनाइटेड किंगडम) ने भी सहभागिता की। साथ ही रुद्रपुर टीम के एनिमल केयर ऑफिसर शिव गिरी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी ज्ञानवर्धक बना दिया। विद्यालय के प्रबंधक गोपाल सिंह पटवाल, प्रधानाचार्या डा. श्वेता मधवाल, उप प्रधानाचार्या साक्षी मिश्रा, तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्यशाला में सहभाग करते हुए अपने अनुभव साझा किए। इस समवेत प्रयास में सड़क पर रहने वाले कुत्तों के व्यवहार, उनके प्रति हमारे दृष्टिकोण और सुरक्षित सह-अस्तित्व पर गहन समझ विक. सित की गई। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत शिक्षाप्रद, जागरूकता बढ़ाने वाली एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुई।

# परिवहन विभाग का शिकंजा : सितंबर में काटे 491 चालान, 13 वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** सड़क सुरक्षा को ताक पर रखकर तेज रफ्तार और खतरनाक ढंग से वाहन संचालन करने वालों पर परिवहन विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। एआरटीओ प्रवर्तन शिवांश कांडपाल तथा प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में पिथौरागढ़ जनपद में चलाए गए चेकिंग अभियान के तहत व्यापक कार्यवाही की गई।

आम जनता द्वारा लगातार यह शिकायत की जा रही थी कि मार्गों पर यातायात नियमों की अनदेखी कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में विभाग ने सघन चेकिंग अभियान चलाया और नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान वाहनों की फिटनेस, टैक्स, इंश्योरेंस, परमिट तथा पॉल्यूशन सर्टिफिकेट की गहन जांच की गई। विशेष ध्यान बिना हेलमेट वाहन चलाने, तेज रफ्तार और खतरनाक तरीके से वाहन संचालन पर केंद्रित रहा।

बिना हेलमेट दोपहिया वाहन 215 चालान, तीन माह



के लिए लाइसेंस निलंबित, ओवरस्पीडिंग / खतरनाक ड्राइविंग में 19 चालान तथा ओवरलोडिंग वाहन 36 चालान हुए। प्रवर्तन दल और इंटरसेप्टर टीम द्वारा जनपदभर में लगातार चेकिंग अभियान जारी है। एआरटीओ प्रवर्तन शिवांश कांडपाल ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा। पैदल चलने वाले आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है और नियमों की अनदेखी करने वालों पर कठोर कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।


# राजमार्ग चौड़ीकरण करते समय रात में अवरुद्ध हुआ स्वाला डेंजर जोन

■ **रात में ही जिलाधिकारी पहुंचे मौके पर, दूसरे दिन जाम से मिली राहत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** राष्ट्रीय राजमार्ग में गुरुवार की रात को सड़क चौड़ी करते समय स्वाला डेंजर जोन में सड़क अवरुद्ध होने से यातायात बाधित हो गया। इसकी सूचना जिलाधिकारी को मिलने के बाद वे रात में ही मौके में ही पहुंच गए।

इस दौरान वहां टनकपुर एवं पिथौरागढ़ मार्ग से जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई थी। जिलाधिकारी ने राजमार्ग के अधिकारियों से जेसीबी की संख्या बढ़ाने के साथ रात भर पालियों में काम करने के लिए प्रकाश की उचित व्यवस्था करने के अलावा सुरक्षित उपायो को सुनिश्चित करने को कहा। शुक्रवार सुबह जब राजमार्ग नहीं खुला तो जिलाधिकारी फिर मौके में पहुंचे वहां काफी देर रहने के बाद सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारे लगी हुई थी। एनएच के अधिकारियों द्वारा छोटे वाहनों को जाने की अनुमति दिए जाने से बड़े वाहन चालक रात से ही भड़के हुए थे तथा उन्होंने इसका जमकर विरोध किया। बाद में जिलाधिकारी द्वारा स्वयं अपनी मौजूदगी में जहां मार्ग में फंसे यात्रियों के लिए पानी व फल की व्यवस्था



की। वहीं उन्होंने अपने सामने यातायात व्यवस्था को भी सुनिश्चित कराया।

उधर एनएच की कार्य प्रणाली को लेकर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि लगातार राजमार्ग बाधित होने से जहां लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है वहीं इससे केंद्र सरकार को भारी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। सीमांत एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस मार्ग की मौजूदा हालात पर हर व्यक्ति द्वारा चिंता व्यक्त की जा रही है। लोगों द्वारा सवाल किया जा रहा है कि आखिर स्वाला डेंजर जोन की यह समस्या कब तक स्थाई समाधान का रूप ले पाएगी।

# जसपुर में धूमधाम से निकाली गई श्री राम की बारात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** गुरुवार शाम को श्री रामलीला कमेटी के सदस्यों/ पदाधिकारियों व नगर के नागरिकों /राम भक्तों द्वारा नगर में श्री राम की बारात धूमधाम से निकाली गई।

ज्ञात हो कि जसपुर में मौहल्ला चौहानान कमेटी के तत्वावधान में विशाल श्रीरामलीला का मंचन चल रहा है, जिसमें प्रतिदिन श्री राम के किए कार्यों और उनके बताए रास्तों को का मंचन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रात श्री रामचंद्र जी और सीता मैया का विवाह का मंचन किया जाएगा। इसी को लेकर आज जसपुर नगर में राम भक्तों द्वारा रथों पर बैठाकर एक बड़ी रोचक रामबारात निकाली गई, जिसका जगह-जगह पर शहर के नागरिकों द्वारा फुल बरसाकर/नारे लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष सनी प्रधान, तरुण गहलोत, महामंत्री नवीन अग्रवाल, रूबी प्रधान, यशपाल शर्मा, प्रदीप गोयल, नवीन प्रधान, अमित बिश्नोई, सौरभ भारद्वाज, पंकज, डॉक्टर वीएस गौतम, नीरज अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सुबोध अग्रवाल, राज. कुमार सिंह, राजकुमार चौहान, डा. एमपी सिंह, सुधीर बिश्नोई, डा. सूरज सिंह, तेज प्रकाश, अनीता पवार, ज्योति कश्यप आदि भक्त थे।

# काशीपुर की घटना को लेकर सतर्क हुई पुलिस

■ **उप निरीक्षक तेज कुमार ने मुस्लिम समाज के लोगों के साथ की बैठक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** काशीपुर में आई लव मोहम्मद के जुलूस के दौरान हुए बवाल के बाद यहां जनपद चंपावत में पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर उप निरीक्षक तेज कुमार ने मुस्लिम समाज के लोगों के साथ बैठक की।

गुरुवार की देर शाम मनिहार गोठ चौकी में हुई बैठक में उप निरीक्षक तेज कुमार ने कहा कि काशीपुर जैसी घटना के बाद सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने बैठक में उपस्थित लोगों से



कहा कि किसी भी प्रकार की गतिविधि से पहले पुलिस को अवगत कराना होगा। इस दौरान उन्होंने लोगों से सुझाव भी मांगे और क्षेत्र में चल रही गतिविधियों का फीडबैक लिया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने काशीपुर में हुई घटना की निंदा की। प्रधान पति मोहम्मद रफीक ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब हम सबके पैगंबर हैं और हम सभी को उनके बताए रास्ते पर चलना है।

आपको बता दें काशीपुर की घटना के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर में जुलूस के दौरान उपद्रव करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने पुलिस को उपद्रव करने वाले के खिलाफ दंगा विरोधी कानून के तहत कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

बैठक में ग्राम प्रधान शाहाना खातून, वरिष्ठ पत्रकार आबिद सिद्दीकी, भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमजद भाई, मस्जिद कमेटी के सदर कदीर हुसैन, पूर्व सदर शाफिकुर रहमान, बीडीसी सदस्य रहनुमा बी, मां पूर्णागिरि शक्तिमान एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नसीब हुसैन, रियासत हुसैन, मोहम्मद सलमान, शकील हुसैन, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष नदीम खान, सेहरम, नाजिम, रिजवान हुसैन, अशरफ अली, शहादत हुसैन, हेड कांस्टेबल मोहन सिहं तोमक्याल, गोपाल टम्टा, देवेंद्र सिंह पवार, कांस्टेबल दीपक सिंह रावत मौजूद रहे।

# जनजागरण रैली को लेकर की सभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में शुक्रवार को जनजागरण रैली को लेकर राजकीय महाविद्यालय के बाहर हिंदूवादी संगठनों और भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए।



संबोधित करते हुए भाजपा नेता मदन जोशी ने कहा कि बीते दिनों रामनगर में किशोरी को धार्मिक कपड़े पहनाकर अपहरण किया गया। इसके बाद दुष्कर्म हुआ। यह सोची समझी साजिश है और आरोप लगाया कि शहर में लव जिहाद का गिरोह सक्रिय है। इसका मकसद किशोरियों को फंसाकर धर्मांतरण करना है। वहीं लोगों ने महाविद्यालय से जन जागरण रैली निकाली। रैली लखनपुर चौक, रानीखेत रोड, रामा मंदिर समेत विभिन्न मार्गों से होते हुए भवानीगंज दुर्गा देवी मंदिर में पहुंच कर समापन किया गया। वक्तओं ने कहा कि रैली लोगों को जागरूक करने के लिए निकाली गई है। इस दौरान इंदर रावत, भूपेंद्र सिंह खाती, राहुल रावत, दिनेश मेहरा, नवीन कारगेती, भावना भट्ट ,पूरन नैनवाल, शुभम उत्तम, राजेश पाल, सत्य प्रकाश शर्मा, रुचि गिरी, कविता बिष्ट ,राजू रावत,राजीव शर्मा, हिरदेश शर्मा,प कंज धस्माना, वीरेंद्र अधिकारी, अंजलि रावत, कल्पना वर्मा, बलदेव रावत, मनमोहन बिष्ट, सुमन, मीना मौलेखी, दीप्ति रावत, घनश्यामशर्मा, नीतिश शर्मा, शिखर भट्ट ,सुरेश घुघटियाल,कमल जोशी आदि मौजूद रहे।

# 5301 छात्र-छात्रा, 12 प्रत्याशियों पर फैसला आज

## नैनीताल के डीएसबी परिसर में छात्रसंघ चुनाव के प्रत्याशियों की आमसभा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में शनिवार (आज) होने जा रहे छात्र संघ चुनाव के लिए परिसर में शुक्रवार को प्रत्याशियों की आम सभा आयोजित की गयी। आम सभा में प्रत्याशियों ने अपने लच्छेदार भाषणों से छात्र-छात्राओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए हर संभव को. शिश की।

सभा में शेरों-शायरी का भी बोलबाल रहा। प्रत्याशियों ने परिसर की पुस्तकों समेत छात्र हितों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को गिनाते हुए छात्र संघ आने पर उनके समाधान का हर संभव वायदा किया। बता दें आम सभा में विभिन्न पदों के लिए नामांकित 18 प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी बात रखी। अध्यक्ष पद पर तनिष्क मेहरा व करन सती, छात्रा उपाध्यक्ष पद पर प्राची नेगी व तनिषा जोशी, छात्र उपाध्यक्ष पद पर शंशाक सिंह भंडारी व दिनेश चंद्र, सचिव पद पर आयुष आर्या, संयुक्त सचिव पद पर नितान्त व जयवर्धन चन्द्र, कोषाध्यक्ष पद पर शिवेश कुमार, सांस्कृतिक सचिव पद पर भावेश विश्वकर्मा व सत्यम सिंह, विवि प्रतिनिधि पद पर आशीष कबडवाल, संकाय प्रतिनिधि पद पर (कला) दिपांशु अधिकारी व करन कुमार, (विज्ञान) पर वेदांत पांडे, (विधि) पर यशिता करगेती व (जैव चिकित्सा) पद पर अतुल रावत ने विचार रखे।





### दिनेश ने सबसे अधिक 5 मिनट 35 सेकेंड, भावेश ने सबसे कम 23 सेकेंड दिया भाषण

**नैनीताल।** आम सभा के दौरान अध्यक्ष पद के प्रत्याशी तनिष्क मेहरा ने 2 मिनट 58 सेकेंड तथा करन सती ने 2 मिनट 46 सैकेंड, छात्रा उपाध्यक्ष प्राची नेगी ने 3 मिनट 33 सेंकेंड व तनिशा जोशी ने 1 मिनट 37 सेंकेड, छात्र उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी शशांक भंडारी 2 मिनट 12 सेंकेड व दिनेश चंद्र ने 5 मिनट 35 सेकेंड, सचिव पद के प्रत्याशी आयुष आर्या ने 2 मिनट 41 सेकेंड, संयुक्त सचिव पद के नितान्त ने 1 मिनट 19 सेकेंड व जयवर्धन चंद्र ने 56 सेकेंड, कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी शिवेश कुमार ने 40 सेकेंड, सांस्कृतिक सचिव पद हेतु भावेश विश्वकर्मा ने 23 सेकेंड व सत्यम सिंह ने 42 सेकेंड, विवि प्रतिनिधि आशीष कबडवाल ने 2 मिनट 22 सेकेंड, संकाय प्रतिनिधि में कला संकाय के दिवांशु अधिकारी ने 2 मिनट 40 सेके ड तथा करन कुमार ने 1 मिनट 9 सेकेंड, विज्ञान हेतु वेदांत पांडे ने 1 मिनट 3 सेकेंड, विधि हेतु यशिता करगेती ने 34 सेकेंड जबकि जैव चिकित्सा पद के प्रत्याशी अतुल रावत ने 30 सेकेंड में अपना भाषण समाप्त किया।

आम सभा का संचालन प्रो. ललित तिवारी, डा. दीपिका पंत तथा डा. नंदन सिंह मेहरा ने किया। आम सभा के दौरान चुनाव अधिकारी प्रो. अमित जोशी ने कहा कि मतदान के लिए परिसर के हर छात्र-छात्रा को परिचय पत्र लाना जरूरी है तथा बिना परिचय पत्र के परिसर में प्रवेश वर्जित होगा। आम सभा में डीन प्रो. रजनीश पांडे, प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. जीत राम, प्रो. आरसी जोशी, प्रो. संजय पंत, प्रो. हरीश बिष्ट, प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. सुषमा, प्रो. गीता तिवारी, डा. निधि, डा. महेश आर्य, डा. रितेश साह डा. मनोज सिंह बिष्ट, दीपू बिष्ट, नंदा बी पालीवाल, कुंदन तथा राजेश रहे।

### पुलिस छावनी में तबदील रहा डीएसबी परिसर

**नैनीताल।** छात्र संघ चुनाव की आम सभा के मद्देजनर परिसर पूरी तरह से पुलिस छावनी में तब्दील रहा। पुलिस अधीक्षक डा. जगदीश चंद्रा के नेतृत्व में तल्लीताल व मल्लीताल के कोतवाल समेत अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मी मुस्तैदी से अपने कार्य में जुटे रहे। कुल मिलाकर आम सभा शांतिपूर्ण निपटने से परिसर प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### मात्र 6 पदों के लिए ही होगा मतदान

**नैनीताल।** डीएसबी परिसर के कुल 12 पदों में से मात्र 6 पदों के लिए ही शनिवार (आज) चुनाव होगा। इन पदों में अध्यक्ष, छात्रा उपाध्यक्ष, छात्र उपाध्यक्ष, संयुकत सचिव, सांस्कृतिक सचिव तथा कला संकाय प्रतिनिधि शामिल हैं। बाकी 6 पदों में प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं लेकिन उनकी विधिवत घोषणा शनिवार (आज) ही होगी।

### 15 बूथों पर 5301 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

**नैनीताल।** परिसर में शनिवार (आज) होने जा रहे छात्र संघ चुनाव के लिए परिसर प्रशासन की ओर से कुल 15 बूथ बनाएं गए हैं जिसमें 5301 छात्र-छात्राएं सुबह 10 बजे से लेकर अपराह्न 2 बजे तक अपने मता. धिकार का प्रयो करेंगे। उसके बाद मतगणना, निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा के बाद शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## एक नजर

### दिल का दौरा पड़ने से पूर्व सैनिक की मौत

**बागेश्वर।** धान माढ़ने गए पूर्व सैनिक की हृदय गति रुकने से मौत हुई। परिजन आनन फानन में जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिला मुख्यालय से लगे उड़ल निवासी पूर्व सैनिक 65 वर्षीय रतन सिंह परिहार पुत्र जैंत सिंह परिहार शुक्रवार की सुबह परिजनों के साथ घर के पास ही खेतों में धान की मढ़ाई करने गए हुए थे। घर आते समय कंधे में धान से भरा कट्टा रखते ही वे अचानक खेत में गिर गए। तभी परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाए। इधर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों ने ने बुजुर्ग की जान हृदय गति रुकने से बताई। वहीं रतन सिंह के अचानक मौत की सूचना से पूरे गांव में शोक की लहर छा गई। बताया जा रहा है कि मृतक के बेटे हल्द्वानी में रहते है। उन्हें सूचना दे दी गई है। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखा गया है।

### कैदी फरार होने पर पांच सिपाही लाइन हाजिर

**बागेश्वर।** पुलिस अभिरक्षा से फरार अभियुक्त के मामले में पुलिस अधीक्षक ने कठोर कार्यवाही करते हुए थानाध्यक्ष को लाईन हाजिर किया जबकि 5 सिपाहियों को निलम्बित किया। मामले में क्षेत्राधिकारी बागेश्वर को मामले की विभागीय जांच सौंपी। बता दें कि थाना कपकोट में पंजीकृत मु.अ.स.39/25 धारा 8/20/60 से सम्बन्धित अभियुक्तों को 17 सितम्बर को कोट में पेश करने के लिए लाया जा रहा था। तभी अभियुक्त पुलिस अभीरक्षा से भाग गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के ने कड़ी कार्यवाही अम्ल में ले गई है। पुलिस कर्मियो के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए उ.नि. खुशवन्त सिंह थानाध्यक्ष कपकोट (लाइन हाजिर), हेड कानि. दलजीत सिंह थाना कपकोट (निलम्बित), कानि. ना.पु. राधेश्याम लोहनी थाना कपकोट (निलम्बित), कानि. ना.पु. महेश डंगवाल (निलम्बित), कानि. ना.पु. अशोक कुमार (निलम्बित), आरक्षी कानि. नवीन सिंह (निलम्बित) हुए हैं।

### शेरवानी लॉज की सड़क का सुधारीकरण आज से

**नैनीताल।** मल्लीताल बलराम हाउस के निकट से शेरवानी लॉज को जाने वाली सड़क का सुधारीकरण कार्य रविवार से शुरू हो रहा है। इस कारण रविवार से करीब दो हफ्ते के लिये इस सड़क में यातायात पूर्णत: बन्द रहेगा। इस सड़क की खराब हालत व गड्ढों के कारण हमेशा दुर्घटना का भय बना हुआ था। इस सम्बंध में नारायननगर वार्ड के सभासद भगवत रावत द्वारा कई बार प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से सड़क की मरम्मत किये जाने की मांग की गई थी। इधर अब बारिश थमने के बाद इस सड़क का मरम्मत कार्य 28 सितम्बर से शुरू हो रहा है। जिसके पहले चरण में सड़क की डामर की पुरानी परत को हटाया जाना है। जिसके लिए ठेकेदार शिवा कंस्ट्रक्शन कंपनी गाजियाबाद द्वारा मशीनें मंगा ली गई हैं। स्थानीय सभासद भगवत रावत के अनुसार इस सड़क में 28 सितम्बर से यातायात पूर्णत: बन्द रहेगा। उन्होंने स्थानीय जनता से इस कार्य मे सहयोग की अपील की है। संभावना है कि कुछ दिनों के लिये शेरवानी क्षेत्र के वाहनों के लिये पंगोट सड़क में लगाये गए डंडे हटाये जा सकते हैं।

### बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की काउंसलिंग स्थगित

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2025-2027 हेतु निर्धारित 27 सितंबर (आज) की बीएड काउंसलिंग स्थगित कर दी गई है। कुलसचिव डा. एमएस मंद्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय के अनुसार 27 सितंबर को छात्रसंघ चुनाव आयोजित होने के कारण काउंसलिंग नहीं हो पाएगी।

### राजेश चंदोला बने जिला शासकीय अधिवक्ता



**नैनीताल।** एडवोकेट राजेश चन्दोला को उत्तराखण्ड शासन न्याय विभाग द्वारा जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) कुमायू मण्डल नैनीताल नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर जिला बार के पूर्व अध्यक्ष ज्योति प्रकाश, ओंकार गोस्वामी, मनीष जोशी, नीरज साह जिला बार के पूर्व सचिव भानु प्रताप सिंह मौनी, पूर्व उपाध्यक्ष तरुण चन्द्रा समेत मौहममद बिलाल, राजन भैसोडा, संजय त्रिपाठी, सारिका, घनानन्द बर्थवाल, बार के अध्यक्ष भगवत प्रसाद तथा दीपक रुवाली समेत डीजीसी सुशील शर्मा व अन्य ने शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि राजेश चन्दोला विगत 30 वर्षों से अधिक समय से दीवानी व राजस्व के मामलों में पैरवी करते रहे हैं।

### कर्मचारियों के भुगतान के मामले में हुई सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के रुड़की के कन्हैयालाल डीएवी पीजी कालेज के शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के भुगतान के मामले का जल्द समाधान होगा। यह बात सरकार की ओर से शुक्रवार को उच्च न्यायालय को बताई गई। मामले को कालेज के डा. एमपी सिंह और अन्य की ओर से चुनौती दी गई। साथ ही इस प्रकरण की सुनवाई न्यायमूर्ति रवीन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सरकार ने प्रदेश के सभी अशासकीय सहायता प्राप्त कालेजों का वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट जारी कर दिया है लेकिन रुड़की के कन्हैया लाल डीएवी पीजी कॉलेज का बजट रोक दिया है। इसके चलते महाविद्यालय के 38 शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। सरकार से पूछा कि वेतन का भुगतान कयों नहीं हो पा रहा है। सरकार की ओर से सीएससी चंद्र शेखर सिंह रावत ने जवाब दिया कि महाविद्यालय और प्रबंधन कमेटी का विवाद चला आ रहा है। इस मामले के समाधान के लिए जल्द ही कोर्डिनेटर की नियुक्ति कर दी जाएगी।

## एमएल साह विद्या मंदिर में ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बालिका विद्या मन्दिर इंटर कालेज में शुक्रवार को जिला स्तरीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया गया। बता दें प्रतियोगिता में विशिष्ठ अतिथि के रूप में ब्लाक समन्वयक अजय कुमार एवं विशन सिंह मेहता प्रधानाचार्य भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल के सभी प्रतियोंगियों का राज्य स्तर पर चयन की हार्दिक बधाई दी और मेहनत करने पर जोर दिया।

और साथ ही साथ विद्यालय के ताइक्वाण्डो कोच नारायण दत्त पाण्डेय को भी लगातार 23 वर्षों से प्रयास करते रहने पर हार्दिक बधाई दी। प्रतियोगिता में उपस्थित शिक्षक वृन्दों ने उनके माता पिता को भी हार्दिक बधाई देने वालों में मनीष कुमार जिला खेल प्रकोष्ठ नैनीताल, दुश्यन्त नेगी, कंचन रावत बलाक समन्वयक, पुष्पा दरमवाल क्रीडा प्रभारी मोहन लाल साह इंका नैनीताल, सीमा सैन, गंगा काण्डपाल, गीतिका सनवाल, निशा, स्वाति तथा मंच संचालक नवीन पाण्डे ने किया। इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं संयोजिका शबनम अहमद द्वारा सभी उपस्थित बालक बालिकाओं व सभी उपस्थित अध्यापक अध्यापिक. ाओं को भी हार्दिक बधाई दी तथा और अधिक परिश्रम पर बल दिया। निर्णायक मण्डल में मुख्य निर्णायक कोच नारायण दत्त पाण्डेय, ज्योति दुर्गापाल, रोहित प्रसाद तथा गीतान्जली शिवानी आर्या द्वारा किया गया। चयनित छात्र-छात्राएं सीनियर वर्ग सागर सिंह अधिकारी, आदित्य बोरा, लक्ष्य अधिकारी, नैना आर्या, मीनाक्षी, वंशिका, प्रियंका आर्या, प्रियांशी, दीपा, श्रेया, मनीषा तथा सौरभ का चयन राज्य स्तरीय ताइक्वाडो प्रतियोगिता हेतु हुआ है। उक्त सभी चयनित प्रतियोगी 28 सितंबर रविवार को विद्यालयी राज्य स्तरीय ताइक्वाडो प्रतियोगिता जो बागेश्वर में आयोजित होने जा रही है में प्रतिभाग करेंगे।

## कल से कलश यात्रा के साथ शुरू होगा दुर्गा पूजा महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 69वां दुर्गा पूजा महोत्सव रविवार यानी 28 सितंबर को कलश यात्रा व सांस्कृतिक झांकी के साथ शुरू होगा, जिसकी कमेटी द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बता दें शुक्रवार को सेवा समिति हॉल में दुर्गा पूजा कमेटी ने पत्रकार वार्ता के दौरान महोत्सव की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट ने बताया कि इस वर्ष 28 सितंबर रविवार से 2 अक्टूबर वीरवार तक धूमधाम से आयोजित होगा। कमेटी के महासचिव उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फर्त्याल ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इस बार प्रत्येक दिन स्टार नाइट होंगी। स्टार नाइट के तहत 29 सितम्बर को लोक गायक इंदर व लोक गायिका मेघा चंद्रा जबकि 30 सिंतबर को लोक गायक फौजी ललित मोहन जोशी वहीं 1 अक्टूबर को लोग गायिका माया उपाध्याय मुख्य आकर्षण होंगी। इस वर्ष लाइव प्रसारण के माध्यम से शहर की जनता को घर बैठे मां दुर्गा के दर्शन हो सकेंगे। इस दौरान मंजू रौतेला, तृप्ती मजूमदार, डौली भट्टाचार्या, सुरेश चौधरी तथा दिनेश भट्ट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## बबियाड़ गांव में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**धारी।** ब्लॉक के दुर्गम क्षेत्र बबियाड़ में शुक्रवार को जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों की 112 समस्याएं दर्ज की गईं, जिनमें से कई का मौके पर ही समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने बबियाड़ गांव का पैदल भ्रमण कर भूस्खलन से प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया और क्षतिग्रस्त मकानों की जानकारी ली। आपदा में क्षतिग्रस्त शोबन राम के घर का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावितों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। पदमपुरी-बबियाड़-दुधली मोटर मार्ग का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को जल्द डामरीकरण व सुधार कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही भूस्खलन वाले क्षेत्रों में सुरक्षा दीवारें बनाने और संवेदनशील स्थलों के लिए दीर्घकालिक सुरक्षा योजनाएं तैयार करने को कहा। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के अधूरे व खराब गुणवत्ता के कार्यों की शिकायत की, जिस पर जिला. धिकारी ने 10 दिन में थर्ड पार्टी जांच और एक माह में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। खराब कार्यों की लागत संबंधित अधिकारियों से वसूली जाएगी। ख्र षि, उद्यान और पशुपालन विभाग को एक सप्ताह में कैंप लगाकर बीज, उपकरण और दवाएं वितरित करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को गांवों में नियमित स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश मिले। झूलते विद्युत तारों और क्षतिग्रस्त पोलों को शीघ्र सुधारने के निर्देश भी दिए गए। क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों की मरम्मत और शिक्षकों की नियुक्ति की मांग पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जो शिक्षक तैनाती के बाद बार-बार अवकाश लेते हैं, उन्हें मेडिकल बोर्ड भेजने के आदेश दिए गए। गुलदार के आतंक पर वन विभाग को पिंजड़ा लगाने के निर्देश मिले। शिविर में 350 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर मुफ्त दवाएं वितरित की गईं। आयुर्वेदिक विभाग ने 110 लोगों का इलाज किया। कृषि विभाग ने 60 किसानों को सब्सिडी पर सामग्री दी। 25 पशुपालकों को दवाएं दी गईं। 90 आधार कार्ड बनाए/संशोधित किए गए। 15 पेंशन आवेदन प्राप्त हुए और 6 जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए। शिविर में विधायक राम सिंह कैड़ा, क्षेत्र प्रमुख भावना आर्या, दीपक पोडवाल, कृपाल मेहता, श्रवण कुमार चंद्र, उपजिलाधिकारी केएन गोस्वामी समेत अनेक अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अंत में विद्यालय के बच्चों से संवाद भी किया।



# कूर्मांचल बैंक नैनीताल का कुल व्यवसाय पहुंचा 4129.53 करोड़

## बैंक की सामान्य निकाय की 43वीं साधारण वार्षिक सभा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड नैनीताल की सामान्य निकाय की 43वीं साधारण वार्षिक सभा शुक्रवार को नैनीताल क्लब में आयोजित हुई। सभा में बैंक के संच. ालक मंडल के सदस्य समेत प्रति. निधि एवं बैंक कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष विनय साह, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार जैन, संगीता साह, ऊर्मी शाह, डा. केदार पलड़िया, केशर सिंह मेहरा, सुभाष चन्द्रा, शैलेन्द्र पंत, गिरीश पाठक, पीतांबर पंत, प्रभात चौधरी, ललित साह, अमित गर्ग, राजीव चन्द्र गुप्ता, रघुराज सिंह के अतिरिक्त किरण जोशी, लीला जोशी, महावीर सिंह बिष्ट, अरुण वर्मा, कन्हैया लाल साह, राजीव लोचन साह, सुषमा डन्डरियाल, रमेश चंद्र पलड़िया तथा मोहन सिंह बोरा आदि उपस्थित रहे। आम सभा में बैंक के समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 का संपरीक्षित संतुलन पत्र एवं लाभ-हानि खाता उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष रखा गया। इसमें बताया गया कि आयकर भुगतान के उपरांत बैंक का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष के रुपये 23.01 करोड़ से रुपये 4.53 करोड़ बढ़कर रुपये 27. 54 करोड़ हो गया है। बैंक की अंश पूंजी पिछले वर्ष के रुपये 49.84 करोड़ से रुपये 3.32 करोड़ बढ़कर रुपये 53.16 करोड़ हो गई, जबकि बैंक का कुल व्यवसाय पिछले वर्ष रुपये 3866.67 करोड़ से रुपये 262. 86 करोड़ बढ़कर रुपये 4129.53 करोड़ हो गया है। वहीं बैंक की कुल जमाएं रुपये 2482.05 करोड़ से रुपये 160.34 करोड़ बढ़कर रुपये 2642. 39 करोड़ हो गईं। बैंक के कुल ;ण व अग्रिम रुपये 1384.62 करोड़ से रुपये 102.52 करोड़ बढ़कर रुपये 1487.14 करोड़ हो गए। बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 12 प्रतिशत की अनिवार्य मांग के सापेक्ष 20.16 प्रतिशत रहा, जबकि ऋण-जमा अनुपात 56.28 प्रतिशत रहा। बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनर्जक आस्तियों का संतोषजनक प्रबंधन किया गया, जिसके फलस्वरूप सकल एनपीए 2.08 प्रतिशत जबकि शुद्ध एनपीए शून्य रहा, जो बैंक की वित्तीय सुदृढ़ता एवं परिचालन दक्षता का परिचायक है। बैंक द्वारा 4 नई शाखाएं खोली गई, जिससे कुल शाखाओं की संख्या 49 हो गई है। इस अवसर पर प्रतिनिधियों को बैंक के नवनियुक्त सचिव संजय साह का परिचय कराया गया, जिनके द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन पश्चात 1 जून 2025 से बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का दायित्व ग्रहण कर लिया गया है। उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा बैंक के संचालक मंडल द्वारा संस्तुत लाभ के वितरण को अनुमोदित किया गया तथा लाभांश 10 प्रतिशत की दर से अंशधारकों को वितरित करने की अनुमति प्रदान की गई। प्रतिनिधियों द्वारा बैंक के संचालक मंडल द्वारा संस्तुत वर्ष 2025-26 के लिए अधि. कतम दायित्व रुपये 4184.40 करोड़ स्वीकृत किया गया। प्रतिनिधि सभा द्वारा बैंक के नाम में देवनागरी लिपि में वर्तनी अंतर को संशोधित करने के प्रस्ताव एवं बैंक की उपविधियों में प्रस्तावित संशोधनों को ध्वनिमत से पारित किया गया। अंत में बैंक के उपाध्यक्ष सुरेश कुमार जैन द्वारा सभी उपस्थित प्रतिनिधियों, संच. ालक मंडल के सदस्यों, कर्मचारियों एवं विनियामकों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त कर सभा का समापन किया गया।



### अल्मोड़ा मुख्य शाखा रही सर्वश्रेष्ठ बड़ी शाखा

**नैनीताल।** बैंक की परंपरा के अनुसार बैंक की सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली बड़ी और छोटी शाखाओं को सममानित किया गया जिसमें श्रेष्ठ बड़ी शाखा शाखा अल्मोड़ा (मुख्य शाखा) रही एवं श्रेष्ठ छोटी शाखा शाखा धरमपुर देहारादून रही। शाखा प्रबन्धक अल्मोड़ा हिमांशु साह एवं शाखा प्रबन्धक धरमपुर देहरादून दिव्या लांबा द्वारा शाखाओं की ओर से चल वैज्यन्ती ग्रहण की गईं। आम सभा के दौरान बैंक कर्मियों के मेधावी पाल्यों को भी सममानित किया गया एवं उनके सुनहरे भविष्य की कामना की गई।

### बचत खातों में सर्वाधिक 3 फीसदी प्रतिमाह ब्याज देने वाला उत्तर भारत का एकमात्र बैंक: चौयरमैन

**नैनीताल।** आम सभा में बैंक के अध्यक्ष विनय साह द्वारा सूचित किया कि बैंक डिजिटल क्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। बैंक द्वारा विनियामक दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपनी वेबसाइट को बैंक डाट इन में सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया गया है जिससे अब बैंक की वैबसाईट में अधिक सुरक्षित व सुगमता से पहुँचा जा सकता है। ऐसा करने वाला बैंक संभवत: उत्तराखंड का प्रथम नगरीय सहकारी बैंक है और भारत में प्रथम 10 बैंकों में से एक है। बैंक अपने लघु बचत खातेदारों को वास्तविक समय में जमा की सुविधा प्रदान कर रहा है जो डिजिटल बैंकिंग की सुविधा का एक और उदाहरण है। बैंक द्वारा लेन-देन युक्त इंटरनेट बैंकिंग में अब ग्राहकों को बिल डेस्क की सुविधा दी जा रही है, जिससे ग्राहक इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से सभी प्रकार के बिलों का भुगतान करने में सक्षम हैं। बैंक अपने ग्राहकों की सुविधा के लिए यूपीआई आधारित मोबाइल बैंकिंग मुहैया करने के लिए प्रयासरत है। बैंक बचत खातों में सर्वाधिक 3 फीसदी की दर से प्रतिमाह ब्याज देने वाला उत्तर भारत का एकमात्र बैंक है।

### डा. तितियाल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य नियुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी को 25 दिनों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार पूर्णकालिक प्राचार्य मिल गया है। शासन ने रुद्रपुर राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. गोविंद सिंह तितियाल को हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज का प्राचार्य नियुक्त किया है। वह कल यानि आज शनिवार को कार्यभार ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि पूर्व प्राचार्य ड. अरुण जोशी 31 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त हुए थे, जिनके बाद डा. पंकज सिंह को कॉलेज का प्रभारी प्राचार्य बनाया गया था। हालांकि, उन्हें वित्तीय अधिकार नहीं मिलने के कारण कॉलेज में प्रशासनिक कार्यों में कई तरह की दिक्कतें उत्पन्न हो रही थीं। चिकित्सा शिक्षा निदेशक डा. अजय आर्य ने बताया कि डा. गो. विंद सिंह तितियाल को अग्रिम आद. ेशों तक हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### पेपर लीक मामले में कांग्रेसियों ने फूंका राज्य सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** स्नातक स्तरीय पेपर लीक होने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका। बृहस्पतिवार सायं एमपी चौक पर एकत्र हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार भ्रष्टाचारियों की सरकार है। जो उत्तराखंड के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटनाएं उस सरकार की छवि को धूमिल करती हैं, जो कानून बनाकर व्यवस्था को बेहतर करने का दावा करती है। इस दौरान विमल गुड़िया, इंदुमान, संदीप सहगल, अरुण चौहान, शफीक अहमद अंसारी, मनोज अग्रवाल, पूजा सिंह, मीनू गुप्ता आदि थे।

### जंगलिया गांव में दुग्ध बोनस वितरण, पशुपालकों को मिला प्रोत्साहन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ब्लॉक के जंगलिया गांव में शुक्रवार को पंचायत भवन में दुग्ध उत्पादकों को 5.11 लाख रुपये का दुग्ध बोनस वितरित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट और दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा मुख्य अतिथि रहे। छह समितियों के पशुपालकों को बोनस मिला, साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशुपाल. कों को पुरस्कृत भी किया गया। ब्लॉक प्रमुख डा. बिष्ट ने कहा कि दुग्ध उत्पादन ग्रामीणों की आय बढ़ाने का अच्छा माध्यम है और इससे पलायन रोका जा सकता है। महिलाओं की भागीदारी से जैविक कृषि को भी बढ़ावा मिल रहा है। दुग्ध संघ अध्यक्ष बोरा ने क्षेत्र में डेयरी भवन निर्माण का प्रस्ताव भी साझा किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विपिन जंतवाल ने समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया। लालकुआं दुग्ध संघ की ओर से पशुपालक दयानंद को 15,000 रुपये की आर्थिक सहायता भी दी गई।




## कार्यालय ग्राम पंचायत-गूलरगोजी

विकास खण्ड जसपुर, जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पत्रांक-मेमो/रा.वि./15वां वित्त/अ.का.निविदा/2025-26 दिनांक-26/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत गूलरगोजी द्वारा राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष निर्माण कार्य हेतु प्रांकलन के आधार पर पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 04-10-2025 के अपरान्ह 2.00 बजे तक मोहरबंद लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पंचायत भवन गूलरगोजी में निर्माण कार्य समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 03-10-2025 को पंचायत भवन गूजरगोजी में प्रात: 10.00 बजे से 4.00 बजे तक की जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | निर्माण कार्य का विवरण | कार्य की लागत (लाख रू.) | धरोहर धनराशि अग्रिम 2% | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार 'श्रेणी' |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गूलरगोजी की नयी कालोनी में बृजपाल के घर से नेतराम के घर की ओर नाली निर्माण 180 मीटर दोनो तरफ। | 2.34 लाख रू. | 4680.00 | 500+18% जीएसटी | 3 माह | 30 दिन | डी श्रेणी या उच्चतर |
| 2. | बृजपाल के घर से कृष्णा के घर की ओर सी.सी. टाइल्स रोड निर्माण 90 मीटर। | 4.92 लाख रू. | 9840.00 | 500+18% जीएसटी | 3 माह | 30 दिन | डी श्रेणी या उच्चतर |

नोट- धरोहर धनराशि का शेष 3 प्रतिशत एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत राजपुर के नाम कार्य स्वीकृति की दशा में जमा करना होगा।

शर्ते-
1. उपरोक्त कार्य हेतु निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने के पात्र होंगे।
2. धरोहर राशि जो ग्राम पंचायत-गूलरगोजी के नाम बंधक रहेगी।
3. निविदा प्रपत्र का लागत मूल्य नगद/डी.डी.+18% जीएसटी प्रपत्र खरीदते समय जमा करना होगा।
4. आई.टी.आर. गत तीन वर्षों का। (यदि कार्य की लागत 5,00,000.00 से अधिक है।)
5. आई.टी.आर. गत तीन माह। (यदि कार्य की लागत 5,00,000.00 से कम है।)
6. जी.एस.टी. सम्बन्धी अदेयता प्रमाण पत्र।
7. निविदा हेतु दिये गये समस्त प्रपत्रों की सत्यता हेतु 100 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी युक्त शपथ पत्र देना होगा।

नोट- किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत गूलरगोजी**
वि.ख.जसपुर (उ.सिं.नगर)

# नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने किया धराली का दौरा

**पीड़ितों को बसाने का काम नहीं हुआ, तो विधानसभा के कठघरे में करेंगे खड़ा: आर्य**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा अगर सरकार समय पर धराली आपदा पीड़ितों को उचित मुआवजा और उनको पुनर्निर्माण और पुन: बसाने का काम नहीं करती है तो सरकार को विधानसभा में इसका विरोध झेलना पड़ेगा।

शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और कांग्रेस के पूर्व मंत्री विधायक चकराता प्रीतम सिंह चौहान ने धराली आपदा क्षेत्र का दौरा कर पीड़ितों का दु:ख दर्द जाना।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि आपदा के दो महिने होने के लिए महज कुछ दिन रह गये लेकिन अभी धराली आपदा पीड़ित सरकार की कार्यशैली से नाखुश हैं।

यहां के लोगों का कहना है कि धराली को पुन: बसाया जाए साथ ही आपदा पीड़ितों को उचित मुआवजा और व्यापारियों के होटल ढाबे सहित एक नया बाजार बनाया जाए। उन्होंने आपदा पीड़ितों के साथ बैठक कर पीड़ितों को उचित मुआवजा और पुन: बसाने की बात कही उन्होंने कहा कि अगर सरकार जल्द से जल्द उत्तरकाशी के आपदा पीड़ितों फिर से बरसाने का काम नहीं करेगी तो वह सरकार को विधानसभा के कठघरे में खड़ा करेंगे। उन्होंने कहा कि धराली के आपदा पीड़ितों का रोजगार आजीविका आपदा ने छीन ली है सरकार को जरूरत है कि धराली के काश्तकारों को यहां के होटल व्यवसाईयों को जो भी आपदा मैं अपना सब कुछ खो दिया है। अगर सरकार समय पर इनको उचित मुआवजा और उनको पुनर्निर्माण और पुन: बसाने का काम नहीं करती है तो सरकार को विधानसभा में इसका विरोध झेलना पड़ेगा। इस दौरान प्रीतम सिंह चौहान विधायक चकराता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष राणा, पूर्व राज्य मंत्री घनानंद नौटियाल, पूर्व प्रमुख कनकपाल परमार, दिनेश गौड़,प्रदीप रावत, समेत ग्रामीण भारी संख्या में मौजूद थे।

# धराली में खीरगंगा से हुई तबाही की जांच कर लौटी विशेषज्ञों की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** पांच अगस्त को धराली में खीरगंगा से हुई तबाही की जांच से लौटकर आई सीमा जागरण मंच के विशेषज्ञों की टीम आपदा से जुड़ी अहम जानकारियां जुटाई है।सीमा जागरण मंच के सदस्य कर्नल अजय कोठियाल के नेतृत्व में 12 उच्च पर्वतारोही एवं पर्यावरण रक्षक तथा छह पोर्टरों का एक दत 23 सितंबर की खीर गंगा उगम स्थल पर पहुंचा। शुक्रवार को टीम के लीडर उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष कर्नल अजय कोठियाल ने उत्तरकाशी में पत्रकारों को बताया कि आपदा से जुड़ी खीर गंगा के उद्‌गम स्थल पर पहली बार विशेषज्ञ टीम पहुंची है।

उन्होंने बताया किष्हमने 23 सितंबर को इस अभियान की शुरुआत की और 25 सितंबर को इसे समाप्त किया। हम आपदा प्रभावित घाटी में तीन दिनों तक रहे और तस्वीरें, वीडियो, ड्रोन से तस्वीरें/वीडियो लिए। साथ ही ऊपर के स्थानों में रहने वाले स्थानीय चरवाहों से बात. चीत की और उनके बयान दर्ज किए। हम कई स्थानीय लोगों से मिले जो आपदा के दौरान ऊँचाई वाले इलाकों में थे। धराली जाने से पहले हमने वाडिया संस्थान के पूर्व भूवैज्ञानिक डॉ. बी.पी. डोभाल से सलाह ली। अब हम वैज्ञानिक समुदाय के साथ वीडियो, तस्वीरों और अन्य निष्कर्षों का विश्लेषण करेंगे और एक रिपोर्ट तैयार करेंगे जिसे हम राज्य सरकार और मीडिया के साथ साझा करेंगे।कर्नल अजय कोठियाल की टीम में

कैप्टन प्रकाश भट्ट (एवरेस्टर, पूर्व एनआईएम प्रशिक्षक), कैप्टन कुँवर सिंह (एवरेस्टर, पूर्व एनआईएम प्रशिक्षक), शिवराज पंवार (एनआईएम प्रशिक्षक, धराली निवासी एवं जमीन के जानकार), हवलदार रणजीत नेगी (एवरेस्टर, पूर्व एनआईएम प्रशिक्षक), डॉ. कुलदीप पंवार (धराली निवासी, जमीन के जानकार), नायक संजय सिंह (पर्यावरण विशेषज्ञ, 127 टीए), शुभम पंवार (सीमा जागरण मंच के सदस्य, कर्तव्य फाउंडेशन के संस्थापक, उत्तरकाशी), भगवत सिंह पंवार (धराली निवासी, जमीन के विशेष जानकार), मोहित (मीडिया टीम इंचार्ज), रोहित (मीडिया टीम), सुमित (स्थानीय विशेषज्ञ हाई एल्टीट्यूड पोर्टर टीम: रमेश रॉयल, लोकेंद्र रॉयल, हंसा रॉयल, मिलन रॉयल, सत्य रॉयल और गजेंद्र सिंह सदस्य शामिल थे।

# स्वास्थ्य चिकित्सा शिविरों में उमड़ी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** महिला स्वास्थ्य और परिवार सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के अंतर्गत लगातार चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 17 सितम्बर से शुरू हुआ यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके तहत विभिन्न सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञों की देखरेख में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कीर्तिनगर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांगजनों के लिए अलग से परामर्श, रक्तदान शिविर और सामान्य स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई। इसी सिलसिले में देवप्रयाग में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ, जिसका शुभारंभ स्थानीय विधायक विनोद कंडारी ने किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम विजय ने जानकारी दी कि अब तक आयोजित शिविरों में लगभग 46,599 लाभार्थियों को विभिन्न सेवाओं का लाभ दिया गया है। इनमें 5,861 सेवाओं का प्रत्यक्ष वितरण शामिल है। इसके अलावा 729 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, 4,665 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, 1,350 किशोर-किशोरियों की हीमोग्लोबिन जांच, 574 रक्तदाताओं का पंजीकरण, 831 लोगों की टीबी जांच, 45 निश्चय मित्रों का पंजीकरण, 40 आभा आईडी निर्माण, 3,154 लोगों को विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित परामर्श और 3,180 गैर-संचारी रोगों की जांच की गई।

उन्होंने आगे बताया कि शिविरों का आयोजन आगामी तिथियों पर भी जारी रहेगा। 27 सितम्बर को सीएचसी हिण्डोलाखाल, 29 सितम्बर को सीएचसी प्रतापनगर, 30 सितम्बर को सीएचसी चौंड, 1 अक्टूबर को सीएचसी मदननेगी और 2 अक्टूबर को सीएचसी बेलेश्वर में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। विभाग का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक लोग इन शिविरों तक पहुंचे और समय रहते आवश्यक जांच और उपचार का लाभ प्राप्त कर सकें।

# शिक्षक संघ मांगों के लिए श्रीनगर के शिक्षा-मंत्री आवास का करेंगे घेराव

**आश्वासन से नाराज़ शिक्षक अब घेरेंगे शिक्षा मंत्री का आवास**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़** (उत्तरकाशी) उत्तराखण्ड राजकीय शिक्षक का सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन पिछले 40 दिनो से जारी है, लेकिन शिक्षको को अब तक समाधान के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिले है, इससे नाराज शिक्षकों ने 28 सितंबर को शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव करने का फैसला लिया है।

राजकीय शिक्षक संघ, चिन्यालीसौड के ब्लाक अध्यक्ष विपिन थपलियाल ने बताया कि 17 पिछले सितम्बर को देहरादून में मुख्यमंत्री आवास घेराव के दौरान करीब 10 हजार शिक्षको ने भाग लिया और अब श्रीनगर में 15 से 20 हजार शिक्षक उपस्थित होंगें।

थपलियाल ने कहा कि जब तक सरकार हमारी तीन प्रमुख मोगों - प्रधानाचार्य सीधी भर्ती निरस्त, वार्षिक स्थान्तारण वहाल और शत् प्रतिशत सभी पदों पर पदोन्नति नहीं करते तब तक राजकीय शिक्षको का यह आन्दोलन जारी रहेगा। उन्होंने विकासखंड चिन्यालीसौड के सभी शिक्षको से इस महारैली में बड़ी संख्या में भाग लेने का आवाहन किया है।

एक नजर .......

## लैंसडौन वन प्रभाग में पहाड़ी से गिरकर चार वर्षीय हथनी की मौत

**कोटद्वार।** लैंसडौन वन प्रभाग की कोटद्वार रेंज में पहाड़ी से गिरकर एक चार वर्षीय हथनी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने हाथी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कर दफना दिया। कोटद्वार रेंज के रेंज अधिकारी विपिन जोशी से मिली जानकारी के मुताबिक बीते रोज कोटद्वार रेंज के मैती काटल ग्रामीण क्षेत्र में पहाड़ी से गिर कर एक हथनी की मौत की सूचना ग्रामीणों के द्वारा दी गयी। बताया गया कि हथनी झुंड के साथ से पहाड़ी से नीचे गिर गयी जिस कारण उसकी मौके पर मौत हो गयी। सूचना मिलते ही वन कर्मियों को मौके पर भेज कर हथनी के शव को कब्जे में ले कर पशुचिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार, डॉ कुमार सुबोध रंजन के द्वारा पोस्टमार्टम कर दफना दिया गया। पशुचिकित्साधिकारी कलालघाटी डॉ कुमार रंजन के मुताबिक हथनी का शव एक दिन पुराना था, हथनी की मौत पहाड़ी से गिरने से हुई।

## कोटड़ी रेंज में वन तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कोटद्वार।** लैंसडौन वन प्रभाग की कोटड़ी रेंज में वन विभाग की टीम ने एक लकड़ी तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसके बाद से लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कैंचीवाला उत्तर प्रदेश निवासी अजय रावत कोटडी रेंज से रिजर्व फारेस्ट में सागुन के पेड़ काटकर वन विभाग की टीम को देखकर भाग रहा था वन विभाग की टीम ने पीछा करते हुए जिला बिजनौर के कैंचीवाला से वाहन और लकड़ी के डाट सहित लकड़ी तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। कोटडी रेंज के रेंजर विपिन जोशी से मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर कैंचीवाला निवासी अजय रावत सागुन के पेड़ काट कर भाग रहा था तभी मुखबिर की सूचना से वन विभाग की टीम को सूचना मिली, सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो वन तस्कर फरार हो गया। जंगल के अंदर बनी लीग को देखकर वन तस्कर का पीछा किया गया जहां उसके घर के बाहर से उसे गिरफ्तार कर लिया गया लकड़ी तस्कर के कब्जे से एक वाहन और लकड़ी की दो डाट सहित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## छात्रसंघ चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने भी की है तैयारियां



**श्रीनगर।** गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के बिडला परिसर में 27 सितंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर नीलू चावला ने धारा-163 बीएनएसएस के तहत आदेश पारित कर विश्वविद्यालय के चौरास परिसर के चारों ओर 500 मीटर क्षेत्र को निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में किसी प्रकार के जुलूस, प्रदर्शन, सामूहिक सभा एवं प्रचार-प्रसार पर प्रतिबंध रहेगा। इसी के साथ उपजिलाधिकारी श्रीनगर ने 25 से 28 सितंबर तक चुनाव केंद्र से 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस दौरान पाँच से अधिक व्यक्तियों का एकत्र होना, जुलूस-सभा, ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग तथा हथियार या विस्फोटक सामग्री लेकर प्रवेश करना प्रतिबंधित किया है।

# गढ़वाल विवि के कुलपति ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव 2025-26 के लिए छात्रसंघ चुनाव के मध्यनजर कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने सभी पोलिंग बूथों समेत चुनाव कार्यालय, नियंता कार्यालय, मतगणना स्थल में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी व्यवस्थाओं, बैरिकेटिंग, सफाई, पानी आदि व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए साथ ही मतदाता परिचय पत्र के स्कैनिंग सुविधा का भी निरीक्षण किया।

मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. एचसी. नैनवाल ने चुनाव प्रक्रिया की रूपरेखा की जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव समिति, नियंता और डीएसडब्ल्यू बोर्ड के साथ मिलकर लगातार शांतिपूर्ण चुनाव समपन्न कराने के लिए प्रयासरत हैं और इसके लिए छात्र-छात्राओं के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

मीडिया समिति के संयोजक प्रो. एमएम सेमवाल ने मतदाता छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे अनिवार्य रूप से अपना पहचान पत्र साथ लायें और शांतिपूर्ण मतदान में अपनी भागीदारी निभाएं। इस दौरान प्रो मोहन पंवार, प्रो आर. सी. डंगवाल, प्रो. राजेन्द्र सिंह नेगी, मुख्य नियंता प्रो. एससी सती, प्रो. एमसी सती, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. एसएस बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# चारा काट रही महिला पर जंगली सूअर का हमला

**ग्राम डागू में सूअर के हमले से महिला घायल, हालत गंभीर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़** (टिहरी गढ़वाल)। जौनपुर विकासखंड के ग्राम डागू में शुक्रवार सुबह एक महिला पर जंगली सूअर ने हमला कर घायल कर दिया। सुबह करीब 9 बजे ग्राम डागू निवासी गुड्डी देवी पत्नी रणबीर कोहली अपने खेत में मवेशियों के लिए चारा पत्ती इकट्ठा कर रही थीं। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे जंगली सूअर ने अचानक उन पर हमला बोल दिया।

महिला के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर पास ही रह रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर सूअर को वहां से खदेड़ा। ग्रामीणों ने घायल गुड्डी देवी को पैदल गांव तक लाकर प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थत्यूड़ में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर देहरादून रेफर कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान शीला देवी, पूर्व प्रधान सत्येश्वर भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन सिंह रावत, मुकेश और रामपाल आदि ने वन विभाग से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग उठाई।

इस पर वन रेंजर लतिका उनियाल ने बताया कि क्षेत्र में जंगली सूअर के हमले का यह पहला मामला है। पीड़ित परिवार को वन अधिनियम के तहत मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही गांव के आसपास झाड़ियों की कटान कर जंगली जानवरों से बचाव के कदम उठाए जाएंगे।

वन विभाग की ओर से फॉरेस्टर अरविंद सिंह रावत और वन बीट अधिकारी रामलाल लेखवार को घायल महिला के साथ अस्पताल भेजा गया। वहीं डिप्टी रेंजर बिजेंद्र सिंह ने भी स्वास्थ्य केंद्र थत्यूड़ पहुंचकर पीड़िता से मुलाकात कर उपचार की जानकारी ली।

# राइंका भल्लेगांव में भवनों के निर्माण के लिए बजट स्वीकृत

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा के कलस्टर विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज भल्लेगांव में भवनों के निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ पांच लाख की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। पहली किश्त के तौर पर 82.248 लाख रुपए जारी किए गए हैं। इसके लिए परियोजना खंड ऋषिकेश सिंचाई विभाग को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। इससे विद्यालय में 3 प्रयोगशाला कक्ष, एक स्टाफ कक्ष, प्रधानाचार्य कक्ष व एक कार्यालय कक्ष का निर्माण किया जाना है। विधायक ने बताया कि इस स्वीकृति से विद्यालय में आवश्यक संसाधनों का विकास होगा।

# रोपवे प्रोजेक्ट में देरी की वजह एलाइनमेंट में बदलाव का प्रस्ताव: सचिव



**एनएचएलएमएल से राय लेने के बाद मिलेगी मंजूरी : धीराज गर्ब्याल गेमचेंजर साबित हो सकता यमुनोत्री धाम के लिए रोपवे परियोजना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** यमुनोत्री धाम के लिए रोपवे परियोजनाए गेमचेंजर साबित हो सकती हैं। इससे दुर्गम पहाड़ी रास्तों की मुश्किलें न सिर्फ आसान होंगी बल्कि धार्मिक पर्यटन को गति मिलेगी और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिलेगी। इन प्रोजेक्ट्स से स्थानीय रोजगार सृजन, समय की बचत और आपदा प्रबंधन में भी मदद मिलेगी। लेकिन

यमुनोत्री रोपवे प्रोजेक्ट पर भी सभी की नजरें टिकी हैं। प्रोजेक्ट में देरी को लेकर सवाल उठते रहे है। मामले जिस पर पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल ने बताया कि देरी की वजह प्रोजेक्ट के एलाइनमेंट में बदलाव का प्रस्ताव है। विभाग इसका परीक्षण करवा रहा है और एनएचएलएमएल से राय लेने के बाद इसे मंजूरी दी जाएगी।इधर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने परियोजना की समीक्षा करते हुई निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी परियोजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का मौके पर पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण करें तथा इससे जुड़े विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि रोपवे परियोजना को एक मॉडल परियोजना के रूप में सफल बनाया जा सके।

गौरतलब है कि यमुनोत्री धाम के लिए रोपवे परियोजना का स्थल पर निर्माण कार्य नवम्बर 2024 को विधिवत शुरू हो गया था। यमुनोत्री स्काई कार प्रा.लि. द्वारा इस रोपवे के लिए खरसाली में प्रस्तावित लोअर टर्मिनल पर भूमि-पूजन के साथ निर्माण कार्य की शुरू किया गया। राज्य सरकार के द्वारा यमुनोत्री धाम के लिए रोपवे के निर्माण का जिम्मा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड पर एक निजी कंपनी यमुनोत्री स्काई कार प्रा.लि. को सौंपा गया था।यमुनोत्री धाम के लिए इस बहुप्रतीक्षित रोपवे परियोजना की कुल लंबाई 3.9 किमी है और इसकी क्षमता प्रति एक घंटे में एक तरफ 580 लोगों को परिवहन करने की होगी। लगभग 170 करोड़ की लागत की इस रोपवे परियोजना मे खरसाली से यमुनोत्री धाम के बीच कुल 10 टावर बनाने का है। इस परियोजना का सबसे निचला टर्मिनल खरसाली में बनाया जाएगा और सबसे ऊपरी टर्मिनल यमुनोत्री धाम में पुलिस चौकी के निकट बनेगा। यह रोपवे छ: मीटर प्रति सेकेंड की गति से संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है और इसके खरसाली स्थित निचले टर्मिनल से यमुनोत्री धाम के ऊपरी टर्मिनल तक 15 मिनट के भीतर पहुंचा जा सकेगा।

# आईटीबीपी के जवानों ने दुनिया के सबसे ऊंचे ट्रैक को पार किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के 15 जवानों ने फ्रंटियर-स्तर ट्रैकिंग अभियान शहिमादीश के तहत 19,495 फीट ऊंचे और 111 किमी लंबे कालिंदीखाल-बद्रीनाथ ट्रैक को पार कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

दल ने 16 सितंबर को नेलांग घाटी से अभियान शुरू किया था। आईटीबीपी 35वीं वाहिनी के पर्वतारोहण विशेषज्ञ भानुप्रताप सिंह ने बताया सबसे कठिन मार्ग तय हो चुका है और दल अब 6 अक्टूबर को बद्रीनाथ पहुंच जाएगा।

उन्होंने बताया कि आईटीबीपी 35वीं वाहिनी के उप सेनानी दीपक कुमार के नेतृत्व में अभियान दल ने गंगोत्री धाम और बद्रीनाथ धाम को जोड़ने वाले इस चुनौतीपूर्ण ट्रैक को पूरा किया।

उच्च हिमालय क्षेत्र में स्थित कालिंदीखाल-बद्रीनाथ ट्रैक पर बर्फीले तूफान, हिमस्खलन के खतरे, ग्लेशियरों की दरारों, ऑक्सीजन की कमी और तीव्र ठंड जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर जवानों ने साहस, धैर्य, पर्वतारोहण कौशल और टीमवर्क से यह कठिन रास्ता पार किया।

आईटीबीपी के इस अभियान ने साबित किया कि जवान न केवल राष्ट्र की सुरक्षा में अग्रणी हैं, बल्कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और जीवटता के भी उदाहरण हैं। यह उपलब्धि पर्वतारोहण के क्षेत्र में उनकी शारीरिक और मानसिक शक्ति को दर्शाती है।

# बेसिक विद्यालयों की जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** पौड़ी के बेसिक विद्यालयों की शरद एवं शीतकालीन जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता कोटद्वार में प्रारंभ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम कोटद्वार के मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक पोखड़ा के नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख संजय गुसाईं ने शशिधर भट्ट राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कोटद्वार में प्रतियोगिताओं का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय निंबूचौड़ एवं राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय सुखरो देवी के छात्र बैंड दल ने अतिथियों का स्वागत किया। समस्त विकास खंडों से आए छात्र छात्राओं ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथियों को सलामी दी। प्रथम दिवस संपन्न हुई सब जूनियर वर्ग की 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के बालक वर्ग में विजय यमकेश्वर, अक्षित दुगड्डा, अनमोल पाबो ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर वर्ग की बालिकाओं की 600 मी दौड़ में साधना बीरोंखाल, अस्मिता थलीसैंण, प्रीति कल्जीखाल ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी पौड़ी नागेंद्र बर्तवाल, पार्षद सौरभ नौडियाल, खेल संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अमित कुमार चंद, पौड़ी के जिला खेल समन्वयक कमल उप्रेती, जिला खेल सह समन्वयक ललित बिष्ट, प्रदीप रावत, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज जुगरान, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भगत सिंह भंडारी, विभिन्न शिक्षक संघों के जनपदीय एवं ब्लॉक पदाधिकारी शिक्षक शिक्षिकाएं, खेल निर्णायक, सभी ब्लॉक खेल समन्वयक अरुण कुकरेती, जितेंद्र राय, बिपिन रांगण, प्रवीन नेगी, प्रकाश चौधरी, शिवदर्शन संजय पाल, उमेश कुमार वर्मा, मनमोहन गुसाईं, जसपाल असवाल मेहरबान सिंह, गोपाल जसोला,एवं सभी 15 विकास खंडों से आए हुए छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# 18 साल से पाक को फाइनल नहीं हरा पाया भारत

**● अब तक 12 बार खिताबी मुकाबले में भिड़े दोनों देश, टीम इंडिया चार बार ही जीत पाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान ने एशिया कप 2025 में बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने बुधवार को ही खिताबी मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर लिया था। दोनों टीमें अब 28 सितम्बर को दुबई में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होंगी।

ग्रुप और सुपर-4 राउंड में दोनों बार टीम इंडिया ने बाजी मारी थी। भारत और पाकिस्तान के बीच इंटरनेशनल क्रिकेट में 13वीं बार किसी टूर्नामेंट या ट्राई सीरीज का फाइनल होगा। इससे पहले हुए 12 मुकाबलों में 8 बार पाकिस्तान और महज 4 बार भारत को जीत मिली। 2017 के आईसीसी चौंपियंस ट्राफी फाइनल में दोनों टीमें आखिरी बार खिताब के लिए भिड़ी थीं, तब भी पाकिस्तान ने ही बाजी मारी थी। भारत को आखिरी जीत 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में मिली थी। वनडे में 11 फाइनल हुए, 8 पाकिस्तान जीता भारत और पाकिस्तान के बीच पहली बार किसी भी टूर्नामेंट का फाइनल 1985 में हुआ था। यह खिताबी मुकाबला वर्ल्ड चौंपियनशिप आफ क्रिकेट का था। इसे भारत ने 8 विकेट से जीता था। इसे मिलाकर दोनों टीमों ने वनडे फार्मेट के अलग-अलग टूर्नामेंट में 11 फाइनल खेले, 8 में पाकिस्तान और महज 3 में भारत को जीत मिली। मौजूदा एशिया कप टी-20 फार्मेट में खेला जा रहा है। इस फार्मेट में दोनों टीमें दूसरी बार ही एक-दूसरे के खिलाफ खिताबी मुकाबला खेलेंगी। इकलौती बार दोनों टीमें 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भिड़ीं थीं। तब एमएस धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने 5 रन से खिताबी मुकाबला जीतकर पहले वर्ल्ड कप की ट्राफी अपने नाम की थी। 12 फाइनल में क्या-क्या हुआ। फाइनल-1रू भारत ने वर्ल्ड चौंपियनशिप जीती 10 मार्च 1985 को पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच किसी टूर्नामेंट का फाइनल हुआ। वर्ल्ड चौंपियनशिप आफ क्रिकेट का यह फाइनल मेलबर्न के डब्ळ स्टेडियम में खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान 176 रन ही बना सका। जवाब में भारत से कृष्णमचारी श्रीकांत और रवि शास्त्री ने फिफ्टी लगाकर टीम को 47.1 ओवर में 8 विकेट से जीत दिला दी। टूर्नामेंट में 7 टीमों ने हिस्सा लिया था। भारत ने पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में भी 6 विकेट के अंतर से हराया था। भारत ने अजेय रहते हुए खिताब पर कब्जा किया। ग्रुप स्टेज में टीम ने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराया। वहीं सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को मात दी। रवि शास्त्री प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। फाइनल-2रू मियांदाद का आखिरी गेंद पर विनिंग सिक्स 18 अप्रैल 1986 को शारजाह में भारत और पाकिस्तान के बीच आस्ट्रल-एशिया कप का फाइनल खेला गया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट खोकर 245 रन बनाए। श्रीकांत, गावस्कर और वेंगसरकर ने फिफ्टी लगाई। पाकिस्तान ने 49.5 ओवर तक 9 विकेट खोकर 242 रन बना लिए। आखिरी गेंद पर 4 रन चाहिए थे। मियांदाद ने चेतन शर्मा की गेंद पर छक्का लगाया और पाकिस्तान को फाइनल जिता दिया। उन्होंने 116 रन बनाए, इसके लिए उन्हें प्लेयर आफ द मैच का अवार्ड भी मिला। न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने भी टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। भारत ने श्रीलंका और पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल हराया था। गावस्कर प्लेयर आफ द सीरीज रहे। फाइनल-3रू विल्स ट्राफी में आकिब जावेद को 7 विकेट 25 अक्टूबर 1991 को विल्स ट्राफी के फाइनल में दोनों टीमें भिड़ीं। पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 262 रन बना दिए। जाहिद फजल ने 98 और सलीम मलिक ने 87 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया 190 रन बनाकर सिमट गई। पाकिस्तान से तेज गेंदबाज आकिब जावेद ने महज 37 रन देकर 7 विकेट लिए। विल्स ट्राफी ट्राई सीरीज थी। जिसमें वेस्टइंडीज ने भी हिस्सा लिया था। ग्रुप स्टेज में भारत-पाक के बीच 2 मैच हुए। पहला मैच भारत ने 60 रन से जीता, वहीं दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान ने 4 रन से जीत दर्ज की।




## फाइनल से पहले ध्यान केंद्रित रखे पाक: माइक हेसन



**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने अपने खिलाड़ियों से टूर्नामेंट के फाइनल में भारत का सामना करने की तैयारी करते हुए, ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहने और सिफ क्रिकेट पर ध्यान कें. द्रित करने का आग्रह किया है। दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें इस प्रतियोगिता में तीसरी बार आमने-सामने होंगी, और अब तक ज्यादातर चर्चा क्रिकेट के बजाय मैदान के बाहर के मुद्दों और मैदान के हाव-भाव पर ही केंद्रित रही है। हेसन ने कहा कि देखिए, खिलाड़ियों को मेरा संद. ेश सिर्फ क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने का है और हम निश्चित रूप से ऐसा करेंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम को मिला 'टाइगर' का समर्थन

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 भारत नजदीक आ रहा है, जियोस्टार का 'जर्सी वही, जज़्बा वही' अभियान देश भर के प्रशंसकों को एकजुट और उत्साहित कर रहा है। बॉलीवुड सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ, भारतीय महिला टीम का समर्थन करने वाले नवीनतम सेलिब्रिटी हैं, क्योंकि वे अपने पहले आईसीसी खिताब के लिए प्रयासरत हैं। यह अभियान 30 सितम्बर को गुवाहाटी में हरमनप्रीत कौर एंड कंपनी की श्रीलंका के साथ भिड़ंत से शुरू होगा। भारत का समर्थन करने के महत्व पर, टाइगर श्रॉफ ने कहा कि हर बार जब टीम इंडिया यह जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी, मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा। इस बार, हमारी महिलाएं ही हैं जो विश्व कप जीतकर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। मेरे लिए, चाहे पुरुष टीम हो या महिला टीम, कोई फर्क नहीं है, हमेशा भारत खेलता है और हमेशा भारत जीतता है। जब जर्सी एक जैसी होगी, तो जुनून भी हमेशा एक जैसा ही रहेगा। एक जर्सी, एक जुनून, एक भारत। आइए, उसी ऊर्जा के साथ अपनी नीली महिलाओं का समर्थन करें, क्योंकि यह देश को गौरवान्वित करने का उनका क्षण है।

### भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर किया क्लीन स्वीप

**ब्रिसबेन, वार्ता।** वेदांत त्रिवेदी (86) और राहुल कुमार (62) की अर्धशतकीय पारियों के बाद खिलन पटेल (चार विकेट) और उद्धव मोहन (तीन विकेट) की घातक गेंदबा. जी की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने शुक्रवार को तीसरे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया को 167 रनों से करारी शिकस्त दी।

## हमारा सारा ध्यान क्रिकेट पर है: हरमनप्रीत

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पुरुष एशिया कप को लेकर हो रहे शोर-शराबे को दरकिनार करते हुए कहा है कि हम यहां केवल क्रिकेट खेलने आए और हमारा सारा ध्यान क्रिकेट पर ही रहेगा।

इस महीने की शुरुआत में आयोजित हुए एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के मैच में खिलाड़ियों के हाथ ना मिलाने और उसके लेकर हुई राजनीति और बयानबाजी को लेकर पाकिस्तान के साथ मुकाबले को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में हरमनप्रीत ने कहा कि हम केवल मैदान पर होने वाली घटनाओं को नियंत्रित कर सकते हैं। अन्य मामले हमारे हाथ से बाहर हैं। ड्रेसिंग रूम में, हम इन बातों पर चर्चा भी नहीं करते। हम यहां केवल क्रिकेट खेलने के लिए हैं, और हमारा ध्यान क्रिकेट पर ही रहेगा। हरमनप्रीत ने आईसीसी महिला वनडे विश्व कप 2025 से पहले कैप्टन्स डे पर संवाददाताओं से कहा कि फिलहाल, हमारा ध्यान शुरुआती मैच पर है, क्योंकि यही टूर्नामेंट की दिशा तय करता है। सभी मैच समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। हम मैदान के बाहर होने वाली किसी भी चीज पर ध्यान नहीं देंगे। यह सिफ इरादे का बयान नहीं था, बल्कि एक ऐसी खिलाड़ी के निजी सफर का प्रतिबिंब था।

## हारिस रऊफ पर गिरी आईसीसी की गाज

**● अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने लगाया 30 प्रतिशत जुर्माना, फरहान को भी मिली सख्त चेतावनी**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान की शिकायत पर शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सुनवाई की।



एक एजेंसी ने टूर्नामेंट सूत्रों के हवाले से बताया कि दोनों को भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ गतिविधियों के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच 21 सितम्बर को खेले गए मैच के दौरान माहौल गर्म हो गया था। दरअसल, लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने भारत को तेज शुरुआती दिलाई थी, इससे उत्साहित भारतीय फैंस लगातार कोहलो-कोहली का नारा लगा रहा थे। बाउंड्री पर उस वक्त रऊफ खड़े थे और उन्होंने आपत्तिजनक इशारे किए। इतना ही नहीं, मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ियों की पाकिस्तान के खिलाड़ियों से बहस भी हुई थी। पावरप्ले के दौरान भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों में बहस हुई जिससे मैदान पर माहौल गर्म हो गया। दरअसल, शाहीन अफरीदी भारत की पारी का चौथा ओवर डालने आए और गिल ने उन पर दो चौके लगाए।

इसके बाद शाहीन और गिल के बीच कुछ बहस हुई जिसके बाद गिल ने शाहीन को जाने का इशारा किया। इसके बाद अगला ओवर डालने हारिस रऊफ आए। गिल ने फिर आखिरी गेंद पर चौका जड़ा जिसके बाद अभिषेक और रऊफ के बीच तीखी बहस होने लगी। मामला बढ़ता देख अंपायर गाजी सोहेल ने बीच बचाव किया और दोनों को अलग किया। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने भारत के खिलाफ अर्धशतक लगाने के बाद बल्ले को बंदूक की तरह पकड़ा और फायरिंग जैसा इशारा कर जश्न मनाया था। साहिबजादा की इस हरकत की खूब आलोचना की गई थी, बीसीसीआई ने इसे लेकर आईसीसी से शिकायत कर दी। आईसीसी ने इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई की। पीटीआई के मुताबिक, रऊफ पर उनकी अभद्र भाषा और आक्रामक इशारों के लिए जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं, पाकिस्तान के साहिब. जादा फरहान ने अपने 'गनफायर सेलिब्रेशन' के लिए खुद को आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी नहीं माने जाने का अनुरोध किया है।

## जोनाथन ने शानदार अंदाज में जीता स्वर्ण

**● जोनाथन ने पुरूषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में खिताब अपने नाम किया रश्मिका को मिला रजत**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के 16 वर्षीय जोनाथन गेविन एंटनी ने डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में जारी आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन नई दिल्ली 2025 के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। युवा भारतीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में खिताब अपने नाम किया।




एंटनी, जिन्होंने क्वालिफिकेशन में 586-19ग के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया था, ने फाइनल में भी अपना दमखम बरकरार रखते हुए 24 में से 21 शॉट 10 में मारे और 8.5 अंकों के बड़े अंतर से स्वर्ण जीता। इटली के लुका अरिघी ने 236-3 (572-21ग) अंकों के साथ रजत जीता, जबकि स्पेन के लुकास सांचेज टोमे ने 215-1 (573-11ग) अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। फाइनल में टूर्नामेंट का पहला शूट-ऑफ भी देखने को मिला, जहां ईरान के होसैन गोहारी ने इटली के गेब्रिएले आल्डो विलानी को 156-8 के स्कोर पर बराबरी के बाद पछाड़ दिया और छठा स्थान पाया। गोहारी आगे चलकर 174-8 (572-12ग) के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट्स व्लादिस्लाव मकारोव (194-3) और इगोर टुपित्स्यम (134-9) क्रमशः चौथे और सातवें स्थान पर रहे। भारत के चिराग शर्मा, जिन्होंने 578-15ग के स्कोर से क्वालिफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल किया था, फाइनल में 115-6 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहे। जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट एवलिना शीना ने संयमित प्रदर्शन करते हुए शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रखी और 240-9 अंकों के साथ स्वर्ण जीता। भारत की रश्मिका सहगल, जिन्होंने 573-17ग के स्कोर से पांचवें स्थान पर क्वालिफाई किया था, ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन वह एवलिना से 4.8 अंक पीछे रहीं और 236.1 अंकों के साथ रजत अपने नाम किया। ईरान की फातेमा शेकरी, जिन्होंने 567-14ग के साथ आठवें स्थान पर क्वालिफाई किया था, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 213.8 अंकों के साथ कांस्य जीता। अन्य भारतीय फाइनलिस्टों में, वंशिका चौधरी, जिन्होंने 576-17ग के स्कोर से क्वालिफिकेशन में शीर्ष स्थान प्राप्त किया था, 18 शॉट के बाद 174.2 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं, जबकि मोहिनी सिंह, जिन्होंने 576-12ग के साथ दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर किया था, 153.2 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहीं।

## चोटिल शमार जोसेफ भारत दौरे से बाहर, योहान लेन को मौका

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ चोट की वजह से अगले महीने भारत के खलिाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह अनकैप्ड तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर योहान लेन को टीम में शामिल किया गया है।



क्रिकेट वेस्टइंडीज ने ट्वीट कर पुष्टि की है कि जोसेफ सीरीज से बाहर हो गए हैं और बांग्लादेश के दौरे से पहले उनकी चोट का दोबारा आकलन किया जाएगा। हालांकि चोट की प्रकृति का खुलासा नहीं किया गया है। भारत में 14 अक्टूबर को टेस्ट सीरीज खत्म करने के बाद वेस्टइंडीज की टीम बांग्लादेश में तीन वनडे खेलेगी, जो 18 अक्टूबर से शुरू होंगे। इसके बाद 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक तीन टी20 भी होंगे। इसके बाद टीम न्यूजीलैंड जाएगी, जहां पांच टी20, तीन वनडे और तीन टेस्ट की ऑल-फॉर्मेट सीरीज खेलेगी। फ़िलिहाल टीम यूएई में है, जहां 27 सितम्बर से नेपाल के खिलाफ तीन टी20 खेले जाएंगे। जोसेफ अब तक 11 टेस्ट खेल चुके हैं, जिनमें उन्होंने 21-66 की औसत से 51 विकेट लिए हैं। उन्होंने जनवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू पर पांच विकेट लिए थे। लेन 22 साल के हैं और उन्होंने अब तक 19 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 22-28 की औसत से 66 विकेट लिए हैं, जबकि 19-03 की औसत से 495 रन बनाए हैं। वह चार बार पंजा भी हासिल कर चुके हैं।

लेन ने हाल ही में वेस्टइंडीज ए के लिए जून में दक्षिण अफ्रीका ए के खलिाफ दो चार-दिवसीय मैच खेले थे, जहां उन्होंने चार पारियों में 62 रन बनाए थे और तीन पारियों में एक-एक विकेट लिया था। हालांकि उन्हें घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता में वेस्टइंडीज एकेडमी के लिए ज़्यादा सफलता मिली। उन्होंने विंडवर्ड आइलैंड्स के खलिाफ़ छह विकेट लिए। कुल मिलाकर लेन ने उस टूर्नामेंट में छह मैचों में 15-88 की शानदार औसत से 27 विकेट चटकाए थे, जिसमें दो बार पांच विकेट और दो बार चार विकेट शामिल हैं।

## बारिश से अंतिम दिन का खेल रद्द जमाल हुसैन ने जीता खिताब

**हैदराबाद, वार्ता।** बांग्लादेश के जमाल हुसैन को शुक्रवार को हैदराबाद गोल्फ एसोसिएशन (एचजीए) में भारी बारिश के कारण अंतिम राउंड रद्द होने के बाद 1 करोड़ रुपये की एनएसएल लक्स प्रेज़ेंट्स तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स 2025 का विजेता घोषित किया गया। टूर्नामेंट का परिणाम 54 होल के बाद कुल स्कोर के आधार पर घोषित किया गया क्योंकि खराब मौसम के कारण चौथे राउंड में कोई खेल संभव नहीं था। जमाल हुसैन (61-62-64), जिन्होंने 54 होल के अपने 23-अंडर 187 के स्कोर की बदौलत तीसरे राउंड के बाद चार शॉट से बढ़त बनाई, ने इस तरह अपना छठा और पिछले साल नवंबर के बाद पहला खिताब जीता। परिणामस्वरूप, ढाका के 40 वर्षीय खिलाड़ी ने 15 लाख रुपये की विजयी राशि प्राप्त की, जिससे वह 2025 पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 14वें स्थान से 10वें स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (62-64-65) ने तीन राउंड के बाद 19-अंडर 291 का कुल स्कोर बनाकर उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

अक्षय ने 10 लाख रुपये का चेक प्राप्त किया और पीजीटीआई की मेरिट सूची में 34वें स्थान से 21वें स्थान पर पहुंच गए। बेंगलुरू के खलिन जोशी (65-66-66) ने 13-अंडर 197 के कुल स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने 11-अंडर 199 के कुल स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया। इस प्रकार अर्जुन 69,71,599 रुपये की सीजन की कमाई के साथ पीजीटीआई रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने रहे।

## भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 5 विकेट से हराया

**● केएल राहुल ने नाबाद 176 रनों की पारी खेली, साई सुदर्शन ने भी 78 रनों की पारी खेली**

**लखनऊ, वार्ता।** केएल राहुल ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 176 रन बनाए और भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में 412 रनों का पीछा करते हुए जीत हासिल की।

यह इतिहास में किसी 'ए' टीम द्वारा किया गया सबसे बड़ा सफल पीछा है। लखनऊ में रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए ने पहला मैच ड्रॉ रहने के बाद 1-0 से सीरीज जीत ली। राहुल को शतक जड़ने वाले साई सुदर्शन (100) ने 78 रनों की साझेदारी में अच्छा साथ दिया, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने तेजी से अर्धशतक बनाकर टेस्ट के चौथे दिन जीत पक्की कर दी।



केएल राहुल और साई सुदर्शन की शतकीय पारियों की बदौलत भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हरा दिया। आज यहां मैच के चौथे दिन भारत ए ने कल के दो विकेट पर 169 से आगे खेलना शुरु किया। भारत का तीसरा विकेट मानव सुथार (पांच) के रूप में गिरा। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन जोड़े। इसके बाद कल रिटायर हर्ट हुए केएल राहुल फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरे और अपना शतक पूरा किया। साई सुदर्शन ने 172 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (100) रन बनाए। उन्हें कोरी रॉकीचॉली ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान ध्रुव जुरेल ने केएल राहुल के साथ पांचवें विकेट के लिए 115 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत की ओर अग्रसर किया।

भारत ए ने 93.3 ओवरों में पांच विकेट पर 413 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। केएल राहुल ने 210 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 176 रनों की मैच विजयी पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ए के लिए टॉड मर्फी ने तीन विकेट लिए। कोरी रॉकीचॉली को दो विकेट मिले। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहली पारी में 420 रन का स्कोर बनाया जिसके जवाब में भारत ए टीम पहली पारी में 194 रनों पर सिमट गई थी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 185 के स्कोर पर सिमट गई और भारत को जीत के लिए 412 रनों का लक्ष्य दिया था।

## नेपाल को 3-0 से हराकर भारत सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के फाइनल में

**कोलंबो, वार्ता।** भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने नेपाल को 3-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह पक्की कर ली। गुरुवार रात रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए सेमीफाइनल में गत चैंपियन ने आखिरकार अपने दबदबे को गोल में बदल दिया, जिससे अब खिताबी मुकाबले में उसका बांग्लादेश से सामना होगा, जिसने पहले पाकिस्तान को 2-0 से हराया था।

वांगखेराकपम गुनलेइबा (61वें मिनट) और स्थानापन्न अजलान शाह खान (80वें मिनट) और डायमंड सिंह थोकचोम (90वें मिनट) ने गोल किए और ब्लू कोल्ट्स ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की। हाफ-टाइम तक स्कोरलाइन गोलरहित रही। भारत को पहला असली मौका बॉक्स में मची अफरा-तफरी के बीच मिला जब वांगखेराकपम गुनलेइबा ने गोल की ओर शॉट मारा, लेकिन नेपाल के डिफेंडर के तेज ब्लॉक ने उसे नाकाम कर दिया। इस मौके ने भारतीय खेमे में और भी तेज़ी ला दी। कुछ ही पल बाद, मोहम्मद ऐमान ने बाईं ओर से एक शानदार क्रॉस दिया जो डल्लालमुऑन गंगटे के पास गया, लेकिन आमतौर पर भरोसेमंद फ़ॉरवर्ड गोल नहीं कर पाए। रक्षात्मक रूप से, भारत पूरी तरह से अडिग था। मिडफ़ील्ड ने अनुशासन के साथ जगह बनाई, जबकि बैकलाइन ने पासिंग चैनल बंद कर दिए, जिससे नेपाल के पास लंबी दूरी के प्रयासों के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। प्रतिस थापा मगर के ऐसे ही एक प्रयास, बॉक्स के किनारे से एक शक्तिशाली ड्राइव, ने गोलकीपर मानशज्योति बरुआ को पूरी ताकत से बचाव करने पर मजबूर कर दिया।

# सम्पादकीय

शनिवार, 27 सितम्बर 2025

## हड़बड़ाहट में ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बेहद हड़बड़ी में दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका जैसे शक्तिशाली राष्ट्रपति के लिए इस तरह का आचरण बिल्कुल शोभा नहीं देता। एक तरफ भारत व अमेरिका के अधिकारी व्यापारिक डील को लेकर व्यस्त हैं, तो वहीं दूसरी तरफ इस वार्ता का नतीजा आए बिना ही डोनाल्ड ट्रम्प इस तरह की घोषणा कर देते हैं जो रिश्तों को और उलझा देती है। इस समय भारतीय प्रतिनिधिमंडल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गया हुआ है। जहां उसने 22 से 24 सितम्बर तक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और भारत के लिए नामिक अमेरिकी राजदूत सर्जियो के साथ बैठक की। बैठक के बाद दोनों ही पक्षों ने माना है कि समझौते के विभिन्न पहलुओं पर रचनात्मक बैठक हुई। इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रांडेड या पेटेंट दवाई पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इतना ही नहीं यह टैरिफ एक अक्टूबर से लागू होने की बात भी कही है। हालांकि यह टैक्स उन कंपनियों पर लागू नहीं होगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। जैनरिक दवाओं को अभी इस टैरिफ से बाहर रखा गया है। हालांकि ऐसी आशंका जताई जा रही है कि अगला निशाना जैनरिक दवाइयां भी हो सकती हैं जैसाकि जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट वीके विजय कुमार ने कहा भी है कि भारत जो जैनरिक दवाओं का एक्सपोर्टर है, उसे इससे ज्यादा असर नहीं होगा, लेकिन हो सकता है कि राष्ट्रपति का अगला निशाना जैनरिक दवाएं हों। जैनरिक दवाइयां अमेरिका को एक्सपोर्ट करने वाला भारत सबसे बड़ा देश है। 2024 की ही बात करें तो भारत ने अमेरिका को लगभग 8.73 अरब डॉलर की जैनरिक दवाइयां भेजी। जो भारत के कुल दवा एक्सपोर्ट का 31 फीसदी है। अमेरिका पहले से ही रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर 50 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। यहां यह भी याद दिलाना जरूरी है कि 16 सितम्बर को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय का एक दल भारत आया था और उसकी नई दिल्ली में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई थी, उस समय भी यह कहा गया था कि बातचीत बेहद सकारात्मक रही है। तो जब दोनों ही पक्षों के अधिकारी बातचीत को सकारात्मक बता रहे हैं, तो ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति के इस फैसले को समझना बेहद मुश्किल हो जाता है कि आखिर वह क्या चाहते हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समय-समय पर वह प्रशंसा करते दिखाई देते हैं, उन्हें अपना मित्र बताते हैं तो वहीं दूसरी तरफ वह भारत के साथ इस तरह के निर्णय लेने में देर नहीं लगाते जिससे भारत की स्थिति असहज हो जाती है। जाहिर है इस तरह के वातावरण में भारत को बेहद सतर्कता के साथ अमेरिका से ट्रेड के मामले में आगे बढ़ने की जरूरत है।

### भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर



आज भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर है, देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की जिंदगी और सपनों को तबाह कर दिया गया है, उत्तराखंड का पेपर लीक कांड इसका ताजा उदाहरण है, लाखों युवाओं ने दिन-रात मेहनत की, लेकिन भाजपा ने चोरी से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया, हम लगातार मांग कर रहे हैं कि पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत और पारदर्शी सिस्टम बनाया जाए, लेकिन मोदी सरकार इस पर आंखें मूंदकर बैठी है क्योंकि उन्हें युवाओं की बेरोजगारी की नहीं, बल्कि अपनी सत्ता की चिंता है, बेरोजगारी आज देश की सबसे बड़ी समस्या है और यह सीधे तौर पर वोट चोरी से जुड़ी है. पेपर चोरों को पता है कि अगर युवाओं को रोजगार नहीं भी मिलेगा, तो भी वे चुनाव में वोट चोरी करके सत्ता में बने रहेंगे।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

## प्रकृति, संस्कृति और समाज को जोड़ता सतत पर्यटन

पर्यटन केवल मनोरंजन, सैर-सपाटे या विश्राम का माध्यम नहीं है बल्कि यह मानव सभ्यता के विकास में निरंतर योगदान देने वाला एक ऐसा वैश्विक उद्योग है, जिसने संस्कृतियों को जोड़ा, विविधताओं को समझने का अवसर दिया और आर्थिक समृद्धि के साथ सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया। विश्व पर्यटन दिवस 2025 का विषय 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' इसीलिए अत्यंत प्रासंगिक है क्योंकि यह न केवल पर्यटन उद्योग के महत्व को रेखांकित करता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि पर्यटन किस प्रकार दुनिया में सकारात्मक बदलाव का वाहक बन सकता है। 'संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन' द्वारा प्रतिवर्ष 27 सितम्बर को मनाया जाने वाला यह दिवस विश्व समुदाय को पर्यटन के बहुआयामी महत्व और इसके दूरगामी प्रभावों पर पुनर्विचार करने का अवसर प्रदान करता है।

पर्यटन का दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्थान असाधारण है। वैश्विक स्तर पर यह उद्योग प्रतिवर्ष अरबों डॉलर का राजस्व उत्पन्न करता है और करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्टों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर प्रत्येक दस में से एक नौकरी पर्यटन से जुड़ी है। विकसित देशों के साथ-साथ विकासशील राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था में भी यह एक प्रमुख आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है। भारत की बात करें तो यह क्षेत्र देश की जीडीपी में लगभग 10 प्रतिशत योगदान देता है और सीधे या अपरोक्ष रूप से पांच करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। विश्व पर्यटन दिवस का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह हमें केवल आर्थिक आंकड़ों की चमक पर नहीं बल्कि उन सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों पर भी ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करता है, जिन्हें पर्यटन उद्योग के सतत विकास के लिए प्राथमिकता देना आवश्यक है।

पर्यटन सामाजिक समानता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है। जब एक यात्री किसी दूसरे देश, राज्य या संस्कृति से जुड़ता है तो यह केवल यात्रा नहीं होती बल्कि यह संवाद, सहअस्तित्व और समझदारी का अवसर बनती है। एक ओर यह यात्रियों को नए अनुभव और दृष्टिकोण प्रदान करता है तो दूसरी ओर स्थानीय समुदायों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली को साझा करने का अवसर देता है। यही कारण है कि पर्यटन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और पारंपरिक कलाओं, शिल्प और रीति-रिवाजों को पुनर्जीवित करने में मदद करता है। कई बार जो कला या परंपरा लुप्त होने के कगार पर होती है, वह पर्यटन के कारण नए जीवन का संचार प्राप्त करती है। विश्व पर्यटन दिवस 2025 का केंद्रीय विचार पर्यटन की परिवर्तनकारी शक्ति है और यह परिवर्तन तभी संभव है, जब पर्यटन विकास के केंद्र में स्थिरता, लचीलापन और सामाजिक समानता को रखा जाए। आधुनिक समय में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियां पर्यटन के समक्ष सबसे बड़ी बाधाएं बनकर उभरी हैं।



पर्यटन का अत्यधिक और अनियंत्रित विकास कई बार प्राकृतिक पारिस्थितिक संतुलन को बिगाड़ देता है। पर्वतीय क्षेत्रों में अत्यधिक पर्यटकों का दबाव ग्लेशियरों और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रतिकूल असर डालता है, समुद्र तटों पर अनियंत्रित पर्यटन समुद्री जीवन को खतरे में डालता है और ऐतिहासिक धरोहरों पर भीड़भाड़ से उनका संरक्षण कठिन हो जाता है। यही कारण है कि 'सतत पर्यटन' की अवधारणा आज सर्वाधिक चर्चा में है। सतत पर्यटन का अर्थ है ऐसा पर्यटन, जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग हो, स्थानीय समुदायों को अधिकतम लाभ मिले और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षित रहे। इस दिशा में अनेक देशों ने उल्लेखनीय पहल की है। उदाहरणस्वरूप, भूटान ने पर्यटन पर 'हाई वैल्यू, लो वॉल्यूम' नीति अपनाई है, जिसके अंतर्गत वह पर्यटकों की संख्या सीमित रखते हुए गुणवत्तापूर्ण अनुभव प्रदान करता है ताकि पर्यावरणीय और सांस्कृतिक संतुलन बना रहे। इसी प्रकार यूरोप के कई देशों ने 'ग्रीन टूरिज्म' मॉडल को अपनाकर पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी है। भारत में भी सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें इको-टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन को विशेष महत्व दिया जा रहा है। पर्यटन का महत्व शिक्षा और कौशल विकास के संदर्भ में भी कम नहीं है। यह न केवल यात्रियों को नई संस्कृतियों और भौगोलिक क्षेत्रों से परिचित कराता है बल्कि युवाओं को आतिथ्य, प्रबंधन, संचार और सांस्कृतिक समझ जैसे कौशल सीखने के अवसर भी देता है। भारत जैसे देश, जहां युवाओं की जनसंख्या बड़ी संख्या में है, पर्यटन क्षेत्र के माध्यम से विशाल रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान कर सकते हैं। छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में होम-स्टे, स्थानीय गाइड सेवा, पारंपरिक व्यंजन और हस्तशिल्प आधारित पर्यटन न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकते हैं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। पर्यटन का एक और महत्वपूर्ण पक्ष शांति और वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है। जब विभिन्न देशों के लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं तो यह न केवल सांस्कृतिक समझ को बढ़ाता है बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग की नींव भी रखता है। संयुक्त राष्ट्र ने भी पर्यटन को 'शांति का दूत' कहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी देशों के बीच पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ा है, आपसी संबंध मजबूत हुए हैं। इसीलिए पर्यटन को केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं बल्कि वैश्विक शांति और सहयोग की दिशा में एक प्रभावी उपकरण के रूप में देखा जाना चाहिए।

डिजिटल तकनीक ने पर्यटन उद्योग में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। ऑनलाइन बुकिंग, वर्चुअल टूर, एआई आधारित ट्रैवल गाइड और स्मार्ट पर्यटन समाधान ने यात्रियों के अनुभव को न केवल सरल बनाया है बल्कि अधिक सुलभ और सुरक्षित भी बनाया है। हालांकि तकनीक के उपयोग के साथ-साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी है। यात्रियों को अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने, स्थानीय संस्कृति का सम्मान करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। केवल सरकार या उद्योग नहीं बल्कि प्रत्एक यात्री को भी यह समझना होगा कि उसकी छोटी-सी आदतें पर्यटन को सतत और परिवर्तनकारी बनाने में योगदान कर सकती हैं। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश के लिए यह अवसर और चुनौती दोनों है।

यहां हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर केरल की बैकवाटर्स, राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर पूर्वोत्तर की हरियाली, वाराणसी के घाटों से लेकर कश्मीर की वादियों तक असीमित संभावनाएं हैं लेकिन इन संभावनाओं के साथ जिम्मेदारियों का बोझ भी जुड़ा हुआ है। अगर पर्यटन को अनियंत्रित और असंतुलित तरीके से बढ़ने दिया गया तो यह न केवल प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाएगा बल्कि स्थानीय समुदायों और सांस्कृतिक विरासत को भी प्रभावित करेगा। इसलिए पर्यटन विकास की हर नीति में स्थिरता और समावेशिता को प्राथमिकता देनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## नमकीन स्राव से पनपता रेगिस्तानी पौधा

**व्यापक शोध के बाद अल-हंदावी और उनकी टीम ने पाया कि दिन के समय में उत्सर्जन से बने नमक के रवे रात में पानी सोख कर फूल जाते हैं। टीम द्वारा की गई जांच से साबित हुआ कि जल संचयन में लवणों का प्राथमिक योगदान है, क्योंकि विशिष्ट परिस्थितियों में प्राकृतिक रूप से रवेदार परत वाली शाखाएं धुली हुई शाखाओं की तुलना में काफी अधिक पानी एकत्र करती है। यहां तक कि 50 प्रतिशत से कम आर्द्रता पर भी रवों पर ओस बन सकती है। एथल टमारिस्क की विशिष्टता इसके द्वारा उत्सर्जित लवणों का जटिल मिश्रण है।**

मध्य पूर्व के शुष्क क्षेत्र में एथल टमारिस्क Tamari aphylla नामक एक रेगिस्तानी पेड़ जिंदा रहने के लिए एक अनूठी रणनीति अपनाता है। यह पौधा झुलसाने वाली गर्मी में पानी प्राप्त करने के लिए नमकीन स्राव का फायदा उठाता है। प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित यह अध्ययन संकेत देता है कि पौधे दूभर परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए किस तरह के रासायनिक जुगाड़ करते हैं। गौरतलब है कि लवण से समृद्ध तटीय मिट्टी में पनपने वाला यह पौधा एक लवणमृदोद्भिद (हैलोफाइट) है जो अतिरिक्त लवण को ग्रंथियों से बूंदों के रूप में स्रावित करके पत्तियों पर जमा करता है। जैसे-जैसे दिन गर्म होता है, इन चमकदार बूंदों का पानी तो वाष्पित हो जाता है जिससे पौधे पर सफेद रवों की परत जम जाती है जो अंततः तेज हवा से झड़ जाते हैं।



इस रणनीति का खुलासा तब हुआ जब अबू धाबी स्थित न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी की वैज्ञानिक मारिएह अल-हंदावी ने संयुक्त अरब अमीरात के गर्म, आर्द्र रेगिस्तानों से गुजरते समय इन रवों पर पानी को संघनित होते देखा। उनका अनुमान था कि इस प्रक्रिया में उत्सर्जित लवण-मिश्रण के रासायनिक संघटन की महत्वपूर्ण भूमिका रही होगी। व्यापक शोध के बाद अल-हंदावी और उनकी टीम ने पाया कि दिन के समय में उत्सर्जन से बने नमक के रवे रात में पानी सोख कर फूल जाते हैं। टीम द्वारा की गई जांच से साबित हुआ कि जल संचयन में लवणों का प्राथमिक योगदान है, क्योंकि विशिष्ट परिस्थितियों में प्राकृतिक रूप से रवेदार परत वाली शाखाएं धुली हुई शाखाओं की तुलना में काफी अधिक पानी एकत्र करती है। यहां तक कि 50 प्रतिशत से कम आर्द्रता पर भी रवों पर ओस बन सकती है। एथल टमारिस्क की विशिष्टता इसके द्वारा उत्सर्जित लवणों का जटिल मिश्रण है, जिसमें सोडियम क्लोराइड, जिप्सम (कैल्शियम सल्फेट) और एक अन्य घटक-लीथियम सल्फेट-शामिल है जिसमें सोडियम क्लोराइड और जिप्सम की अपेक्षा कम आर्द्रता पर भी नमी को अवशोषित करने की क्षमता कहीं अधिक होती है। कई विशेषज्ञों के अनुसार यह अध्ययन एक नए स्तर की समझ प्रदान करता है जिससे यह पता चलता है कि कैसे रेगिस्तानी पौधे लवणों से छुटकारा भी पाते हैं और हवा से पानी संचय के लिए इनका उपयोग भी करते हैं। इन लवणों का संघटन रेगिस्तानी पौधों द्वारा विकसित जटिल रणनीतियों को उजागर करता है। शोधकर्ताओं द्वारा किया गया यह अध्ययन अन्य रेगिस्तानी पौधों में भी इस प्रकार की विशेषता का संकेत देता है। संभव है कि अपना अस्तित्व बचाने के लिए हर पौधे के पास कोई विशिष्ट गुप्त नुस्खा हो। बहरहाल, इस अध्ययन से हमें विश्व भर में पानी की कमी से निपटने के तरीके के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई है जो आगे खोज की संभावना का संकेत देती है। **-स्रोत फीचर्स**

## सभी रोगों की जड़ है आपका मोटापा

चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि मोटापा आने से जीवन में पाबंदियों और परेशानियों के बढ़ जाने से जीवन की खुशियों में कमी आने लगती है और यही नहीं मोटापे से युक्त बेडौल शरीर अनेक बीमारियों को निमंत्रण देता है। यह सच ही है मोटे और थुलथुल शरीर की एक ओर तो लोग हंसी उड़ाते हैं, वहीं दूसरी ओर यह अनेक रोगों की जड़ भी होता है। मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति अन्य कई शारीरिक समस्याओं से घिर जाता है जैसे मोटापे से पीड़ित व्यक्ति के रक्त संचार में बाधा पहुंचती है। इस के साथ ही खतरा बढ़ जाता है हाई ब्लडप्रेशर, हार्ट अटैक जैसी कई अन्य जानलेवा बीमारियों का। खून की नलिकाओं में कैल्शियम व वसा की परत चढ़ जाती है, जिससे वे संकरी हो जाती हैं। इसी वजह से रक्त सामान्य रूप से नलिकाओं में नहीं बह पाता। इस प्रकार मोटे व्यक्ति के रक्त संचार में रुकावट पैदा होती है।

ज्यादा मोटापा होने पर आदमी अगर थोड़ा सा भी काम करे, तो वह हांफने लगता है अर्थात उसकी सांस फूलने लगती है, साथ ही वेरीकोस वेंस (शिराओं के अवरुद्ध होकर फूल जाना) हार्निया, श्वसन तंत्र का संक्रमण जैसी बीमारियां भी मोटे व्यक्ति को आ घेरती हैं। जिसके कारण मोटा व्यक्ति पराश्रित हो जाता है। मोटापा मधुमेह रोग के लिए खुला निमंत्रण होता है। मोटे व्यक्ति मोटापे के बुरे प्रभाव को अच्छी तरह जानते हैं इसीलिए वे भीतर से काफी डरे हुए व हीनभावना का शिकार होते हैं। दवा, गोली, व्यायाम के साथ-साथ मोटापा कम करने के लिए आपरेशन भी एक आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। इसके अन्तर्गत दो प्रकार से मोटापे को दूर किया जाता है। एक में आमाशय का आकार कम कर दिया जाता है और दूसरे में, छोटी आंत की बाईपास सर्जरी करके मोटापे को दूर किया जाता है। मोटापे की वजह कम से कम श्रम करने वाली आधुनिक जीवन शैली है, ऐसा चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं। यह ज्यादातर मध्य आयु वर्ग में शुरू होता है पर यह जरूरी नहीं कि यह मध्य आयु वर्ग में ही हो, यह किसी भी आयु वर्ग में शुरू हो सकता है।

मोटापा एक वंशानुगत रोग होता है। इसलिए जिन के परिवार में कोई भी मोटापे से भूतकाल या वर्तमान में परेशान हो तो उनको इसके लिए सावधानी बरतनी चाहिए। स्टीरोइड्स इंसुलिन और गर्भ निरोधक गोलियां आदि कुछ दवाएं भी मोटापे की वजह बन सकती हैं। कुछ बीमारियों के कारण मोटापा होता है जैसे थायरायड ग्रंथि का कम काम करना (हाइपो थायरायडिज्म), पिट्यूटरी ग्रंथि का कम काम करना, (हाइपो पिट्यूटरिज्म), कशिंग सिंड्रोम (एड्रीनल ग्रंथि का अधिक काम करना), हाइपागोने डिज्म (सेक्स ग्रंथियों का कम काम करना) इत्यादि। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि हर एक ग्राम वसा से नौ कैलोरी ऊर्जा का उत्पादन होता है और उनका कहना है कि हमें हर रोज 800-1600 कैलोरी का ही भोजन ग्रहण करना चाहिए। चिकित्सकों के अनुसार शराब पीने वालों को तो शराब का सेवन बिल्कुल कम कर देना चाहिए, क्योंकि 30 सीसी व्हिस्की में पानी मिला कर पीने से 70 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। किसी भी व्यक्ति को कितनी ऊर्जा (कैलोरी) की आवश्यकता होती है, यह जानना हमारे लिए आवश्यक है। एक व्यस्क पुरुष को 2600 एवं व्यस्क स्त्री को 2100 कैलोरी की आवश्यकता होती है। एक आराम की जिंदगी जीने वाली स्त्री को 2000 और पुरुष को 2400 कैलोरी की जरूरत पड़ती है। मध्यमश्रमी पुरुष को 2600, अधिक परिश्रमी पुरुष को 3500 और कठोर परिश्रम करने वाले पुरुष को 4100 कैलोरी आवश्यक होती है। आप कितने मोटे हैं इसका अनुमान आप अपने वजन को देखकर लगा सकते हैं उदाहरण के लिए यदि आप की ऊंचाई 165 सेंटीमीटर है, तो 45 किलोग्राम आपके लिए कम वजन, 56.70 किलोग्राम सामान्य वजन है और यदि आप का वजन 85 किलोग्राम है, तो आप मोटे हैं और अगर आप का वजन 113 किलोग्राम है, तो आप ज्यादा मोटे हैं। अगर आप मोटे हैं, तो 0.5 से 1 किलोग्राम भार प्रतिमाह कम करने की ठान लें। इसके लिए व्यायाम करना काफी हद तक लाभप्रद होता है, क्योंकि इससे हमारी ऊर्जा की खपत होती है। कड़े परिश्रम के समय 10 किलो कैलोरी खेलकूद और साइकिल चलाते समय सात किलो कैलोरी तथा टहलते समय पांच किलो कैलोरी ऊर्जा प्रति मिनट खर्च होती है। मोटापा एक ऐसी चीज है, जिसके कारण आप दूसरों के द्वारा उपहास का केन्द्र बन सकते हैं। अतः हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहिए। खानपान की अच्छी आदतों का पालन करना चाहिए। तली हुई चीजों से परहेज करना चाहिए, क्योंकि इनसे कोलेस्ट्रोल की मात्रा बढ़ती है। रोज व्यायाम व खेलकूद से भी शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है।



मोटापे को दूर करने के लिए कई प्रकार की दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। आइए इनके बारे में जानें।

**एंफीटामीन**- इस दवा का इस्तेमाल आजकल कम होता जा रहा है, क्योंकि यह दवा दिमाग में ज्यादा उत्तेजना पैदा कर देती है और इससे भूख भी बहुत कम ही घटती है, जबकि चिकित्सक ज्यादा भूख घटाने की आशा करते हैं।

**सीरोटोनीनार्जेक दवाएं**- जैसे डेक्सफेन फ्लोरेमीन, फेन लोरेमीन आदि। इन दवाओं का इस्तेमाल उस स्थिति में किया जाता है, जबकि वजन बहुत तेजी से कम करना हो। जैसे हाई ब्लडप्रेशर या मधुमेह में ये दवाएं भूख घटाने की जगह व्यक्ति की तृप्ति का अहसास देती हैं।

**कोलीसिस्टो कायनीन दवाइंया**- इस प्रकार की दवाएं भूख को शांत करती हैं। इन सबके अलावा आंतों के (लाइपेज एंजाइम) को निष्क्रिय करने वाली दवाओं का इस्तेमाल भी किया जाता है।

# वेस्ट बैंक पर इजरायल का कब्जा मंजूर नहीं: ट्रम्प

## कहा: मैं इसकी इजाजत नहीं दूंगा, नेतन्याहू के अगले हफ्ते अमेरिका आने पर इस मुताल्लिक होगी बातचीत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वेस्ट बैंक (फलस्तीन का हिस्सा) पर इजरायल का कब्जा मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा है कि वे कभी इसकी इजाजत नहीं देंगे। हाल ही में इजरायल के अधिकारियों ने वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों को इजरायल में मिलने की बात कही थी। इस पर ट्रम्प ने ओवल आफिस में कहा, मैं इजरायल को वेस्ट बैंक को मिलाने की परमिशन नहीं दूंगा।

ऐसा नहीं होगा। अब बहुत हो चुका है। इस हफ्ते फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता दी है। इस फैसले का इजरायल ने विरोध किया था। इसके बाद वेस्ट बैंक पर कब्जे को लेकर इजरायली अधिकारियों की बयानबाजी शुरू हो गई थी। नेतन्याहू अगले हफ्ते सोमवार को अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच व्हाइट हाउस में मुलाकात होगी। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में नेतन्याहू का यह चौथा वाशिंगटन दौरा है। वेस्ट बैंक, जार्डन के पश्चिम और येरुशलम के पूरब में स्थित है। 1948 में अरब-इजरायल जंग के बाद जार्डन ने इस पर कब्जा कर लिया था। जार्डन नदी के पश्चिम में होने की वजह से तब इसका नाम वेस्ट बैंक रख दिया गया। 1967 में 6 दिनों तक चले जंग के बाद इजरायल ने इस इलाके को जार्डन से छीन लिया। तब से वेस्ट बैंक पर इजरायल का कब्जा बरकरार है। इस इलाके में 30 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। इसमें ज्यादातर फलस्तीनी हैं। इजरायल ने वेस्ट बैंक पर कब्जे के बाद कई यहूदी बस्तियां भी बसाईं। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक यहां बनाई गई इजरायली बस्तियां अवैध हैं। ट्रम्प लंबे समय से नेतन्याहू के करीबी सहयोग का दावा करते रहे हैं। लेकिन उन पर अब अरब नेताओं का दबाव भी है। संयुक्त अरब अमीरात ने चेतावनी दी है कि किसी भी इजरायली कब्जे को रेड लाइन माना जाएगा।

ट्रम्प ने कहा है कि वो इजरायल को ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाने देंगे, जिससे अरब देशों के नेताओं में नारा. जगी हो। 1967 के युद्ध में इजरायल ने वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पटी पर कब्जा किया था। फलस्तीनियों की मांग है कि ये तीनों क्षेत्र भविष्य में उनके राज्य का हिस्सा होने चाहिए। मानना है कि इजरायल का कब्जा टू स्टेट साल्यूशन (दो राष्ट्र समाधान) या अलग फलस्तीनी देश बनाने की संभावना को खत्म कर देगा। इजरायल की मौजूदा सरकार फलस्तीनी देश के बनने का विरोध करती है और वेस्ट बैंक के ज्यादा से ज्यादा हिस्से को अपने में मिलाना चाहती है।



- इस हफ्ते फ्रांस, ब्रिटेन समेत कई देशों ने फलस्तीन को मान्यता दी है
- इस फैसले का इजरायल ने विरोध किया था
- ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में नेतन्याहू का यह चौथा वाशिंगटन दौरा है



**बिहार। मोतीहारी में हर घर अधिकार रैली में शामिल होतीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रैली में अपार भीड़ से गदगद नजर आईं।**

## UNRWA के लिए धन, राजनीतिक समर्थन का आग्रह

- यूएनआरडब्ल्यूए को बढ़ते दबाव में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को निकट पूर्व में फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के लिए धन और राजनीतिक समर्थन का आग्रह किया।

गुटेरेस ने यूएनआरडब्ल्यूए के समर्थन में आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा कि मैं आज आपसे अपील करता हूं कि आप यूएनआरडब्ल्यूए को आवश्यक धनराशि और राजनीतिक समर्थन प्रदान करें, ताकि फिलिस्तीनियों, इजरायिलों और क्षेत्र के लिए शांति एवं स्थिरता का निर्माण किया जा सके। अपने संबोधन में, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि फलस्तीनी शरणार्थियों की कई पीढ़ियां शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए यूएनआरडब्ल्यूए पर निर्भर रही हैं। अक्टूबर 2023 से पहले, इसने पूरे क्षेत्र में पांच लाख लड़कियों और लड़कों को स्कूली शिक्षा प्रदान की। आज यह 26 लाख लोगों को आपातकालीन भोजन और नकद सहायता प्रदान करता है और इसके प्राथमिक क्लीनिकों में प्रति वर्ष 1-5 करोड़ लोग आते हैं। गुटेरेस ने कहा कि इन सबके बावजूद, यूएनआरडब्ल्यूए को अत्यधिक और बढ़ते दबाव में काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, इसके कर्मचारी गाजा में मारे जा रहे हैं, इसके परिसर नष्ट हो गए हैं, और इसे बजट की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध प्रवास को रोकने के लिए ब्रिटेन में अब डिजिटल आईडी

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि अवैध प्रवास को रोकने के लिए सरकार अब डिजिटल आइडी योजना को क्रियान्वित करने जा रही है। उन्होंने यहां आयोजित ग्लोबल प्रोग्रेस एक्शन सम्मेलन में अपने संबा. धन में कहा कि मुझे पता है कि आप इस देश में अवैध प्रवास के स्तर को लेकर चिंतित हैं। डिजिटल आईडी यहां अवैध रूप से काम करने को और भी कठिन बनाने का एक और उपाय है, जिससे हमारी सीमाएं और भी सुरक्षित हो जाएंगी।

### भारत ने आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता दृष्टिकोण को दोहराया

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली।** भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई में दुनिया के एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया है। भारत ने 'आतंकवाद पीड़ितों के मित्र समूह' की छठी मंत्रिस्तरीय बैठक में सीमा पार आतंकवाद के संकट का उल्लेख किया और आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता वाले दृष्टिकोण को दोहराया है। सचिव 'पश्चिम राजदूत' सिबी जॉर्ज ने इस बैठक में भारत का पक्ष रखा।

### मीरवाइज ने लगातार तीसरी बार नजरबंद होने का किया दावा

**श्रीनगर।** कश्मीर के प्रमुख मौलवी एवं हुर्रियत अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि अधिकारियों ने उन्हें फिर से नजरबंद कर दिया है, जिससे वह श्रीनगर की ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में नमाज अदा नहीं कर सकेंगे। मीरवाइज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह लगातार तीसरा शुक्रवार है जब उन्हें मस्जिद में जाने से रोका गया है। उन्होंने लिखा कि पुलिस ने अभी सूचित किया है कि आज फिर, लगातार तीसरे शुक्रवार को, मुझे घर में नजर. बंद कर दिया गया है और जामा मस्जिद जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी? मीरवाइज ने आरोप लगाया कि प्रतिबंध मनमाने तरीके से और बिना किसी जवाबदेही के लगाए गए हैं।

## यमन में इजरायल का बड़ा हवाई हमला

- चार बच्चे समेत नौ की मौत, कई लोग घायल

**सना।** यमन की राजधानी सना में इजरायल के भयावह हवाई हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। शुक्रवार को इस बात की जानकारी यमन के हूथी विद्रोहियों ने दी। यह हमला गुरुवार को हुआ था, जो इजरायल और ईरान समर्थित हूथियों के बीच गाजा युद्ध को लेकर बढ़ते तनाव का हिस्सा है।

इससे पहले गुरुवार को हूथियों द्वारा दक्षिणी इजरायल के ईलात शहर में ड्रोन हमला किया गया था, जिसमें 22 लोग घायल हुए थे, जिसके जवाब में इजरायल ने ये हमला किया। मामले में हूथी नियंत्रित क्षेत्र की स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मरने वालों में चार बच्चे, दो महिलाएं और तीन बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा 59 बच्चे, 35 महिलाएं और 80 बुजुर्ग घायल हुए हैं। राहत कर्मी मलबे के नीचे फंसे लोगों की तलाश कर रहे हैं, इसलिए मौतों की संख्या बढ़ सकती है। इजरायली सेना ने कहा कि उन्होंने सना में हूथी सैन्य कमांड सेंटर, कैंप और सुरक्षा केंद्रों को निशाना बनाया। वहीं हूथी प्रवक्ता ने दावा किया कि इजरायली हमले ने आवासीय इलाकों और बिजली सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया, लेकिन उनकी सुरक्षा प्रणालियों ने हमला रोकने में मदद की। ऐसे में अब बात अगर सना के निवासी की करें तो उन्होंने इस हमले के बारे में बताया कि एक हमले में एक भवन क्षतिग्रस्त हुआ, जहां हूथी नेता रहते थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि आस-पास के कई घर और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। इसके साथ ही स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट के बाद पूरा इलाका धूल और काले धुएं से भर गया था।

## कंबोडिया से जुड़े अंतर्राज्यीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ चार लोग गिरफ्तार


**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली साइबर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिसके तार कंबोडिया में सक्रिय धोखेबाजों से जुड़े पाए गए हैं। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चार अत्याधुनिक मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह गिरोह नकली ट्रेडिंग ऐप बनाकर लोगों को करोड़ों रुपये का चूना लगा रहा था। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बुलंदशहर निवासी मनीक अग्रवाल (25) ,अब्दुल्ला उर्फ लूसिफर (23), मोहम्मद आमिर उर्फ रॉकी (26) और शनमियां खान के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता टी- सिंह ने बताया कि 10 जून 2025 को उन्हें '101 शून्य वेल्थ सर्किल' नामक एक व्हाट्सऐप समूह में जोड़ा गया।

## शहबाज-मुनीर से मुलाकात से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे ट्रम्प

### पाकिस्तानी पीएम और आर्मी चीफ को 30 मिनट इंतजार कराया

**वाशिंगटन।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने गुरुवार देर रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की। बैठक से पहले ट्रम्प ने शहबाज को करीब 30 मिनट तक इंतजार कराया। इस दौरान ट्रम्प प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे। दरअसल पाक पीएम रात करीब 2 बजे व्हाइट हाउस पहुंचे थे। उस वक्त ट्रम्प कार्यकारी आदेशों पर साइन कर रहे थे और पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान शहबाज व्हाइट हाउस में ही ट्रम्प का इंतजार करते रहे। बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। यह मुलाकात व्हाइट हाउस में बंद कमरे में हुई। इस मीटिंग से मीडिया को दूर रखा गया। व्हाइट हाउस की तरफ से ट्रम्प और शरीफ-मुनीर की बातचीत को लेकर कोई तस्वीर या वीडियो अब तक जारी नहीं की गई है। अमूमन अमेरिकी राष्ट्रपति जब किसी विदेशी नेता से मिलते हैं, तो व्हाइट हाउस आधिकारिक तस्वीरें जारी करता है। ट्रम्प और शहबाज के यह 3 दिन में दूसरी मुलाकात थी। इससे पहले दोनों नेताओं ने 23 सितम्बर को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के दौरान मुलाकात की थी। उस बैठक में कतर, तुर्की, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, मिस्र, यूएई और जार्डन के नेता भी शामिल थे। उस दौरान गाजा जंग रोकने पर बात हुई थी। शहबाज शरीफ की किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ ओवल आफिस में पहली मुलाकात थी। पाकिस्तान के किसी पीएम अमेरिकी राष्ट्रपति से 6 साल बाद मुलाकात हुई है। इससे पहले जुलाई 2019 में इमरान खान और ट्रम्प के बीच बैठक हुई थी। इससे पहले शहबाज शरीफ ने 23 सितम्बर को न्यूयार्क में ट्रम्प से मुलाकात की थी। इस दौरान मुस्लिम देशों के कई नेता मौजूद थे। बैठक से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि व्हाइट हाउस में एक 'महान नेता' आ रहा है। ट्रम्प ने मीडिया से कहा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल आ रहे हैं। वे बहुत अच्छे व्यक्ति हैं और प्रधानमंत्री भी। दोनों ही (शहबाज और मुनीर) बहुत अच्छे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि बैठक में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद थे।



- व्हाइट हाउस ने फोटो-वीडियो तक जारी नहीं किया
- बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक

## छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोपी चैतन्यानंद की अग्रिम जमानत याचिका खारिज


**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। अदालत ने याचिका पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया कि उन्हें अग्रिम जमानत देना उचित नहीं होगा। चैतन्यानंद पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और यौन शोषण के भी गंभीर आरोप लगे हैं। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने जमानत का पुरजोर विरोध करते हुए अदालत को बताया कि आरोपी पिछले एक महीने से फरार है।

## फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को 5 साल की जेल

### 92 लाख का जुर्माना भी लगा, 2007 में लीबियाई तानाशाह से पैसे लेने की साजिश रची थी

**पेरिस।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी को पेरिस की एक अदालत ने गुरुवार को आपराधिक साजिश के आरोप में 5 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन पर 1 लाख यूरो (लगभग 92 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया गया और 5 साल तक कोई सरकारी पद लेने पर रोक लगा दी गई है।

यह मामला 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी जीत के लिए लीबिया के तत्कालीन तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी की अवैध फंडिंग से जुड़ा है। हालांकि, कोर्ट ने सरकोजी को भ्रष्टाचार जैसे अन्य आरोपों से बरी कर दिया। 70 साल के सरकोजी ने फैसले को कानून के खिलाफ बताते हुए ऊपरी कोर्ट में अपील करने का ऐलान किया है। निकोलस सरकोजी 2007 से 2012 तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे थे। उनकी पत्नी कार्ला ब्रूनी एक फेमस सिंगर और मॉडल हैं। निकोलस सरकोजी अपनी पत्नी कार्ला ब्रूनी के साथ सुनवाई के लिए कोर्ट पहुंचे थे। अदालत ने फैसला दिया कि सरकोजी ने अपने करीबी सहयोगियों के साथ मिलकर 2007 के इलेक्शन कैंपेन के लिए लीबिया से पैसे लेने की साजिश रची थी। हालांकि, यह साबित नहीं हो सका कि ये पैसा उनके कैंपेन में इस्तेमाल हुआ, इसलिए उन्हें भ्रष्टाचार जैसे अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया। फिर भी अदालत ने कहा कि यह साजिश गंभीर अपराध है, क्योंकि इससे लोगों का भरोसा टूटता है। सरक. ोजी को एक महीने के अंदर जेल जाना होगा। आधुनिक फ्रांस के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को जेल जाना पड़ेगा। सरकोजी ने सभी आरोपों से इन्कार किया है। उनका कहना है कि यह मामला 'राजनीतिक साजिश' है और गद्दाफी परिवार ने बदला लेने के लिए ये आरोप लगाए हैं। सरक. ोजी ने कहा: अगर उन्हें जेल में सोना पड़ा, तो वे सिर ऊंचा करके सोएंगे।



- 70 साल के सरकोजी ने फैसले को कानून के खिलाफ बताते हुए ऊपरी कोर्ट में अपील करने का ऐलान किया

## भारत का परमाणु क्षमता को बढ़ाने की दिशा में सराहनीय काम: विश्व परमाणु संघ

- चीन, भारत और अन्य एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ

**मास्को।** विश्व परमाणु संघ की महानिदेशक समा बिलबाओ लियोन ने विश्व परमाणु सप्ताह समारोह में कहा है कि भारत अपने स्वदेशी कार्यक्रम के साथ परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में शानदार काम कर रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि चीन, भारत और अन्य एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ है। लियोन ने समारोह में अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से बात करते हुए यह भी कहा कि दुनिया भारत की क्षमता की ओर देख रही है। उल्लेखनीय है कि यह समारोह रूसी परमाणु उद्योग की 80वीं वर्षगांठ को समर्पित है। उन्होंने कहा कि कई देश आपूर्ति श्रृंखला के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने 2047 तक भारत के 100 गीगावाट के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के पास करने के लिए बहुत बड़ा काम है और सभी का ध्यान इसी पर है कि इसे कैसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने नीतिगत विकास पर कहा कि भारत को अपने परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन करने की जरूरत है।

## तुर्की के जवाब में भारत ने साइप्रस का मुद्दा उठाया

### कहा: यूएन के मुताबिक समाधान हो, एर्दोगन ने यूएन में कश्मीर मुद्दे का किया था जिक्र

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को वीकली प्रेस कान्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में साइप्रस के विदेश मंत्री से बात की है। इस दौरान उन्होंने साइप्रस विवाद को यूएन नियमों के मुताबिक हल करने पर बात की। दरअसल तुर्की ने 1974 में साइप्रस के उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया था, तब से वहां विवाद की स्थिति बनी हुई है।

भारत के आज के बयान से तीन दिन पहले तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने यूएन में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। इस पर जायसवाल ने कहा कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है। जायसवाल ने नाटो प्रमुख मार्क रुटे के उस बयान को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था पीएम मोदी ने यूक्रेन वार मुद्दे पर राष्ट्रपति पुतिन से बात की है। जायसवाल ने कहा कि ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई। उन्होंने नाटो से सावधानी से बयान देने को कहा। इसके साथ यह भी कहा कि भारत अपने लोगों के लिए सस्ती बिजली और देश की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाता रहेगा। हाल ही में मार्क रुटे ने कहा था कि अमेरिका ने जो टैरिफ भारत पर लगाए हैं, उसका असर रूस पर भी पड़ रहा है।

उनके मुताबिक, टैरिफ की वजह से भारत ने रूस से उसकी यूक्रेन युद्ध रणनीति को लेकर जवाब मांगा है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात कर रहे हैं। जायसवाल ने बताया कि इस साल जनवरी से अब तक 2,417 भारतीय अमेरिका से वापस आए। ये लोग सही दस्तावेजों के बिना वहां थे। भारत चाहता है कि लोग कानूनी तरीके से विदेश जाएं। अवैध तरीके से विदेश जाने वालों को रोकने के लिए केंद्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। लोगों को जागरूक करने और झूठे नौकरी के आफर से बचने की सलाह दी गई है।



- इस पर जायसवाल ने कहा कश्मीर मुद्दे पर हमारा स्टैंड 10 साल से पूरी तरह क्लियर है

## लश्कर डिप्टी चीफ बोला: हिंदुस्तान व हिंदुओं का सफाया होगा


- पहलगाम हमले के पहले का वीडियो सामने आया, भारत में इस्लामी राज लाने की धमकी दी

**इस्लामाबाद।** लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो भारत से हिंदुओं का सफाया करने की धमकी देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये वीडियो 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले से पहले का है।

कसूरी इस हमले के मास्टरमाइंड में से एक है। वीडियो में वह कहता है कि हमारे काफिले न रुकेंगे, न थमेंगे और तब तक चौन से नहीं बैठेंगे जब तक पूरे हिंदुस्तान पर 'ला इलाहा इलल्लाह' (अल्लाह के अलावा कोई दूसरा नहीं) के परचम लहरा नहीं देते। कसूरी आगे कहता है कि ये वक्त आने वाला है, कोई नाउम्मीदी नहीं। हम जिस मैदान में खड़े हुए हैं, अपने दुश्मन को चारो खाने चित्त किया है। ये हिंदू हमारे सामने क्या है। हिंदुस्तान का हिंदू मिट जाएगा और इस्लाम का राज आने वाला है। कसूरी वीडियो में कहता है कि ये भाषण वो लश्कर के मुरीदके हेडक्वार्टर से दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लश्कर के इस हेडक्वार्टर पर हमला बोला था। बाद में पाकिस्तानी सेना ने झूठा दावा किया था कि यह आतंकवादी अड्डा नहीं, बल्कि एक मस्जिद है। कसूरी ने पाकिस्तान को 'अल्लाह की दी हुई पनाहगार' बताया। उसने कहा: पाकिस्तान सलामती और अमन की सरजमीं है, ये दुनियाभर के मुस्लिमों का हमदर्द और मददगार है। इसके अलावा कसूरी ने दुनिया से पाकिस्तान की कद्र करने और जुड़ने को कहा।


यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108